एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष द्वितीया 10:49 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083

रविवार, 19 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 16, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



ममता को सत्ता से हटाएं वरना हमसे बंगाल छीन लेंगे बांग्लादेशी मुसलमान : हेमंत - 12



तृणमूल के अलावा किसी भी अन्य पार्टी को वोट देना भाजपा को वोट देने के बराबर: अभिषेक - 12



तेल और गैस की खोज को डेटा आधारित करने की दिशा में बढ़ा भारत: पुरी - 12



आखिरी ओवर में डेविड मिलर के तूफान से आरसीबी की उम्मीदों पर फिरा पानी - 14

# होर्मुज में भारतीय जहाजों पर गोलीबारी

## भारत ने ईरानी राजदूत को तलब कर विरोध दर्ज कराया, होर्मुज फिर बंद

- अमेरिका पर सीजफायर डील तोड़ने का आरोप, ट्रंप बोले- ईरान का यूरेनियम हर हाल में लेंगे

नई दिल्ली/काहिरा, एजेंसी



होर्मुज में जारी दोहरी घेराबंदी शनिवार को एक अनिश्चित और खतरनाक स्थिति में पहुंच गई। एक ओर जहां अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी करने के अपने अभियान को और तेज कर दिया है, वहीं दूसरी ओर ईरान ने जलमार्ग खोलने के अपने शुरुआती कदम को वापस लेते हुए वहां से गुजरने की कोशिश कर रहे जहाजों पर गोलीबारी कर दी। इनमें दो भारतीय जहाज भी शामिल हैं। जिन्हें गोलीबारी की घटना के बाद वापस लौटना पड़ा।

नई दिल्ली में तैनात ईरानी राजदूत मोहम्मद फताअली को विदेश मंत्रालय ने शनिवार को तलब किया। इस घटना को लेकर राजदूत के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। इस महत्वपूर्ण सामरिक जलमार्ग को लेकर बनी असमंजस की स्थिति ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे ऊर्जा संकट के और गहराने और दोनों देशों को फिर से संघर्ष की ओर धकेलने का खतरा पैदा कर दिया है, जबकि मध्यस्थ इस बात पर विश्वास जता रहे थे कि एक नया समझौता हो सकता है। ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने शनिवार को कहा कि होर्मुज पर नियंत्रण पहले जैसी स्थिति में लौट आया है। सशस्त्र बलों के सख्त प्रबंधन और नियंत्रण में। इसने चेतावनी दी कि जब तक ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी प्रभावी रहेगी, तब तक वह जलडमरूमध्य में आवागमन को अवरुद्ध करना जारी रखेगा।

### अमेरिका के नए प्रस्तावों की समीक्षा की जा रही : ईरान

**दुबई।** ईरान ने शनिवार को कहा कि वह अमेरिका की ओर से पेश किए गए नए प्रस्तावों की समीक्षा कर रहा है। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने मध्यस्थ के रूप में कार्य करते हुए हाल में तेहरान की अपनी यात्रा के दौरान ईरान को ये प्रस्ताव प्रस्तुत किए थे, जिनकी समीक्षा की जा रही है।

### इराक से 20 लाख बैरल तेल लेकर निकला था जहाज

ईरान द्वारा जलमार्ग खोलने की घोषणा के बाद कई जहाजों ने होर्मुज को पार करने का प्रयास किया। रिवोल्यूशनरी गार्ड की गोलीबारी की खबरों के बाद होर्मुज में दो भारतीय जहाजों को अपना रास्ता बदलना पड़ा। इनमें भारतीय ध्वज वाला एक सुपर टैंकर भी शामिल है जो इराक से 20 लाख बैरल तेल लेकर जा रहा है।

### नौसेना शत्रुओं को करारी हार देने को तैयार : मोजतबा

**काहिरा।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने कहा है कि ईरान की बहादुर नौसेना अपने दुश्मनों को करारी हार देने के लिए तैयार है। ईरानी सेना की स्थापना की वर्षगांठ के मौके पर एक संदेश में, उन्होंने युद्ध के दौरान दुश्मनों को निशाना बनाकर किए गए ईरान के ड्रोन हमलों की सराहना की।

# विपक्ष ने आरक्षण विधेयक को रोककर महिलाओं के सपनों को कुचला : मोदी

- प्रधानमंत्री बोले- महिलाएं इस पाप के लिए कभी माफ नहीं करेंगी, कहा- मैं देश की सभी महिलाओं से क्षमा मांगता हूं

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विपक्षी दलों ने सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद संसद में महिला आरक्षण (संशोधन) विधेयक को पारित न होने देकर महिलाओं के सपनों को निर्दयतापूर्वक कुचल दिया है। मोदी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित न होने के एक दिन बाद राष्ट्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे दलों की स्वार्थ भरी राजनीति की कीमत देश की महिलाओं को चुकानी पड़ी है और इन दलों ने विधायी निकायों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रयासों को विफल कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं देश की सभी महिलाओं से क्षमा मांगता हूं। उन्होंने कहा, आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि भारत की महिलाओं की प्रगति किस प्रकार रुक गई है। देश की महिलाओं के सपनों को निर्दयतापूर्वक कुचल दिया गया है, और हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद हम सफल नहीं हो सके। कहा कि महिलाओं ने देखा है कि कांग्रेस, टीएमसी व द्रमुक जैसी पार्टियां महिला सशक्तीकरण के खिलाफ अपनी स्वार्थ भरी राजनीति का जश्न कैसे मनाती हैं। महिलाओं के लिए आरक्षण का विरोध करके विपक्ष ने पाप किया है और उसे इसके लिए निश्चित रूप से दंड मिलेगा। विपक्षी दलों ने विधेयक को विफल कर हमारे संविधान का अपमान किया है

### एक महिला सबकुछ भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान नहीं भूलती

मोदी ने कांग्रेस पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप भी लगाया और कहा कि कांग्रेस उत्तर-दक्षिण विभाजन के बारे में झूठी बातें फैला रही है। उन्होंने कहा, एक महिला सबकुछ भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान नहीं भूलती। कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा किया गया यह अपमान हर महिला के दिल में हमेशा रहेगा। मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन समय की आवश्यकता थी और उत्तर, दक्षिण, पूर्व तथा पश्चिम में संतुलित सशक्तीकरण सुनिश्चित करने का एक ईमानदार प्रयास था।

# मुरादाबाद मंडल में आंधी बनी काल, दंपती समेत 3 की गई जान

- मूंढापांडे क्षेत्र के दलपतपुर गांव में टिनशेड गिरने से दंपती की मौत
- संभल में दीवार में दबकर बच्ची की मौत, माता-पिता समेत चार घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



आंधी में गिरा टिनशेड और पड़ा मलबा। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शुक्रवार देर रात में आई आंधी से मूंढापांडे क्षेत्र के दलपतपुर गांव छत पर बने टीन शेड के मलबे में दबकर दंपती की मौत हो गई। वहीं, संभल में गिरी दीवार के मलबे में दबकर एक बच्ची की मौत हो गई और माता-पिता समेत चार घायल हो गए।

दलपतपुर गांव निवासी इदरीश (52) और उनकी पत्नी फात्मा (50) गर्मी के चलते घर की छत पर बने टीनशेड के नीचे सो रहे थे। शुक्रवार देर रात करीब दो बजे अचानक तेज आंधी आ गई। आंधी में टीन शेड उड़ने लगा। खतरा भांपते हुए दंपती नीचे उतरने के लिए उठे कि अचानक टीन शेड की चादरें उखड़ गईं और दीवारें भरभराकर गिर पड़ीं। इससे पहले कि दोनों वहां से निकल पाते, गिरती दीवारों और टीन के मलबे में दबकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई। नीचे सो रहे बच्चों ने मलबा गिरने की आवाज और माता-पिता की चीख सुनी तो वे तुरंत छत की ओर दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। परिजन किसी तरह दोनों को मलबे से निकालकर जिला अस्पताल मुरादाबाद और एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

वहीं संभल जनपद के ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के भटपुरा गांव में शीशपाल के पड़ोस में पप्पू का मकान है। आंधी में पप्पू के मकान की दीवार शीशपाल के मकान पर गिर गई, जिससे शीशपाल के घर की छत धराशायी हो गई। छत का मलबा शीशपाल, उसकी पत्नी ममता, 10 वर्षीय बेटी प्रियांशी, ज्योति पत्नी जितेंद्र और मुन्नी देवी पत्नी टैनी के ऊपर जा गिरा। सभी लोग मलबे में दब गए। चीखपुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को निकाला। इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल प्रियांशी ने दम तोड़ दिया।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सुनहरे अतीत की परछाई लाल इमली मिल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

☞ www.amritvichar.com

# नोएडा हिंसा का मुख्य साजिशकर्ता त्रिच्चुरापल्ली स्टेशन से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** नोएडा में श्रमिक आंदोलन में हिंसक घटनाओं का मुख्या साजिशकर्ताओं में शामिल आदित्य आनंद उर्फ रस्टी को तामिलनाडु के त्रिच्चुरापल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। नोएडा पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने शनिवार तड़के कार्रवाई करते हुए दबोचा।

आदित्य आनंद पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। वह हिंसा वाले दिन से ही फरार चल रहा था। एसटीएफ के एएसपी राजकुमार मिश्रा के मुताबिक आदित्य आनंद उर्फ रस्टी मूलतः बिहार के हाजीपुर के मढैया का रहने वाला है। वह वर्तमान में हरियाणा गुरुग्राम के सरस्वती विहार सेक्टर-28 में रहता था। पुलिस के अनुसार श्रमिकों के धरना-प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की जांच शुरू की गई। जिसमें सामने आया कि भड़काऊ गतिविधियों और हिंसा को संगठित करने में आदित्य आनंद की मुख्य भूमिका थी। जांच में उसे पूरे घटना का साजिशकर्ता पाया गया।

# केंद्र ने महंगाई भत्ता 2% बढ़ाया, यूपी व आंध्र में 601 किमी की रेल लाइन मंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने शनिवार को केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता (डीए) व महंगाई राहत (डीआर) 2% बढ़ाने का फैसला किया। इससे केंद्र सरकार के लगभग 50.46 लाख कर्मचारियों और 68.27 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

साथ ही रेल मंत्रालय की 24,815 करोड़ की दो परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं में उत्तर प्रदेश में 403 किलोमीटर लंबी गाजियाबाद-सीतापुर तीसरी और चौथी लाइन और आंध्र प्रदेश में 198 किलोमीटर लंबी राजामुंदरी-विशाखापत्तनम तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं। बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महंगाई भत्ते और महंगाई राहत, दोनों में वृद्धि के कारण सरकारी खजाने पर कुल 6,791.24 करोड़ रुपये सालाना का बोझ पड़ेगा। मूल वेतन या पेंशन की मौजूदा 58 प्रतिशत की दर पर दो प्रतिशत की यह वृद्धि, महंगाई की भरपाई के लिए है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को डीए और पेंशनभोगियों को डीआर की यह अतिरिक्त किस्त एक जनवरी, 2026 से दी जाएगी। यह वृद्धि स्वीकृत फॉर्मूले के अनुसार है, जो सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है। वहीं, उप्र, आंध्र प्रदेश राज्यों के 15 जिलों से गुजरने वाली रेल की दो परियोजनाएं मौजूदा नेटवर्क को 601 किलोमीटर तक बढ़ाएंगी।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लिए कई अहम फैसले



- 50.46 लाख कर्मचारियों और 68.27 लाख पेंशनभोगियों को होगा लाभ




1875
SINCE
हर डिज़ाइन
में छुपी है
एक कहानी
“शुद्धता का परिचय
हमारी पहचान,
आपका भरोसा !”
Fresh designs,
fine craftsmanship
all at honesh
making charges
ALL TYPES OF SILVER ORNAMENTS AVAILABLE
ALL DEBIT AND CREDIT CARD ACCEPTED
We Deals In Hallmark Jewellery
बृजलाल किशनलाल ज्वैलर्स एण्ड मैन्युफ़ैक्चर्स
मण्डी चौक, मुरादाबाद | मो. 9412248026

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूलों में चलेगा टीडी डीपीटी अभियान

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिले में डिप्थीरिया ( गलघोंटू ) संक्रमण की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूल आधारित टीडी-डीपीटी टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 20, 21, 23, 24, 27, 28 और 30 अप्रैल को संचालित होगा। अभियान का आरंभ सोमवार सुबह नौ बजे डीएम अनुज सिंह करेंगे। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत सभी स्कूलों और मदरसों में अध्ययनरत बच्चों को आयु वर्ग के अनुसार टीके लगाए जाएंगे। पांच-छह वर्ष के बच्चों को डीपीटी बूस्टर, 10 वर्ष के बच्चों को टीडी-10 और 16 वर्ष के बच्चों को टीडी-16 का टीकाकरण किया जाएगा। जिले में इस अभियान के लिए 2050 स्कूलों को चिन्हित किया गया है।

### संपूर्ण समाधान दिवस में आई 40 शिकायतें

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिले की सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं व शिकायत सुनकर उसका निस्तारण करने का निर्देश दिया। सदर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनी गईं। सदर तहसील में 40 शिकायतें आईं। सुनवाई मुख्य विकास अधिकारी के साथ उप जिलाधिकारी सदर डॉ. राममोहन मीना ने की। दोनों अधिकारियों ने 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित कर प्राथमिकता पर गुणवत्ता के साथ पारदर्शिता के साथ निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस दौरान विभागों के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### होटल में छापेमारी कब्जे में लिए लैपटॉप

मुरादाबाद, अमृत विचार : वाणिज्य कर विभाग की टीम ने दो दिन पहले दिल्ली रोड होटल ड्राईव -इन 24 में छापेमारी कार्रवाई की। वणिज्य कर विभाग की टीम ने रातभर होटल में आने जाने वाला डाटा और चेकआउट करने वाली बिलिंग के डाटा की ड्राइव कब्जे में ले ली है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार होटल के आमदनी का आंकलन लिए गए डाटा से मिलान करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार होटल के कमरों के रेट, कैंटीन के खाने के बिल वाउचर तक की जांच की जा रही है। जांच पूरी होनो पर होटल पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### अक्षय तृतीया के दिन ही हुआ था सतयुग का समापन और त्रेतायुग का आरंभ, पूजा- अर्चना और दान- पुण्य का बहुत महत्व

# कालचक्र के परिवर्तन का साक्षी है अक्षय तृतीया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पंडित केदार मुरारी।

अमृत विचार : पौराणिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया की तिथि कालचक्र के परिवर्तन की साक्षी है। अक्षय तृतीया पर पूजा अर्चना और दान पुण्य का बहुत महत्व है।

मान्यता है कि इस दिन किसी भूखे को भोजन कराना साक्षात नारायण की सेवा के समान है। इस दिन दान का महत्व भौतिक सुखों से कहीं अधिक है। शास्त्रों में वर्णित है कि इस दिन किया गया दान जातक के संचित पापों का क्षय करता है। अक्षय तृतीयायां दानं, पुण्यं च न क्षीयते। अर्थात् अक्षय तृतीया के दिन किया गया दान और अर्जित किया गया पुण्य कभी समाप्त नहीं होता। ग्रीष्म ऋतु का प्रारंभ होने के कारण इस दिन सत्तू, गुड़ और शीतल जल के दान का विशेष महत्व है।

अक्षय तृतीया पर दान केवल वस्तु का त्याग नहीं है, बल्कि अहंकार का विसर्जन है। यह आत्मा को निर्मल करता है और कर्मों की श्रृंखला में ऐसे बीज बोता है, जिनका फल जन्म-जन्मांतर तक अक्षय रहता है।

ज्योतिषाचार्य पंडित केदार मुरारी ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार, वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि का आरंभ 19 अप्रैल को प्रातः 10 बजकर 49 मिनट पर होगा और समापन 20 अप्रैल को प्रातः 7 बजकर 27 मिनट पर होगा। इस दिन स्वर्ण क्रय का शुभ समय 19 अप्रैल प्रातः 10:49 से 20 अप्रैल प्रातः 07:14 तक विशेष मंगलकारी माना गया है।

पौराणिक कथाओं और इतिहास के अनुसार इस दिन कई महत्वपूर्ण घटनाएं हुई हैं।

**युगादि तिथि:** हिंदू समय गणना के अनुसार, अक्षय तृतीया के दिन ही सतयुग का समापन हुआ था और त्रेतायुग का आरंभ हुआ था।

**परशुराम जयंती:** भगवान विष्णु के छठे अवतार, शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता भगवान परशुराम का प्राकट्य

**गंगा अवतरण:** भगीरथ की घोर तपस्या से प्रसन्न होकर मां गंगा इसी दिन स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई

**अक्षय पात्र की प्राप्ति:** महाभारत काल में पांडवों के वनवास के दौरान, सूर्यदेव ने उन्हें अक्षय पात्र प्रदान किया जिससे उन्हें अन्न की कमी नहीं हुई।

**सुदामा-कृष्ण का मिलन:** द्वारकाधीश श्रीकृष्ण ने परम मित्र सुदामा की दरिद्रता का नाश किया।

**अबूझ मुहूर्त:** विशेषता यह है कि इसे अबूझ मुहूर्त कहा जाता है। अर्थात इस दिन किसी भी शुभ कार्य के लिए विशेष मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती। विवाह, गृह प्रवेश, भूमि पूजन, नया व्यापार आरंभ, वाहन क्रय, आभूषण खरीदना जैसे सभी कार्य इस दिन स्वत : सिद्ध माने जाते हैं। वैदिक ज्योतिष के अनुसार, वर्ष में कुछ ही तिथियां ऐसी होती हैं जो समस्त अशुभ प्रभावों से मुक्त मानी जाती हैं, और अक्षय तृतीया उनमें से एक है।

### जल दान का महत्व

इस दिन मिट्टी के घड़े ( कुंभ ) में जल भरकर दान करने से पितरों की आत्मा को तृप्ति मिलती है।

### दान का सामान

**वस्त्र दान :** निर्धनों को तन ढकने के लिए वस्त्र दें।

**गो दान :** ब्राह्मणों को गोदान आध्यात्मिक उन्नति को श्रेष्ठ

**पादुका दान :** तपती धूप में जूते या चप्पल दान करना पुण्यकारी

### अक्षय तृतीया पर क्या करें

श्री लक्ष्मीनारायण की विधिपूर्वक पूजा, धन के देवता कुबेर की पूजा, गंगा या अन्य पवित्र तीर्थों में स्नान। हवन एवं वेद-स्वाध्याय, स्वर्ण, आभूषण या सिक्कों का क्रय। विवाह, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य। ब्राह्मणों एवं जरूरतमंदों को दान

### अक्षय तृतीया और सहालग का संयोग सराफा बाजार में बढ़ी चमक

अक्षय तृतीया और सहालग के दोहरे संयोग से सराफा बाजार में इस बार खास रौनक है। त्योहार से ठीक पहले सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर तेजी आई है। कारोबारियों को उम्मीद है कि इस बार रविवार को पड़ रही अक्षय तृतीया पर बिक्री में अच्छी बढ़त देखने को मिलेगी। शनिवार को चांदी का भाव करीब 2 .57 लाख रुपये प्रति किलोग्राम और सोना 1 .57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया। लगातार बढ़ती कीमतों के चलते ग्राहकों की खरीदारी की प्राथमिकताओं में भी बदलाव आया है। अब लोग भारी आभूषणों के बजाय हल्के वजन और आकर्षक डिजाइन वाले ज्वेलरी आइटम को अधिक पसंद कर रहे हैं। सराफा कारोबारियों का मानना है कि कीमतों में यह उतार-चढ़ाव मुख्य रूप से वैश्विक भू-राजनैतिक परिस्थितियों के कारण हो रहा है। मार्च की शुरुआत से ही बाजार में अस्थिरता बनी हुई है। युद्ध विराम और अंतरराष्ट्रीय समझौतों से जुड़ी खबरों के बीच कभी गिरावट तो कभी तेजी का रुख देखने को मिल रहा है। गंज सराफा कमेटी के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने बताया कि अक्षय तृतीया और सहालग का एक साथ पड़ना बाजार के लिए शुभ संकेत है। कीमतें भले ही ऊंची हैं, लेकिन ग्राहकों का उत्साह कम नहीं हुआ है। इस बार खासतौर पर हल्के और मॉडर्न डिजाइन के आभूषणों की मांग ज्यादा देखने को मिल रही है। त्योहार के दिन बाजार में अच्छी बिक्री की उम्मीद है और व्यापारी वर्ग तैयारी में जुटा हुआ है।

### ग्राहकों ने बदली खरीदारी की रणनीति

सोने-चांदी के दाम लगातार बढ़ने से ग्राहकों ने अपनी खरीदारी की रणनीति बदली है। अब लोग कम वजन में बेहतर डिजाइन को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे बजट भी संतुलित रहे और फैशन भी बरकरार रहे। सराफा कारोबारी दीपांशु अग्रवाल के अनुसार शादी के लिए जरूरी आभूषणों की खरीदारी में तेजी आई है |हुआ है।

# टाईब्रेकर में कानपुर मंडल बना चैंपियन

### अंडर-20 अंतर मंडलीय प्रदेश स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप, रोमांचक रहा फाइनल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : अंडर-20 अंतर मंडलीय प्रदेश स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप के अंतिम दिन शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में कानपुर मंडल ने आजमगढ़ मंडल को टाईब्रेकर में हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। पूरे मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला।

मैच की शुरुआत से ही कानपुर टीम ने आक्रामक खेल दिखाया और शुरुआती समय में ही एक गोल कर बढ़त बना ली। पहले हाफ तक कानपुर एक-शून्य से आगे रहा। दूसरे हाफ में आजमगढ़ टीम ने योजनाबद्ध तरीके से आक्रमण तेज किया और बराबरी का गोल करने के लिए लगातार प्रयास किए। अंततः मैच के अंतिम क्षणों में आजमगढ़ के फारवर्ड खिलाड़ी ने गोल दागकर स्कोर एक-एक से बराबर कर दिया। निर्धारित समय तक मैच बराबरी पर रहने के बाद निर्णायक ने टाईब्रेकर का सहारा लिया।



मॉडर्न पब्लिक स्कूल में चल रही फुटबॉल प्रतियोगिता की विजेता कानपुर मंडल की टीम। ● अमृत विचार

● आजमगढ़ मंडल को हराकर खिताब जीता

टाईब्रेकर में कानपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी सभी किक गोल में बदलीं, जबकि आजमगढ़ के एक खिलाड़ी की किक को कानपुर के गोलकीपर ने रोक लिया। इसी के साथ कानपुर मंडल ने जीत दर्ज कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। फाइनल में मुख्य अतिथि एमपीएस से डॉ. आमिर आलम रहे। उनका जोनल फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव मुहम्मद नासिर कमाल ने स्मृति चिह्न देकर किया स्वागत किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष जावेद मलिक, जिला फुटबॉल एसोसिएशन अमरोहा के सचिव मोहम्मद नसीम इकबाल, सुशील सिंह, शकील अहमद, राजेंद्र टंडन, उस्मान खान, आमिर मिर्जा, सुरेंद्र पाल सिंह, शुजाउद्दीन खान आदि रहे। प्रतियोगिता में आए सभी अतिथियों का स्वागत महिला विंग की सचिव माधुरी देवी ने किया।

# निजी स्कूलों की मनमानी के विरोध में कांग्रेसी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



एसडीएम को शिकायती पत्र देते जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ शनिवार को शिकायत की गई। मुख्यमंत्री पोर्टल पर एक बुकसेलर के खिलाफ कर चोरी की शिकायत का व्यापार कर विभाग द्वारा दो हफ्तों के बाद भी संज्ञान न लेने पर कांग्रेस नेताओं ने आपत्ति जताई।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर टीम के साथ सदर तहसील पहुंचे। सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम सदर डॉ. राममोहन मीना को शिकायती पत्र दिया। जिलाध्यक्ष ने सरकार की मंशा के खिलाफ निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश न लगाने पर नाराजगी जताई। कहा कि सरकार द्वारा एनसीईआरटी की पुस्तकों से ही प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाई कराने का

● अपर जिलाधिकारी नगर के अलावा एसडीएम सदर को दिया शिकायती पत्र

आदेश जारी किया गया है, लेकिन प्राइवेट स्कूलों की नाफरमानी अब भी जारी है। अभिभावकों को अब भी निजी प्रकाशकों की पुस्तकें ही जबरन खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। बुकसेलर भी सस्ती किताबें मनमाने दामों पर बिना बिल काटे बेच रहे हैं।

वहीं इसी क्रम में उन्होंने अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह से कलेक्ट्रेट में स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर जानकारी दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस प्रवक्ता सुधीर पाठक द्वारा 6 अप्रैल को मुख्यमंत्री पोर्टल पर पीलीकोठी स्थित महाजन बुक डिपो द्वारा कर चोरी की जानकारी दी गई, लेकिन व्यापार कर विभाग 15 दिनों से शिकायत दबाकर बैठा है। अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अमीरुल हसन जाफरी, मो अब्बास, अजय गोपाल रस्तोगी, आज़म खां आदि मौजूद रहे।

### परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियां पूरी

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुरादाबाद ब्राह्मण समाज वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शनिवार को रामगंगा विहार स्थित ग्लोबल इंडिया कार्यालय में बैठक हुई। भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

पदाधिकारियों ने तय किया कि जन्मोत्सव पर पूजा-अर्चना के बाद मिष्ठान वितरण या जाएगा। रविवार को शाम ग्लोबल इंडिया कार्यालय पर ही कार्यक्रम होगा। इस दौरान अध्यक्ष नरेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष विपिन, महामंत्री मनोज भारद्वाज, सचिव मनीष चंद्र शर्मा, शंकर शर्मा, अजय शर्मा, कौस्तुभ शुक्ला, राज नारायण दीक्षित आदि रहे।

## न्यूज डायरी

### होमगार्ड भर्ती परीक्षा 25 से 27 तक 75 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

मुरादाबाद, अमृत विचार : होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर जिले में तैयारियां की जा रही हैं। यह परीक्षा 25, 26 और 27 अप्रैल को होगी, जिसमें लगभग 75 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। शनिवार को एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद गंगवार परीक्षा के लिए लखनऊ में आयोजित बैठक में गए थे। उन्होंने बताया कि जिले में इस परीक्षा के लिए करीब 28 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक होगनी। केंद्र पर सुरक्षा के सभी मानकों पहले परखा जाएगा। इसके लिए ट्रैफिक प्लान और रूट डायवर्जन की तैयारियां शुरू कर दी गई। भीड़ वाले मार्गों पर रूट डायवर्जन लागू किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों के आसपास नो-पार्किंग जोन घोषित किए जाएंगे। ट्रैफिक पुलिस की अतिरिक्त तैनाती कर अभ्यर्थियों को समय पर पहुंचाने में सहायता की जाएगी।अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर एडमिट कार्ड और वैध पहचान पत्र ( आधार कार्ड/पैन कार्ड आदि ) साथ लाना अनिवार्य होगा। परीक्षा शुरू होने से कम से कम 1 घंटा पहले केंद्र पर पहुंचना आवश्यक है। मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स एवं अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं को केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी।



### महंतों का किया अभिनंदन

मुरादाबाद, अमृत विचार : शनिवार को संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने लालबाग स्थित सिद्ध पीठ काली माता मंदिर और नौ देवी काली माता मंदिर पहुंचकर वहां चल रहे कायाकल्प व सौंदर्यीकरण कार्यों को देखा। इस दौरान व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने मंदिर परिसर में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए महंतों का सम्मान किया। सिद्ध पीठ काली माता मंदिर के महंत हितेश्वर गिरी और नौ देवी काली माता मंदिर के महंत वशिष्ट गिरी सहित जूना अखाड़ा से जुड़े पदाधिकारी मौजूद रहे। मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य, साफ-सफाई के प्रयासों को सराहनीय बताया। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार अग्रवाल उर्फ जॉनी के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों ने महंतों को माला और चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, टोनी सहगल, मनीष अग्रवाल, प्रियम गुप्ता और सुनील अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### सम्प्रेक्षण गृह में स्मार्ट क्लास का उद्‌घाटन, किशोरों की शिक्षा व पुनर्वास पर जोर

मुरादाबाद, अमृत विचार : जनपद न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सय्यद मऊज बिन आसिम के आदेश पर राजकीय सम्प्रेक्षण गृह ( किशोर ) में निरुद्ध किशोरों के पठन-पाठन के लिए कंप्यूटर स्मार्ट क्लास का उद्‌घाटन किया गया। स्मार्ट क्लास का उद्‌घाटन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तपस्या त्रिपाठी,प्रधान मजिस्ट्रेट मीनाक्षी, किशोर न्याय बोर्ड ) एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी,उपनिदेश राजेश गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरों के शैक्षिक विकास को बढ़ावा देना और उनके पुनर्वास की दिशा में सकारात्मक कदम उठाना बताया गया। इस अवसर पर किशोरों को उनके मौलिक अधिकारों, शिक्षा के महत्व एवं समग्र विकास से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही संस्था में निवासरत किशोरों को वस्त्र एवं बिस्तर के लिए चादरों का वितरण भी किया गया। संस्था के प्रभारी अधीक्षक, जिला विधि के कर्मचारी तथा पराविधिक स्वयंसेवक रहे।



### रेलवे ट्रैक पर सफाई कर लोगों को जागरूक किया

मुरादाबाद, अमृत विचार : उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स गाइड्स मुरादाबाद मंडल ने शनिवार को मोतीचूर स्टेशन से हरिद्वार स्टेशन तक 38 रोवर रेंजर्स लीडर्स द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। इसमें रेल लाइन पर प्लास्टिक और पॉलिथीन को एकत्रित कर उसे निस्तारण के लिए भेजा। आसपास के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर इसमें सक्रियता दिखाने के लिए प्रेरित किया।

### विधिक जागरूकता शिविर, बंदियों को नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध

मुरादाबाद, अमृत विचार : शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सचिव तपस्या त्रिपाठी ने कारागार का निरीक्षण किया । इसके दौरान जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाया जा सके। इस दौरान कारागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में कई बंदियों ने नि :शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने की मांग की, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित बंदियों को नि :शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए गए। शिविर के माध्यम से बंदियों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई और उन्हें न्यायिक प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही बंदियों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देकर उनसे दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जेलर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी तथा पराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# बौद्धिक खेलों की ओर ध्यान दें बच्चे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मुरादाबाद शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में एमआईटी वर्ल्ड स्कूल में आयोजित दो दिवसीय इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। दूसरे दिन शेष तीन राउंड खेले गए, जिसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह हुआ।

प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में अंडर-11 में अलिश्बा आजम, अंडर-13 में अद्वैता गौतम, अंडर-15 में अग्रिमा प्रताप सिंह और अंडर-17 में माहीन मरयम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में अंडर-11 में हर्लिव सिंह खुराना, अंडर-13 में अरमान जमीर, अंडर-15 में देवस गंगवार और अंडर-17 में मयूर अग्रवाल विजेता रहे। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एडीआरएम, रेलवे परितोष गौतम ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों को मोबाइल फोन से दूरी बनाकर शतरंज जैसे बौद्धिक खेलों की ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि शतरंज से रणनीति, धैर्य और संघर्ष की क्षमता विकसित होती है। प्रधानाचार्या डॉ. मंजुला कंबोज ने बधाई दी। एसो के अध्यक्ष चंद्रकांत सरन, सचिव प्रमोद बिष्ट, उपसचिव वीरेंद्र सिंह मनराल आदि मौजूद रहे।



एम आई टी वर्ल्ड स्कूल में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी।

● एमआईटी वर्ल्ड में इंटर स्कूल दो दिवसीय शतरंत प्रतियोगिता

### मंडलीय सम्मेलन की व्यवस्था देखीं

मुरादाबाद, अमृत विचार: पंचायत भवन में रविवार को आयोजित भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग परिवार की ओर से मंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन की व्यवस्थाओं और तैयारियां परखने पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से आये राज्य प्रभारी सुनील शास्त्री पहुंचे। उन्होंने शनिवार शाम पंचायत भवन में कार्यकर्ताओं से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि आयोजन में योगगुरु स्वामी रामदेव लाईव रहकर कार्यकताओं को सम्बोधित करेंगे। पतंजलि योग पीठ से केंद्र प्रभारी राकेश आर्य का उद्बोधन होगा।

इस दौरान दयाशंकर आर्य, विपिन आर्य, अनिल सिक्का, जितेन्द्र आर्य, रमेश सिंह आर्य, धीरज सिंह, उदयभान सिंह, अमित तोमर, प्रदीप कुमार, उमेश आर्य, अर्चना गुप्ता, यशपाल आर्य, विजय सिंह, उदलसिह, जयपाल सिंह, खिलेंद्र सिंह, प्रकाश वीर आर्य, कुलदीप सिंह, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद हसनपुर (अमरोहा)

पत्रांक :-58/न.पा.परि.ह./2026-27 दिनाक :-18.04.2026

**ई-टेण्डरिग निविदा सूचना**

15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद हसनपुर ठेकेदार/फर्मो/ से विकास कार्य हेतु ई-निविदायें दिनाँक 20.04.2026 से दिनाँक 27.04.2026 समय दोपहर 03.00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर आमन्त्रित की जाती है जो दिनाक 27.04.2026 को ही अपरान्ह 04.00 बजे गठित समिति तथा निविदादाताओ की उपस्थिति मे https://etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी।

ई-टेण्डरिग से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जोकि सूचना वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदादाता को निर्देशित किया जाता है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिये न्यून्तम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लाज 4 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | E-bid reference No. | 58/न.पा.परि.ह./2026-27 | | |
| 2 | Tender Release | | 20.04.2026 | |
| 3 | | Tender Download/ Uploaded | 20.04.2026 | प्रातः 10 बजे |
| 4 | Close for Bid | | 27.04.2026 | सायं 03 बजे |
| 5 | Bid Opening | Technical | 27.04.2026 | सायं 04 बजे |
| 6 | Bid Opening Palace | | | नगर पालिका परिषद हसनपुर |

अधिशासी अधिकारी न.पा.परि. हसनपुर। अध्यक्ष न.पा.परि. हसनपुर।



### देश के अग्रणी स्कूलों में शुमार शेरवुड कालेज



अमनदीप संधु
प्रधानाचार्य, शेरवुड कॉलेज

शिक्षा के क्षेत्र में इस विद्यालय का नाम देश के नामचीन विद्यालयों में शामिल है। 151 वर्षों से अधिक समय से यह विद्यालय बच्चों का भविष्य संवारता हुआ आ रहा है। यह विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है जिसमें बच्चों के भोजन व आवास की बेहतरीन सुविधा तो है ही, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों सहित विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास की अन्य समस्त सुविधायें भी विद्यालय में हैं। पठन-पाठन कार्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा किया जाता है। विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिये विद्यालय की ओर से हर संभव प्रयास किया जाता है। अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने वाला यह विद्यालय कक्षा 3 से लेकर कक्षा 12वीं तक संचालित किया जाता है। यह विद्यालय देश के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में शामिल रहा है। देश के प्रथम फील्ड मार्शल भारत को पाकिस्तान से 1971 के युद्ध में विजयश्री दिलाने वाले तत्कालीन सेनाध्यक्ष जनरल मानेक शॉ, सदी के महानायक अमिताभ बच्चन, हाल ही में बिहार के नव नियुक्त राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल ( सेवानिवृत्त ) सय्यद अता हसनैन जैसी हस्तियों की शिक्षा दीक्षा भी इसी संस्थान में हुई है। विद्यालयों की अग्रणी संस्था एजुकेशन वर्ल्ड की ओर से हुए पिछले सर्वेक्षण में शेरवुड कॉलेज को कुमाऊं में ऑल इंडिया के अग्रणी विद्यालयों की सूची में उच्च स्थान प्राप्त हुआ है। यह संभव हो पाया है प्रधानाचार्य श्री अमनदीप संधू के गतिशील नेतृत्व, मार्गदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण जो 23 वर्षों से विद्यालय का कुशल संचालन कर रहे हैं। उनकी सराहनीय सेवा को देखते हुए 2025 में अमर उजाला की ओर से एजुकेशन फॉर भारत कार्यक्रम में एडिटर्स च्वॉइस अवार्ड प्रदान किया गया।

Sherwood College
Nainital
Since 1869




Class III to XII
Cradle of Leadership
AMAR UJALA Education for Bharat Editor's Choice School Excellency Award 2025

Admission Queries +91 9456316655, 9458307729 www.sherwood.edu.in

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

### जीपीएस लगे वाहनों की एआई सिस्टम से की जाएगी रियल टाइम निगरानी

# एआई से ट्रैक होगी राशन वितरण की गाड़ियां, हेरफेर पर लगेगी रोक

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

- कोटेदारों की दुकान पर वितरण प्रणाली में सुधार के लिए टेक्नोलॉजी का होगा प्रयोग
- डिजिटल तौल मशीनों (ई-पाश) के माध्यम से वास्तविक समय का डेटा सीधे सर्वर पर अपलोड होगा

**अमृत विचार :** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को अधिक पारदर्शी, सटीक और जवाबदेह बनाने के लिए अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) सिस्टम लागू किया जा रहा है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग इस तकनीक के जरिए खाद्यान्न की खरीद, भंडारण और वितरण प्रक्रिया में सुधार के साथ ही राशन वितरण की गाड़ियों की ट्रैकिंग कर एआई तकनीक से वाहनों की निगरानी की जाएगी। साथ ही कोटेदारों की दुकानों पर राशन वितरण की रियल टाइम निगरानी की जाएगी।

जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत सरकारी कोटे की दुकानों के माध्यम से राष्ट्रीय खाद्यान्न योजना के अन्तर्गत पात्र गृहस्थी और अन्त्योदय कार्ड धारक 5:5 लाख से अधिक लाभार्थियों को पारदर्शिता के साथ खाद्यान्न गेहूं, चावल, चीनी आदि का वितरण किया जाता है। इस महत्वपूर्ण कार्य की सटीक निगरानी व राशन की चोरी रोकने के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) आधारित प्रणाली का प्रयोग किया जा रहा है। एआई से राशन वितरण की गाड़ियों की ट्रैकिंग के अलावा वितरण की मानीटरिंग भी की जानी है। विभाग में अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। कोटेदारों की दुकान पर वितरण प्रणाली में सुधार के लिए टेक्नोलॉजी के प्रयोग से पारदर्शिता बढ़ेगी। इसमें डिजिटल तौल मशीनों (ई-पाश) के माध्यम से वास्तविक समय (रियल टाइम) का डेटा सीधे सर्वर पर अपलोड होगा।

#### जिले में राशन की दुकानें व उपभोक्ता

मुरादाबाद जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की 1223 राशन की दुकानें हैं। जिनके द्वारा पात्र गृहस्थी और अन्त्योदय कार्ड धारकों सहित कुल साढ़े पांच लाख उपभोक्ताओं को गेहूं, चावल, चीनी आदि का वितरण किया जाता है।



सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को अधिक पारदर्शी, सटीक और जवाबदेह बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) सिस्टम का प्रयोग महत्वपूर्ण है। इसके जरिए खाद्यान्न की खरीद, भंडारण और वितरण प्रक्रिया में सुधार के साथ ही राशन वितरण की गाड़ियों की ट्रैकिंग और जीपीएस लगे वाहनों की निगरानी की जाएगी। कोटेदारों की दुकानों पर राशन वितरण की रियल टाइम निगरानी होगी। इससे अनाज के वजन में हेरफेर की संभावना कम होने के साथ ही अनाज चोरी और लीकेज पर रोक लगेगी।
– **अजय प्रताप सिंह**, जिलापूर्ति अधिकारी

#### ये रहेगा निगरानी का तरीका

- रियल-टाइम मॉनीटरिंग- राशन वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए एआई तकनीक के प्रयोग से डिजिटल तौल मशीनों (ई-पॉश) के माध्यम से वास्तविक समय (रियल टाइम) का डेटा सीधे सर्वर पर अपलोड होगा, जिससे अनाज के वजन में हेरफेर की संभावना कम हो जाएगी।
- अनाज चोरी और लीकेज पर रोक : एआई सिस्टम की मदद से राशन की चोरी और अनियमितताओं को आसानी से पकड़ा जा सकेगा। यदि अनाज का वजन कम होता है, तो इसकी सूचना तुरंत कंट्रोल एंड कमांड सेंटर को मिल जाएगी।
- उन्नत पहचान प्रणाली : फिंगरप्रिंट मैच न होने की स्थिति में, फेस रिकग्निशन और आईरिस (आंखों की पुतली) स्कैन के माध्यम से वास्तविक लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित की जाएगी।
- स्मार्ट आपूर्ति श्रृंखला (अन्न चक्र) : एआई आधारित अन्न चक्र और डिपो दर्पण जैसे नवाचारों का उपयोग करके यह सुनिश्चित होगा कि अनाज सही समय पर सही स्थान तक पहुंचे।
- पारदर्शिता और जवाबदेही : डीएफपीडी और वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्ल्यूएफपी) के सहयोग से एआई-संचालित समाधानों से खाद्यान्न वितरण में दक्षता बढ़ने से जवाबदेही सुनिश्चित उद्देश्य है।

## हरियाणा से चोरी हुई डीसीएम खंजीपुरा से बरामद

**ढकिया, अमृत विचार:** शाहबाद कोतवाली क्षेत्र की ढकिया चौकी के खंजीपुरा गांव निवासी एक युवक हरियाणा में रहकर डीसीएम चलाता था। लोगों ने बताया कि वह एक माह दो दिन पूर्व हरियाणा से डीसीएम चोरी कर लाया और कस्बे में खडी कर दिया।

डीसीएम मालिक ने शाहबाद कोतवाली पुलिस से संपर्क साधा जिसके बाद ढकिया चौकी पुलिस ने शुक्रवार को डीसीएम को बरामद कर हरियाणा से आए मालिक के हवाले कर दिया। चौकी प्रभारी विनेश कुमार का कहना है कि डीसीएम मालिक ने हरियाणा में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। खंजीपुरा निवासी डीसीएम चालक और डीसीएम मालिक में विवाद हो गया था। तो चालक डीसीएम लेकर गांव आ गया था। मालिक और चालक में फैसला करा दिया।

## मां-बेटी से मारपीट व छेड़छाड़, केस दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मझोला क्षेत्र के बुद्धि विहार में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। शनिवार को मझोला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि पीड़िता ने बताया कि उसके पति 17 अप्रैल को किसी काम से घर से बाहर गए थे। आरोप है कि इसी दौरान मोहल्ले के महेश, उसके बेटे और अन्य साथियों ने पुरानी रंजिश में उनके साथ मारपीट की। बताया गया कि पति को मोतियाबिंद की समस्या है, इसके बावजूद आरोपियों ने उनके चेहरे और आंख पर हमला किया। उन्होंने उसी दिन ऑपरेशन कराया था। शाम करीब छह बजे जब वह बेटी के साथ दवा लेने निकलीं, तो रास्ते में महेश, सोनी, वंश और उनके अन्य साथियों ने उन्हें रोककर मारपीट की और बेटी से छेड़छाड़ की।

## अतिथि संकाय को वॉक-इन इंटरव्यू 24 को

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विवि परिसर में संचालित विभिन्न परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए अतिथि संकाय सदस्यों की नियुक्ति लिए वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। विवि के कुल सचिव गिरीश द्विवेदी ने बताया कि सत्र 2025-26 के तहत एमएससी रसायन विज्ञान तीन पद, एमएससी पर्यावरण विज्ञान दो पद, एमएससी कंप्यूटर साइंस चार पद, एमएससी भौतिक विज्ञान तीन पद, एमए भूगोल तीन पद एवं एमकॉम चार पदों के लिए अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इन पदों के लिए 24 अप्रैल को वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित होंगे। साक्षात्कार विवि के प्रशासनिक कार्यालय राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर कांठ रोड में सुबह नौ बजे से लिया जाएगा।

## दुष्कर्म के विरोध पर पति ने प्रेस से जलाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागफनी की एक युवती ने ससुर पर दुष्कर्म के प्रयास और पति सहित ससुराल पक्ष पर गंभीर उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 20 फरवरी 2025 को दिल्ली के लक्ष्मी नगर निवासी युवक से हुई थी। ससुर उस पर गलत नजर रखता और परेशान करता था। 10 अक्टूबर 2025 की रात जब पति छत पर सो रहा था, तभी ससुर कमरे में घुस आया और दुष्कर्म की कोशिश की। दोबारा दिल्ली गई, तो ससुर ने फिर अभद्र हरकतें शुरू कर दीं। विरोध पर पति ने निर्वस्त्र कर प्रेस से जला दिया। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# आंधी से उड़ा टीन शेड फिर गिरी दीवार, मलबे से बच नहीं पाए दंपती

### गर्मी के चलते छत पर बने टीन शेड के नीचे सो रहे थे इदरीश और फात्मा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस और राजस्व टीम ने किया मौका मुआयना
- परिजनों में मचा कोहराम, रो रोकर हुए बेहाल

**अमृत विचार:** शुक्रवार देर रात आई तेज आंधी मूंढापांडे क्षेत्र के दलपतपुर गांव निवासी परिवार के लिए काल बन गई। छत पर बने टीन शेड के मलबे में दबकर दंपती की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। शनिवार को गांव में पुलिस और राजस्व टीम पहुंची।

दलपतपुर गांव निवासी इदरीश(52) और उनकी पत्नी फात्मा(50) भीषण गर्मी के चलते घर की छत पर बने टीन शेड के नीचे सो रहे थे, जबकि उनके आठ बच्चे नीचे कमरों में सो रहे थे। बताया जा रहा है कि रात करीब दो बजे अचानक तेज आंधी चलने लगी। आंधी इतनी तेज थी कि टीन शेड उड़ने लगा। खतरा भांपते हुए दंपती नीचे उतरने के लिए उठे ही थे कि अचानक टीन शेड की चादरें उखड़ गईं और दीवारें भरभराकर गिर पड़ीं। इससे पहले कि दोनों वहां से निकल पाते, गिरती दीवारों और टीन के मलबे में दबकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई। नीचे सो रहे बच्चों ने मलबा गिरने की आवाज और माता-पिता की चीख सुनी तो वे तुरंत छत की ओर दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। परिजन किसी तरह दोनों को मलबे से निकालकर जिला अस्पताल मुरादाबाद और एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार सुबह मौके पर राजस्व विभाग की टीम के नायब तहसीलदार सूरज सिंह और थाना प्रभारी मोहित चौधरी पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को पोस्टमार्टम कराने के लिए समझाया, लेकिन परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से साफ इंकार कर दिया। प्रशासन ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।



दलपतपुर गांव में छत पर बने इसी टीन शेड के गिरने से हुई दंपत्ति की मौत।

राजस्व विभाग की ओर से नायब तहसीलदार और स्थानीय पुलिस टीम मौके पर गई थी। टीम ने परिवार के सदस्यों से बातचीत कर हादसे की पूरी जानकारी ली। प्रशासन की ओर से दैवीय आपदा के अन्तर्गत सहायता के लिए पहल की बात पर परिवार ने इंकार कर दिया।
– **डॉ. राममोहन मीना**, एसडीएम सदर

## गाजियाबाद-सीतापुर रेल परियोजना से मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- तीसरी-चौथी लाइन बनने से बढ़ेगी ट्रेनों की संख्या कनेक्टिविटी होगी मजबूत

**अमृत विचार :** गाजियाबाद-सीतापुर रेल मार्ग पर तीसरी और चौथी लाइन का निर्माण क्षेत्र के यात्रियों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा। मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति, मुरादाबाद के सदस्य डॉ. पवन कुमार जैन ने बताया कि इस परियोजना के पूरा होने से ट्रेनों की संख्या में वृद्धि होगी, जिससे वेटिंग और भीड़भाड़ की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी। यात्रियों को अधिक सुविधाजनक, समयबद्ध और सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिलेगा।



डॉ. पवन कुमार।

उन्होंने कहा कि गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, रोजा और सीतापुर के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होने से दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को लाभ होगा। यात्रा का समय कम होगा और आवागमन अधिक सुगम बनेगा। बताया कि मालगाड़ियों के लिए अलग ट्रैक क्षमता विकसित होने से यात्री ट्रेनों की गति में सुधार होगा और देरी की समस्या भी घटेगी। इससे यात्रियों का समय बचेगा और सफर अधिक आरामदायक होगा। यह परियोजना क्षेत्रीय व्यापार, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति देगी, जिससे समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा।

#### एक जोड़ी ट्रेन चलाई

रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए चंडीगढ़-हावड़ा-चंडीगढ़ के लिए एक जोड़ी और ग्रीष्मकालीन गाड़ी संचालित करने की घोषणा की है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि रेल प्रशासन 04514-04514 आरक्षित स्पेशल गाड़ी 18 अप्रैल से आगे की अन्य कई तिथियों में संचालित कर रहा है। गाड़ी संख्या 04514 चंडीगढ़ से चलकर मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, वाराणसी होते हुए हावड़ा पहुंचेगी। वहीं गाड़ी संख्या 04513 हावड़ा से इसी रुट से वापसी करते हुए चंडीगढ़ जाएगी।

## रानीखेत एक्सप्रेस की चपेट में आने से किसान की मौत

संवाददाता, बिलासपुर

- पुलिस ने शव का कराया पोस्टमार्टम परिजनों में मचा कोहराम

**अमृत विचार:** गांव पिपलिया महतो में 52 वर्षीय किसान की एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान फौजा सिंह पुत्र टहल सिंह के रूप में हुई है।

घटना शनिवार सुबह गांव के अंडरपास के ऊपर रेल पटरियों पर हुई, जब वह रानीखेत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए। लोगों ने बताया कि फौजा सिंह अपने खेत पर जा रहे थे। पटरियां पार करते समय वे वहां से गुजर रही रानीखेत एक्सप्रेस ट्रेन से टकरा गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। रेल पटरियों पर शव पड़ा देखकर वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रेलवे की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पिपलिया महतो गांव के प्रधान पति और ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष हरजीत सिंह ने बताया कि फौजा सिंह सुबह 5-6 बजे घर से निकले थे और संभवतः अपने खेत पर जा रहे थे। उनके पास करीब एक एकड़ जमीन थी। उनके एक पुत्र और दो विवाहित पुत्रियां हैं। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि मृतक फौजा सिंह नशे के आदी थे और अक्सर गांव में घूमते रहते थे। ट्रेन के गार्ड ने पुलिस को बताया कि हॉर्न बजने के बावजूद फौजा सिंह पटरियों से नहीं हटे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आंधी में गिरे खंभों से टकराकर छह लोग घायल

संवाददाता, पाकबड़ा

- लाइन खराब होने से बाल-बाल बचे लोग, घायलों का अस्पताल में चल रहा उपचार

**अमृत विचार :** शुक्रवार रात आई आंधी बारिश के दौरान नया मुरादाबाद में महाकालेश्वर धाम मंदिर के सामने से गुजर रही 11,000 की बिजली की लाइन कई खंभों समेत सड़क पर गिर गई। चपेट में एक बाइक और स्कूटी सवार छह लोग घायल हो गए। गनीमत थी कि उस दौरान आपूर्ति बंद कर दी गई थी जिससे बड़ा हादसा बच गया।

नया मुरादाबाद स्थित महाकालेश्वर धाम मंदिर के सामने तेज हवा से गिरे खंभों और 11,000 की लाइन के खंभों और तार गिरने से कस्बे के बड़ा मंदिर के निवासी बाइक सवार अमन, सनी और शिवम खभों से टकरा गए। जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। मौके पर पहुंचे लोगों ने राहगीरों को रोका। उसके कुछ देर बाद ही स्कूटी पर सवार कस्बे के दिल्ली रोड के निवासी जैद अपने दो दोस्तों के साथ उधर से गुजरते समय खभों से टकरा गए। जिससे तीनों घायल हो गए आनन-फानन में राहगीरों एवं पुलिस की मदद से तीनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत नाजुक है। रात में बैरिकेडिंग कर रास्ते को बंद किया गया। बिजली विभाग के कर्मचारी भी रात में ही पहुंच गए। शनिवार सुबह बिजली विभाग के कर्मचारियों ने खभों को वहां से हटाकर लगाया, जिससे आवागमन सुचारू हो गया।



घायल जैद।

#### नया मुरादाबाद में खंभों की हालत खराब

नया मुरादाबाद में बिजली के खंभे लगे हुए कई साल बीत चुके हैं। खंभे जर्जर हालत में हैं। नीचे से खंभे गलकर खराब हो गए हैं। तेज हवा चलने पर तार टूटकर गिर जाते हैं।

#### तेज आंधी-बारिश से चरमराई बिजली व्यवस्था

जिले में शुक्रवार रात आई तेज आंधी और बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। खराब मौसम का सबसे अधिक असर बिजली व्यवस्था पर पड़ा, बिजली विभाग के उपकरणों को भारी नुकसान पहुंचा है। आधे शहर के मोहल्लों के अलावा देहात क्षेत्र में कांठ, बिलारी, कुंदरकी और मूंढापांडे सहित कई इलाकों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई, जिससे लोगों को अगले दिन तक परेशानी का समाना करना पड़ा। तेज हवा के चलते जगह-जगह पेड़ और खंभे गिर गए, वहीं कई स्थानों पर 11 केवी और 33 केवी विद्युत लाइनों के तार टूट गए। कई गांवों में पूरी रात बिजली नहीं आने से पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित रही, जिससे लोगों को अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक नुकसान कांठ में 15 पोल, बिलारी में 20, कुंदरकी में 25 पोल और मूंढापांडे 30 से अधिक रात आंधी में क्षतिग्रस्त हुए है। जहां कई फीडरों पर आपूर्ति शनिवार की शाम तक बाधित रही। टीमें रात से ही मरम्मत कार्य में जुटी हुई हैं। खुशहालपुर नया मूरादाबाद और आशियाना कॉलोनी में 33 केवी लाइन में फाल्ट से रात भर आपूर्ति प्रभावित रही। शनिवार दोपहर दो बजे आपूर्ति सुचारू हुई।

#### सैंकड़ों पोल टूटे, 50 से अधिक स्थानों पर तार क्षतिग्रस्त

मुख्य अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि जिले में सैंकड़ों पोल टूटे हुए हैं। 50 से अधिक स्थानों पर तार क्षतिग्रस्त हुए हैं, उपकरणों को बदलने का काम तेजी से किया जा रहा है। प्राथमिकता के आधार पर मुख्य लाइनों को दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल की जाएगी। दोपहर तक 90 प्रतिशत कार्य हो चुका है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 0615509 का प्रमाण पत्र-सह- अंक पत्र खो गया है। अभिनंदन कुमार पुत्र सुखवीर केयर आफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथी को चंदू कुंदरकी मुरादाबाद।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# बिजली के पोल से टकराई पराली लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली, आग लगी

टांडा संवाददाता

**अमृत विचार:** टांडा क्षेत्र के गांव सद्दावाला में बिजली घर और पेट्रोल पंप के पास पराली से भरी ट्रॉली में आग लगने से हड़कंप गया। करीब दो घंटो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। चालक ट्रॉली छोड़ ट्रेक्टर लेकर फरार हो गया।

शुक्रवार रात्रि करीब 11 बजे रामपुर रॉड पर गांव सद्दावाला के पास अनियंत्रित होकर ट्रेक्टर ट्रॉली बिजली के पोल से जा टकराई। पोल टूटते ही हाईटेंशन तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ और निकली चिंगारियों ने पराली को पल भर में अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयावह थी कि आसपास के लोग दहशत में आ गए। घटनास्थल से चंद कदम की दूरी पर ही बिजली घर और पेट्रोल पंप था। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर रामपुर, टांडा मार्ग पर यातायात रोक दिया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। आग इतनी भयानक थी कि बुझाते-बुझाते दमकल की कई गाड़ियों का पानी खत्म हो गया, लेकिन पराली की आग शांत नहीं हुई। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत और पूरी पराली जल जाने के बाद ही आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक पूरी पराली और ट्रॉली जलकर राख हो चुकी थी। बताया जा रहा है पराली भरी ट्रैक्टर ट्रॉली बिलासपुर और केमरी से भरकर मुरादाबाद जिले के गांव डूंगरपुर स्थित राणा फैक्ट्री जा रही हैं। इससे पहले जनवरी माह में भी मुरादाबाद रोड पर गांव बादली के नजदीक एक पराली भरे ट्रैक्टर ट्रॉली में आग लगी थी।



बिजली पोल से टकराने के बाद पराली से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगी आग।

#### चलती कार में लगी भीषण आग, परिवार ने कूदकर बचाई जान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन गेट नंबर तीन के सामने उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक चलती कार में आग लग गई। गनीमत रही कि कार सवार परिवार ने समय रहते बाहर कूदकर जान बचा ली। लपटों पर अग्निशमन विभाग टीम ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। शनिवार सुबह 11:00 बजे रिजर्व पुलिस लाइन जनपद अमरोहा में तैनात हेड कांस्टेबल दीनदयाल राणा निवासी सितारगंज, खटीमा उत्तराखंड परिवार के साथ कार से अमरोहा से घर खटीमा की ओर जा रहा था। कार जैसी रेलवे स्टेशन के गेट नंबर तीन के सामने पहुंची, तभी अचानक कार के इंजन से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग भड़क गई। स्थिति को भांपते हुए चालक ने तुरंत वाहन को सड़क किनारे रोका और परिवार के सभी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कुछ ही क्षणों में आग ने कार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस व दमकल विभाग की टीम ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रथम दृष्टया तकनीकी खराबी माना जा रहा है। घटना के दौरान सड़क पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने शीघ्र ही सुचारू करा दिया। पुलिसकर्मियों ने जली कार हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी।



कार में लगी आग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने एक घंटे में काबू पा लिया था। कोई जनहानि नहीं हुई है।
– **ज्ञानप्रकाश शर्मा**, अग्निशमन अधिकारी

न्यूज ब्रीफ

### कल पालिका में होगा नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद में 20 अप्रैल को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। नगरीय निकाय निदेशालय लखनऊ द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ऐसी सभी महिला सफाई कर्मचारी बेहतर कार्य किया, सभी को सम्मानित कर सफाई के प्रति प्रेरित किया जाएगा।

### प्रशिक्षण शिविर में 237 होमगार्ड हुए प्रशिक्षित

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** नागरिक सुरक्षा विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर चेतन चौहान मंडलीय होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र सैदपुर में समापन हो गया।सहायक उप नियंत्रक सतीश कुमार ने बताया कि शिविर में 237 होमगार्डों को नागरिक सुरक्षा का शॉर्ट टर्म प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रतिभागियों को हवाई हमले से बचाव, सुरक्षित शेल्टर की व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा और भूकंप जैसी आपदाओं से निपटने के उपायों की जानकारी दी गई। इस मौके पर डॉ. शफीक, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### दो युवक तमंचा समेत गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर पुलिस ने शनिवार को दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से दो तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। कटघर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि अनवार हाउस रोड स्थित खंडहर के गेट के सामने कैफ निवासी रहमत नगर, थाना कटघर और फैसल निवासी पीर का बाजार, थाना मझोला को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 315 बोर का दो तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस संबंध में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है जहां से उन्हें जिला कारागार भेज दिया।

### नाबालिग किशोरी को ले जाने में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग 15 वर्षीय किशोरी को 16 अप्रैल की रात को 8 बजे एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। जब उसके बारे में जानकारी की तो पता चला कि उज्जैन उर्फ उबेद पुत्र रशीद निवासी अकबरपुर चैदरी उसे बहला फुसलाकर ले गया है। किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# फ्लैग मार्च कर पुलिस ने लिया कानून व्यवस्था का जायजा, शांति बनाए रखने की अपील

## नारायणपुर छंगा प्रकरणः पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों का गांव में डेरा, प्रतिमा के पास सख्त पहरा

- नारायणपुर छंगा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने का मामला

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर छंगा में शनिवार को क्षेत्र की शांति व्यवस्था को लेकर डिप्टी एसपी आशीष प्रताप सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस ने पैदल गश्त कर कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के निर्देश दिए गए।

प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार सतर्क निगरानी की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। अधिकारियों ने यह भी चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने या असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


गांव में फ्लैग मार्च करती पुलिस। ● अमृत विचार


चार ठाकुरद्वारा एसडीम प्रीति सिंह को कांग्रेस कार्यकर्ता ज्ञापन देते। ● अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन, न्यायिक जांच की उठाई मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर छंगा में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने के बाद हुए विवाद को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी मुरादाबाद ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिला महामंत्री संजीव सिंघल के नेतृत्व में मंडल आयुक्त के नाम यह ज्ञापन उप जिलाधिकारी ठाकुरद्वारा को दिया गया। ज्ञापन में कांग्रेस पदाधिकारियों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और किसी भी निर्दोष व्यक्ति के उत्पीड़न से बचने की अपील की गई है। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से गांव में शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके अलावा घटना में घायल लोगों का इलाज सरकारी खर्च पर कराने और क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत कराने की भी मांग रखी गई। ज्ञापन में कहा गया कि गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से घटना की सच्चाई सामने आ सकती है, इसलिए उसकी गहन जांच कराई जाए। इस दौरान इक़बाल, सादिक सिद्दीकी, मुकेश कुमार, अनुज चौधरी, अबार सैफी, राजपाल, राकेश चंद, कन्हैया लाल, शाकिर हुसैन, लियाकत, शरद, रियाज, मल्लू, फिरासत, हाजी मुस्तकीम, जफर, मिंटू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेथोडिस्ट चर्च में करियर काउंसलिंग, बच्चों को दी दिशा

संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पीली कोठी स्थित फिलिप्स मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च में शनिवार को कक्षा नवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन पादरी बृजेश मैनसेल के नेतृत्व में हुआ, जिसमें विभिन्न चर्चों के बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सही दिशा में मार्गदर्शन देना था, ताकि वे अपने भविष्य के लिए उचित विषयों का चयन कर उपलब्ध संभावनाओं को समझ सकें। संचालन कुमारी शेरन संजय और ईवा बैनर द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में विल्सोनिया स्कॉलर होम की प्रधानाचार्य श्वेतांगना संतराम, पार्कर कॉलेज के प्रधानाचार्य मेजर एसके नैथन व कमांडेंट अमित कुमार (आईपीएस) ने सरल और प्रेरणादायक शब्दों में संबोधित किया। इस दौरान गाजियाबाद से आए डॉ. नितिन पैट्रिक व पारुल पैट्रिक का सहयोग रहा। अंत में पादरी अनिल सी. लाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पादरी डेविड जेम्स, पादरी हेमंत प्रसाद, अभिषेक विल्सन, प्रभा कुमारी, रूबी मैसी और शुभम आदि मौजूद रहे।


करियर काउंसलिंग शिविर के दौरान विद्यार्थी, शिक्षक और पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# ब्राह्मण समाज ने निकाली प्रभात फेरी, शोभायात्रा आज

**कांठ, अमृत विचार:** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में तीसरे दिन प्रभातफेरी निकालकर भगवान परशुराम की महिमा का गुणगान किया। वहीं रविवार को हर्षोल्लास से भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में शनिवार की सुबह पांच बजे नगर व क्षेत्र से भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए ज्योत प्रज्वलित की गई। साथ ही भगवान के चित्र पर तिलक लगाकर पूजा-अर्चना की। प्रभातफेरी निकालते ब्राह्मण समाज के लोग भगवान परशुराम का गुणगान करते हुए चल रहे थे। प्रभात फेरी का संजय शर्मा विशाल शर्मा के परिवार, रामनरेश चौहान भूपेंद्र सिंह उर्फ टिल्लू, शेखर वर्मा आदि ने स्वागत किया। आयोजक अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष भावेश शर्मा और प्रभातफेरी संयोजिका अनुजा शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। रविवार को नगर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जायेगा।

### परशुराम जयंती पर कार्यक्रम आज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार को नगर के बाजार स्थित खाकेश्वर मंदिर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सुबह 9 बजे हवन-पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा। वहीं शाम 5 बजे भजन-कीर्तन का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होंगे।आयोजक पंडित अनुज शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# मारपीट की घटनाओं में तीन गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार:** थाना कांठ पुलिस ने अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में तीन लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर उन्हें एसडीएम के न्यायालय में पेश किया है। थाना के ग्राम सलेमपुर निवासी पवन कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह, मोहित कुमार पुत्र महावीर सिंह का गांव के ही राजीव चौहान और उसकी मां से विवाद हो गया था जिसमें उन्होंने दोनों मां बेटे को मारपीट कर घायल कर दिया था। थाना पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया था और इन दोनों आरोपियों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर एसडीएम के न्यायालय में पेश किया है। इसके अलावा थाना पुलिस ने अरशद पुत्र मोहम्मद इरफान निवासी मोहल्ला ईदगाह नई बस्ती को भी मारपीट के मामले में शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर एसडीएम के न्यायालय में पेश किया है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं समस्याएं

**कांठ, अमृत विचार:** तहसील कांठ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 61 फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। अन्य शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर इसकी निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उसका निस्तारण करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ग्राम समाज की भूमि और सार्वजनिक चकरोड से संबंधित जो भी शिकायते हैं, उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि संपूर्ण समाधान दिवस में जो भी शिकायत आए उनका निष्पक्ष रूप से निस्तारण हो। सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे और अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्याओं को सुनकर उन समस्याओं का निस्तारण करें। संपूर्ण समाधान दिवस में जो अधिकारी नहीं आए हैं उनके खिलाफ कार्यवाही होगी।

कई विभागों के अधिकारी संपूर्ण समाधान दिवस में नहीं पहुंचे। उनके लिए नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण तलब कर एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, एसडीएम संत दास पवार, पुलिस क्षेत्राधिकारी शुभम पटेल, तहसीलदार राजकुमार सिंह, नायब तहसीलदार योगेश चंद शर्मा, अजय मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजीव सिंह, सीडीपीओ निगार अंजुम, पूर्ति निरीक्षक हिरदेश कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


लोगों की शिकायतें सुनते एसडीएम व मौजूद अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

### ठाकुरद्वारा में 32 शिकायतें दर्ज, मौके पर एक का निस्तारण

**ठाकुरद्वारा,अमृत विचार :** शनिवार को तहसील परिसर सभागार में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र के 32 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराई जिसमें मात्र एक शिकायत का निस्तारण किया जा सका। शनिवार को क्षेत्र के बहुत सुंदर नगर भूत खेड़ा निवासी पूरन सिंह पुत्र शिवचरण ने दिए शिकायती पत्र में कहा कि गांव के निकट ग्राम समाज की खलिया नामक नाली को बंद गांव के कुछ किसानों ने उसे पाठ कर अपने खेत में मिला लिया है जिससे पानी की निकासी बाधित होने से आसपास के किसानों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। समाधान दिवस में एसडीएम प्रीति सिंह तहसीलदार धीरेश कुमार नयाब तहसीलदार आदित्य मौर्य आदि मौजूद रहे।

## सिटी डायरी



### महादेव मंदिर पर 1.04 करोड़ की परियोजना का किया शिलान्यास

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ब्लॉक के ग्राम ईंधनपुर नगला के प्राचीन महादेव मंदिर में यूपी पर्यटन विभाग की 1.04 करोड़ की विकास योजना धरातल पर उतरने लगी है। शनिवार को विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन व शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक रामवीर सिंह ने बताया कि उनके प्रस्ताव पर सबसे पहले यह मंदिर चयनित किया गया। यहां श्रद्धालुओं के लिए विश्राम भवन, स्वागत द्वार, शौचालय, लैंडस्केपिंग व लाइटिंग से बनेगा धार्मिक पर्यटन हब बनेगा। ग्रामीणों की पुरानी मांग पूरी कर दी गई है। इस दौरान एपीएम राजेंद्र, सहायक अभियंता सौरभ कुमार, मंदिर अध्यक्ष भूरे सिंह, शिवलाल, धर्मेंद्र लाठर, वेदप्रकाश, संतराम, राजदीप सिंह, ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, ज्योति बाल्मीकि, विजेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।



### करियर गाइडेंस पंख पत्रिका आरोहण का विमोचन

**कांठ, अमृत विचार :** विद्यार्थियों को भविष्य की राह दिखाने और कैरियर के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से तहसील क्षेत्र के राजकीय हाई स्कूल कुचावली द्वारा तैयार की गई। करियर गाइडेंस पंख पत्रिका आरोहण का विमोचन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में हुआ। इस कार्यक्रम में जनपद के शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और गणमान्य शिक्षाविदों ने शिरकत की। पत्रिका का विमोचन सम्मानित जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने किया। जिला समन्वयक डॉ.सुनीता चौधरी, राज्य अध्यापक पुरस्कार विजेता डॉ अनुज अग्रवाल, राजकीय शिक्षक संघ मुरादाबाद के अध्यक्ष अचल त्यागी, मंडलीय महामंत्री डॉ मृडीक व्रतेश विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने पत्रिका की सराहना की। राज्य अध्यापक पुरस्कार विजेता डॉ अनुज अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ अभिषेक मिश्रा, संदर्भदाता डॉ इदरीस अहमद, अचल त्यागी एवं पूर्व जिला समन्वयक विकास कांत गुप्ता ने छात्रों के सर्वांगीण विकास में करियर काउंसलिंग की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य शान-ए-आज़म और करियर गाइडेंस प्रभारी गीतांजलि दक्ष का विशेष योगदान रहा।



### स्मार्ट प्रीपेड मीटर के विरोध में ज्ञापन

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के विरोध में जन संसद समिति के सदस्यों ने उपभोक्ताओं के एफिडेविट संलग्न प्रपत्रों के साथ विद्युत विभाग को सामूहिक शिकायतें सौंपी। समिति के सदस्य मिल रोड स्थित विद्युत कार्यालय पहुंचे, जहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर को अस्वीकार्य बताते हुए इन्हें हटाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को लिखित शिकायत पत्र भी सौंपे। संगठन के अध्यक्ष नोमान जमाल ने बताया कि यह कदम उनके चल रहे आंदोलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज होगा तथा नगर के हजारों उपभोक्ता इसी प्रकार अपने-अपने शिकायती पत्र विभाग को सौंपेंगे। डॉ. राकेश रफीक, फैसल रजा, डॉ. जितेंद्र दक्ष, अनिल ठाकुर, मौ. नकी, प्रेम कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

### महिला की सोने की चेन खींची

**मूंढापांडे, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अक्का डिलारी क्रासिंग के पास शनिवार दोपहर गोवर्धनपुर में भतीजी की शादी में आई महिला से सीने की चेन खींच ली गई। विधानगर हरथला निवासी देववती पत्नी हेम सिंह 18 अप्रैल को भतीजी ममता की शादी में आई थीं। शनिवार छोटी भतीजी कंचन के साथ मुरादाबाद से गोवर्धनपुर लौट रही थीं, वह गत्ता फैक्ट्री से बैटरी रिक्शा में बैठीं। रामपुर दोराहे से एक महिला बैठी थी उसने फोन कर उसे दूसरी महिला को बुला लिया और दोनों ने बातों में उलझा लिया और रेलवे क्रासिंग पर उसके गले से सोने चेन खींचकर पीछे से आई बाइक पर बैठाकर भाग गईं।

### किराएदार से मारपीट में दस नामजद

**भोजपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला धर्मपुर आंगा में वर्षों से युसूफ मुल्लाजी के मकान में किराए पर विधवा महिला मुनव्वरी बच्चों के साथ रहती है। पिछले दिनों से मकान मालिक और उसके परिजन मकान खाली कराने का दबाव डाल रहे थे। इसी को लेकर दोनों पक्षों में कई बार कहासुनी भी हो चुकी है। बात थाने तक पहुंची तो पुलिस ने दोनों पक्षों को विवाद नही करने की सलाह देकर शांत करा दिया। पीड़िता का कहना है कि शुक्रवार की सुबह को युसूफ मुल्लाजी,कादिर,आसिम,लड्डन,लवी,खरीफ,मिराजुल, मुस्तकीम, छुट्टन, सलमान और अज्ञात लोग अपने हाथों में लाठी-डन्डे लेकर मेरे घर में आकर मां-बहन की गालियां देकर मकान में रखा सामान फेंकने लगे। उसे व बेटी गुलिस्ता को लाठी-डंडों से मारा पीटा। झगड़े में मेरा बटवा गिर गया, जिसमें मेरे पैसे भी थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एकल नृत्य में अक्षरा और युगल हिप-हॉप में ऋषभ व अंश विजेता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- टीएमयू में सेलिब्रेशन ऑफ कल्चर क्रिएटिविटि एंड टैलेंट थीम पर सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित

**अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज़ एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में रंगारंग सांस्कृतिक महोत्सव (स्प्लैश) आयोजित किया गया।सेलिब्रेशन ऑफ कल्चर, क्रिएटिविटि एंड टैलेंट थीम पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक, कलात्मक और सृजनात्मक प्रस्तुतियों से दिल जीत लिया। एकल नृत्य में अक्षरा वर्मा तो युगल हिप-हॉप नृत्य में ऋषभ कश्यप और अंश सिंह विजेता रहे।

गायन में देवांश वशिष्ठ ने छूकर मेरे मन को किया तूने क्या इशारा प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरीं। कहानी-वाचन में वृंदा अग्रवाल ने मां तुलसी की प्रस्तुति दी। वीडियोग्राफी में मोहम्मद फहद, भारतीय संस्कृति क्विज में महक, रंगोली में अनु चौहान, प्रतीक्षा सारस्वत और मिहिका गुप्ता और फोटोबूथ में फैज़ा खुर्रम विजेता रहीं। स्टॉल श्रेणियों में आर्यन चौहान के गोलगप्पे और पापड़ी चाट, विशाल के कामर्शियल बुक स्टॉल और तनिषा शर्मा ने क्रिएटिव हैंडमेड रेजिन उत्पाद में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इससे पहले फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, प्रॉक्टर प्रो. प्रदीप कुमार, एचओडी डॉ. रूपल गुप्ता, इवेंट कोऑर्डिनेटर्स- मिस स्वाति चौहान, डॉ. इंदु त्रिपाठी, मिस निकिता जैन, मोहम्मद सलीम आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर सीसीएसआईटी के सभागार में स्प्लैश की शुरुआत की। बीटेक-सीएसई के छात्र मोहित जैन ने राधा-कृष्ण थीम पर बांसुरी वादन कर वातावरण को आध्यात्मिक और भावपूर्ण बना दिया। फूड स्टॉल, कमर्शियल स्टॉल, क्रिएटिव लैब स्टॉल और गेमिंग स्टॉल विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. प्रीति रानी, डॉ. सीमा मान और डॉ. संदीप वर्मा, स्टॉल मूल्यांकन में डॉ. शालिनी निनोरिया, डॉ. अमित सिंह और डॉ. हिमांश कुमार आदि शामिल रहे। एफओई के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को प्रतिभा पहचानकर उसे निखारने का मौका देते हैं। संचालन बीटेक-सीएस के अश्विन जैन और एमसीए की लीजा चौहान ने किया।इस दौरान डॉ. पराग अग्रवाल, डॉ. प्रियांक सिंघल, डॉ. नमित गुप्ता, शिखा गंभीर, अवंतिका चौधरी, व्रतिका गुप्ता, पुलकित राज सक्सेना के अलावा सिद्धार्थ पारिख, जिया सिंह, गौरी गुप्ता, नमन जैन, नमन दुग्गड़, अतिशय जैन, निशांत जैन, वृंदा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# एडीएम प्रशासन ने सुनीं जन समस्याएं, निस्तारण के निर्देश


शिकायतें सुनतीं एडीएम प्रशासन संगीता गौतम, एसडीएम विनय सिंह।

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम प्रशासन संगीता गौतम ने जन समस्याएं सुनीं। दिवस में कुल 42 शिकायतें दर्ज हुईं। जिनमें से आपूर्ति संबंधी सात शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर दिया गया, बाकी 35 शिकायतों के निस्तारण की जिम्मेदारी संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपी गई। थांवला गांव के इकरार हुसैन ने एडीएम को शिकायत देकर कहा कि गांव में कई पात्र उपभोक्ताओं के राशन कार्ड अपात्र बताकर निरस्त कर दिए गए हैं ,इसके समाधान का निर्देश आपूर्ति निरीक्षक को दिया। उन्होंने कहा जल जीवन मिशन का काम गांव में बहुत खराब है 40% उपभोक्ताओं को कनेक्शन नहीं दिए गए हैं और जो पाइपलाइन दबाई गई है । उसके कारण नाले जाम हो रहे हैं, सड़कें टूटी पड़ी हैं बच्चे महिलाएं और बड़े ठोकर खाकर गिर रहे हैं। इस पर उन्होंने जल निगम के जेई को सुधार के लिए निर्देशित किया। दिवस में एसडीएम विनय कुमार सिंह, तहसीलदार आदित्य कुमार, खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह, अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह, एसडीओ अवधेश कुमार, सीडीपीओ सुरेंद्र पाल सिंह, गन्ना समिति सचिव आरके पाठक आदि मौजूद रहे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines
- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences (All Specialities)
- Faculty of Management
Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

**न्यूज ब्रीफ**

## निपनिया में सड़क के बीच गड्ढे से लोग परेशान

**मिलक, अमृत विचार :** क्षेत्र के निपनिया गांव में मुख्य सड़क के बीच गड्ढे से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश और आवागमन के कारण इसकी स्थिति और भी खतरनाक हो गई है। खासकर रात के समय यह गड्ढा दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। लोगों के मुताबिक, बाइक और साइकिल सवार सबसे ज्यादा इस गड्ढे का शिकार हो रहे हैं। कई लोग चोटिल हो चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल गड्ढे को भरवाने और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके और हादसों पर रोक लग सके।

## खानडी खेड़ा प्राथमिक विद्यालय में मिला सांप

**मसवासी, अमृत विचार :** दढ़ियाल क्षेत्र के गांव खानडी खेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय में सांप आने से अफरा-तफरी मच गई। जब एक कक्षा में सांप कुंडली मारकर बैठा हुआ दिखाई दिया। सांप को देखते ही छात्र-छात्राओं और अध्यापकों में दहशत फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही अध्यापकों ने तत्काल आसपास के ग्रामीणों को बुलाया और सांप को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद मामले की सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना पर खुशहालपुर वन नर्सरी से वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम के सदस्य शकील अहमद और हरिश्चंद्र ने कड़ी मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित पकड़ लिया और उसे पिपली वन क्षेत्र में छोड़ने के लिए अपने साथ ले गए।



एसपी आवास की दीवार पर आंधी में गिरा पेड़। ● अमृत विचार



बाबा लक्ष्मण दास की समाधि स्थल के पास गिरे पेड़ की टहनियां काटते लोग।



नूरमहल में गिरा सौ साल पुराना पेड़। ● अमृत विचार

# तेज आंधी में गिरे पेड़, शहर में 18 घंटे बिजली ठप

## राहे रजा स्थित एसपी आवास पर भी गिरा पेड़, उड़े होर्डिंग-बैनर, बिजली नहीं आने से लोगों को हुई परेशानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** तेज आंधी से जगह-जगह पेड़ उखड़ गए जिसके चलते शहर में रात करीब 12 बजे से शनिवार दोपहर तक करीब 18 घंटे बिजली ठप रही। जिसके कारण इनवर्टर भी जवाब दे गए और लोगों को बिजली पानी के लिए परेशानी हुई। जिला पंचायत भवन में शाम 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति चालू नहीं हुई। विद्युत अधिकारियों ने बताया कि अभी लाइनों पर काम चल रहा है अधिकांश क्षेत्रों में दोपहर तक विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी गई है।

रोशनबाग, आवास विकास, अजीतपुर समेत शहर में कई जगह खंभे गिर गए। कहीं बिजली के तारों पर पेड़ और उनकी टहनियां गिरने से तार टूट गए। रात में बहुत तेज आवाज के साथ आई आंधी में होर्डिंग और बैनर उड़ गए। कलेक्ट्रेट में 11 हजार की लाइन पर पेड़ गिरने से बिजलीघर में तकनीकी खराबी आ गई। शुक्रवार की रात आई तेज आवाज के साथ आई आंधी में हाईवे पर पेड़ गिरने से करीब एक घंटे तक आवाजाही बंद रही। इसके अलावा स्वार रोड पर भी पेड़ टूटकर गिरने से रास्ता बंद हो गया। चालकों और मुसाफिरों ने जैसे-तैसे सड़क पर गिरे पेड़ों को सरकाकर वाहनों के पास होने के लिए रास्ता बनाया। इसके अलावा बिजली की लाइनों पर गिरे पेड़ों को हटवाने के लिए बिजली कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग की। पुलिस अधीक्षक आवास का पेड़ गिरने के बाद पूर्वाह्न करीब 11 बजे तक पेड़ को हटाया गया। कलेक्ट्रेट में 11 हजार की लाइन पर पेड़ गिरने के बाद दोपहर विद्युत कर्मचारियों ने लाइन पर गिरे पेड़ों को हटाकर तारों को जोड़ा। इसके अलावा रोशनबाग, अजीतपुर, आवास विकास कॉलोनी में गिरे खंभों को दोपहर तक लगाकर विद्युत आपूर्ति को सुचारु किया गया। इस दौरान लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़।



कचहरी में गिरा पेड़। ● अमृत विचार

> आंधी आने से रोशनबाग, आवास विकास, अजीतपुर समेत कई जगह खंभे गिर गए थे। बिजली के तारों पर टहनियां गिरने से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई थी। पेट्रोलिंग कराकर खंभे लगवा दिए गए और लाइनों को दुरुस्त कराया गया। -**अनुराग सिंह**, एक्सईएन विद्युत



भजनपुर गांव में गिरी कच्चे मकान की छत। ● अमृत विचार

**आंधी से आम की फसल को हुआ नुकसान :** शुक्रवार-शनिवार की मध्य रात्रि आई आंधी से आम की फसल को काफी नुकसान हुआ है। आम के पेड़ों पर अमियां बन चुकी है जो कि, आंधी में गिर गई। बाग के रखवाले भूरा ने बताया कि आम का बोर अच्छा आया था और अमिया करीब 40-50 ग्राम की हो गई थी। लेकिन रात आई आंधी में शाहबाद, रामपुर, स्वार और बिलासपुर क्षेत्र में आम के बागों में बहुत नुकसान हुआ है।

**नूरमहल में गिरा 100 साल पुराना भद्दे का पेड़ :** नूर महल में लगा सौ साल पुराना भद्दे का पेड़ आंधी में गिर गया। इस पेड़ की छाया ने पीढ़ियों को गुजरते हुए देखा है हर रामपुरी को याद है मिक्की मियां, का इस पेड़ के नीचे बैठकर लोगों से मिलना मियां के बाद बेगम नूर बानो ने इस पेड़ की छाया में अपनी राजनीति शुरू की थी। इस भद्दे के पेड़ को सपा नेता आजम खां ने अपनी राजनीति के लिए इस्तेमाल किया था। यह पेड़ नूर महल की एक पहचान था।

**बाबा लक्ष्मण दास की समाधि पर लगा पीपल का पेड़ गिरा :** तेज आंधी में सराय गेट स्थित बाबा लक्ष्मण दास की समाधि में स्थित पीपल का पेड़ समाधि के बराबर निवास करने वाले राधेश्याम कश्यप के मकान पर गिरा। जिससे छत पर उनका टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गया और दीवारों में दरार आ गयी। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

## आंधी से गिरी कच्चे मकान की छत, किशोरी घायल

**सैफनी,अमृत विचार :** सैफनी के भजनपुर गांव में शुक्रवार की रात 12 बजे आंधी के कारण मकान के बरामदे की कच्ची छत भरभरा कर गिर गई। छत के नीचे सो रही 14 वर्षीय किशोरी दब कर गंभीर रूप से घायल हो गई। किशोरी की गंभीर हालत के चलते उसे हायर सेंटर रेफर किया है। ग्राम प्रधान साबिर हुसैन ने बताया कि शुक्रवार की रात रईस अहमद उर्फ अखियार परिजनों के साथ पक्के मकान में सो रहे थे जबकि उनकी पुत्री 14 वर्षीय सुमाईला पीछे बने कच्चे मकान के बरामदे में सो रही थी। रात को करीब 12 बजे के समय आंधी चलना शुरू हो गई जिससे बरामदे की कच्ची छत भरभरा कर गिर गई जिससे छत नीचे सो रही किशोरी मलवे के नीचे दब गई। जिस पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और मलबे के नीचे दबी सुमाईला को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

## भीषण गर्मी के चलते स्कूलों के समय में बदलाव की मांग

**रामपुर, अमृत विचार:** भीषण गर्मी एवं लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ रामपुर ने स्कूलों में समय में बदलाव की मांग की है। मामले को लेकर शिक्षकों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है।

संघ के जिलाध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल ने कहा कि तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे आम जनजीवन के साथ-साथ परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वर्तमान में विद्यालयों का समय प्रातः 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक संचालित हो रहा है, जो इस भीषण गर्मी में बच्चों के लिए अत्यंत कष्टदायक सिद्ध हो रहा है। संघ ने मांग की है कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों का समय परिवर्तित कर प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किया जाए, जिससे बच्चों को लू एवं अत्यधिक गर्मी के दुष्प्रभाव से बचाया जा सके। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल, जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, छत्रपाल सिंह यादव, राकेश विश्वकर्मा, मनोज कुमार सागर, आसिफ अली, दिलशाद वारसी, मोहित यादव, मोहम्मद खालिद खान, महेंद्र प्रताप सिंह, सतीश गिरोह, संतोष प्रसाद, आनंद सिंह भंडारी, तहसीन आलम खां सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।


# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

B.I.U. विद्याफलम् परोपकाराय

**Accreditations, Affiliations & Approvals**

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Granta Commission of India | Medical Council of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Where there is rural well being there is University Prosperity | Uttar Pradesh State Medical Faculty | NAAC

## ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
## CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

**ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 02 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 03 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 07 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

**INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

**BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 11 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 12 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 13 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 14 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 15 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

**FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 17 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 18 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 20 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 21 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 22 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 25 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 26 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 27 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 28 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 29 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 30 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 31 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

**ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 32 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 33 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 34 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 35 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 36 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 37 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 40 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 41 | ANM | 10+2 | 2 Year |

**BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 42 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 43 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 44 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 45 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 46 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 47 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 50 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 54 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 55 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 56 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 58 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 61 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

**FACULTY OF FORENSIC SCIENCES**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 65 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 66 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

**FACULTY OF FINE ARTS**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 67 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 68 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 69 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 70 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 71 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 72 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 73 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

**Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153**

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


## नारी शक्ति वंदन से समाज में समानता की भावना होगी विकसित

**बिलासपुर, अमृत विचार:** गांव अलीपुर ठेका स्थित कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मीना मंच पावर एंजिल रिदा एवं पावर स्टूडेंट ऑफ द ईयर इकरा द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ।

मीना मंच प्रभारी मदन मोहन सिंह ने कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मुख्य लक्ष्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। ताकि समाज में नारी सम्मान व समानता की भावना विकसित हो। बाल विवाह, दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा जैसी कुरीतियों के प्रति समाज में जागरूकता फैले। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने बालिका शिक्षा और नारी सशक्तिकरण पर आधारित लघु नाटकों का मंचन कर दर्शकों को प्रेरित किया।

# रामपुर से दूसरे जिलों में भूसे के परिवहन पर रोक

- जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जारी किए सख्त आदेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने रामपुर से दूसरे जिलों में भूसे के परिवहन पर रोक के निर्देश दिए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित निराश्रित गोवंश संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में संचालित स्थायी एवं अस्थायी गौ-आश्रय स्थलों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में भूसे की उपलब्धता के लिए टेंडर प्रक्रिया की जा रही है।

उप्र शुधन मंत्री के निर्देशानुसार अप्रैल माह में गेहूं की फसल की कटाई के साथ भूसे की उपलब्धता बढ़ने पर टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होते ही पर्याप्त मात्रा में भूसे का क्रय कर सुरक्षित भंडारण किया जाएगा। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि संज्ञान में आया है कि भूसे का उपयोग अन्य व्यावसायिक इकाइयों में भी होने के कारण जिले में उत्पादित भूसा अन्य जिलों एवं प्रदेशों में परिवहन किया जा रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर भूसे की कमी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे गोवंशों के भरण-पोषण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। जिलाधिकारी ने स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जनपद की सीमा से बाहर भूसे के परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समन्वय स्थापित कर निराश्रित गोवंशों के भरण-पोषण की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए भूसे के बाहरी परिवहन पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्रवाई करें।

# महिला आरक्षण बिल सदन में पास नहीं होने से आधी आबादी उदास

- भाजपा के 12 साल के शासन में पहली बार पास नहीं हुआ विधेयक, 33 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं का होता भला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** महिला आरक्षण बिल सदन में पास नहीं होने से आधी आबादी उदास है। महिलाओं ने दो टूक कहा कि भाजपा के 12 साल के शासन में पहली बार ऐसा हुआ है कि महिला आरक्षण का विधेयक सदन में पास नहीं हुआ। कहा कि 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से महिलाओं का भला हो जाता। लेकिन राजनैतिक दल महिला आरक्षण को राजनीति की तराजू में तौलते रहे जिसके कारण महिला आरक्षण बिल सदन में पास नहीं हो सका जिससे आधी आबादी में उदासी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं से जो वादा किया था उसे उन्होंने पूरा करने का प्रयास किया लेकिन, इस बिल के साथ सदन में सियासत हो गई। कहा कि देश कि महिलाएं ऐसे राजनैतिक दलों से हिसाब चुकता करेंगी। कहा कि महिलाओं को आरक्षण मिलने से किसी राजनैतिक दल को नुकसान नहीं होना था बल्कि 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से महिलाओं को भला हो जाता। कहा कि सदन में कुछ राजैनितक दलों ने महिला आरक्षण को राजनैतिक रंग दे दिया उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था उन्होंने विरोध में 230 वोट डालकर महिला आरक्षण बिल को पास नहीं होने दिया। महिला आरक्षण हर वर्ग की महिला के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होता। अमृत विचार ने बुद्धिजीवी महिलाओं से महिला आरक्षण मुद्दे पर बातचीत की, पेश हैं बातचीत के मुख्य अंश...।



सदन में महिला आरक्षण बिल को विपक्ष ने पास नहीं होने दिया। महिला आरक्षण बिल के पक्ष में 298 जबकि, पक्ष में 298 पड़े हैं। जबकि 528 वोटों की जरूरत थी। कहा कि सदन में यदि महिला आरक्षण बिल पास हो जाता तब नारी शक्ति और शक्तिमान बन जाती। **-अर्पणा सक्सेना**



महिला आरक्षण महिलाओं के सशक्तिकरण का एक बड़ा माध्यम है, जो समाज में समानता स्थापित करने और देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होता। राजैनतिक दलों को सदन में महिला आरक्षण का खुले दिल से समर्थन करना चाहिए था। **-रीनू तिवारी**



भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां सभी नागरिकों को समान अधिकार दिए गए हैं। लेकिन लंबे समय तक महिलाएं राजनीति और निर्णय लेने की प्रक्रिया में पीछे रही हैं। इस असमानता को दूर करने के लिए महिला आरक्षण का प्रावधान होना चाहिए। **-डॉ. प्रीति लता सिंह**



महिला आरक्षण महिलाओं के सशक्तिकरण का एक बड़ा माध्यम है, जो समाज में समानता स्थापित करने और देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। महिला आरक्षण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। **-डॉ. सुनीता**



महिला आरक्षण बिल का उद्देश्य महिलाओं को समाज और राजनीति में बराबर की भागीदारी दिलाना था। महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती थीं। जिससे देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहता। **-डॉ. मनोरमा चौहान**



आरक्षण महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बहुत बड़ा एवं सराहनीय कदम होता। संसद-विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 33 प्रतिशत हो जाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक वर्ष 2029 में महिला आरक्षण के साथ चुनाव होने से लोकतंत्र और मजबूत होता। **-डॉ. सोनू पुरी**

## सीडीओ ने पीएमश्री विद्यालय व सीएचसी का किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने शनिवार को पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय खाताकला (प्रथम) एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक एवं शिक्षामित्र उपस्थित मिले।

विद्यालय में मिड-डे मील के अंतर्गत बच्चों को निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन वितरित किया जा रहा था। मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता का आकलन किया, जो संतोषजनक एवं अच्छा पाया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विद्यार्थियों को शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का शत-प्रतिशत नशुल्क वितरण सुनिश्चित किया जाए। मिड-डे मील का संचालन निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए। इसके बाद उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. बासित अली अपने समस्त स्टाफ एवं अन्य चिकित्सकों के साथ ड्यूटी पर उपस्थित पाए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# कब्जे की शिकायत मिली तो मौके पर पहुंचे डीएम

## सम्पूर्ण समाधान दिवसः जिले भर की तहसीलों में आईं 101 शिकायतों में 22 का हुआ त्वरित निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** शनिवार को जिले की सदर, बिलासपुर, टांडा, शाहबाद, मिलक व स्वार तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिले भर की तहसीलों में कुल 101 शिकायतें आईं, इनमें 22 का मौके पर निस्तारण हुआ। बिलासपुर तहसील सभागार में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जहां जिलाधिकारी ने एक गांव में सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर जाकर निरीक्षण किया।


बिलासपुर में नवीन मंडी में गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण करते डीएम। ● अमृत विचार

बिलासपुर तहसील में कुल 32 शिकायतों आईं, इनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। विद्युत, राजस्व, पेंशन, पूर्ति विभाग, पुलिस, विकास विभाग, आधार कार्ड आदि से संबंधित शिकायतें आईं। इस दौरान गांव फाजलपुर में खाद के गड्ढे की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारी, एसएचओ बिलासपुर एवं राजस्व टीम को संयुक्त रूप से स्थलीय जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं गांव खजुरिया निवासी एक दिव्यांग द्वारा ट्राई साइकिल की मांग किए जाने पर जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा की और संबंधित रजिस्टर का अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक ने भी पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनते हुए थाना प्रभारियों को फरियादियों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। वहीं तहसील मिलक में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 14 शिकायतें आईं, इनमें 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील स्वार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 10 शिकायतें आईं, इनमें 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील शाहबाद में उपजिलाधिकारी शाहबाद की अध्यक्षता में हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 9 शिकायतें मिली, इनमें 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील टांडा में उपजिलाधिकारी टांडा की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 16 शिकायतें आईं, इनमें 5 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सदर में उपजिलाधिकारी सदर की अध्यक्षता में हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 20 शिकायतें मिलीं, इनमें 2 का मौके पर निस्तारण किया गया।

**बिलासपुर में ये अधिकारी रहे मौजूदः** मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. दीपा सिंह, डीएफओ प्रणब जैन, उपजिलाधिकारी अरुण कुमार, तहसीलदार शिवकुमार शर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह, नायब तहसीलदार अंकुर अंतल, ईओ डॉ. नितिन कुमार गंगवार, ईओ केमरी राजेंद्र प्रसाद, एक्सईएन करमवीर सिंह, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता नंदलाल आर्या, भोट थानाध्यक्ष अर्जुन त्यागी, सीडीपीओ मुदिता तिवारी, प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह, खजुरिया थानाध्यक्ष पंकज पंत आदि मौजूद रहे।

### गेहूं क्रय केंद्रों पर ही फार्मर आईडी बनेगी: डीएम

रामपुर, अमृत विचार : शनिवार को बिलासपुर तहसील से संपूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बिलासपुर की नवीन मंडी में स्थापित विभिन्न गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रिंस चौधरी को किसानों की फार्मर आईडी क्रय केंद्र पर ही तत्काल बनवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बारदाना की उपलब्धता, तौल व्यवस्था, खरीद प्रक्रिया तथा कृषकों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मंडी में आ रहे गेहूं की गुणवत्ता को परखा तथा मंडी में स्थापित क्रय केंद्रों की व्यवस्था सही पाई गई। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्हें अपनी फसल साफ-सुथरी अवस्था में मंडी में लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्रय केन्द्रों पर कृषकों के लिए शुद्ध पेयजल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने बताया कि नवीन मंडी परिसर बिलासपुर में 11 गेहूं क्रय केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा जिले में 114 गेहूं क्रय केंद्र संचालित हैं, जबकि किसानों की मांग को देखते हुए 15 और नए क्रय केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

## स्टेडियम में 30 खिलाड़ियों को किट देकर किया सम्मानित


शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में किट में मौजूद खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● खेलो इंडिया एथलेटिक सेंटर में प्रशिक्षण ले रहे बालक-बालिकाएं

**अमृत विचारः** शनिवार को बमनपुरी स्थित शहीद ए आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में 30 खिलाड़ियों को किट देकर सम्मानित किया गया। प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि खेलो इंडिया एथलेटिक सेंटर में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आने वाले 15 बालक व 15 बालिकाएं प्रशिक्षक सौरभ कुमार के नेतृत्व में प्रशिक्षण ले रही हैं।

उन्होंने कहा कि जिले के खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक रनिंग ट्रैक जल्दी बनने वाला है शीघ्र ही एथलेटिक्स खिलाड़ी सिंथेटिक रनिंग ट्रैक पर दौड़ेंगे। खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि वरिष्ठ कोषाधिकारी रणजीत सिंह एवं राजेंद्र सिंह राव ने खेल किट वितरित की। किट पाकर खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे। मुख्यातिथि ने कहा कि खिलाड़ियों को वर्तमान मे अच्छी सुविधाएं मिल रही हैं। उन्हें खेल के मैदान, खेल किट, खेल उपकरण और खेल प्रशिक्षक मिल रहें हैं खेलो इंडिया सेंटर खिलाड़ियों के लिए बहुत अच्छा प्लेटफार्म है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल से आने वाले बालक-बालिका खिलाड़ियों के लिए एक बहुत ही अच्छा अवसर है। इस दौरान खेलो इंडिया प्रशिक्षक सौरभ कुमार, हॉकी प्रशिक्षक फरहत अली खां, खेमपाल आदि मौजूद रहे।

## भूड़िया फार्म हाउस से उठाकर तेंदुए ने कुत्तों को बनाया निवाला

● ग्रामीणों में दहशत, सूचना के बाद भी वन विभाग ने नहीं की कॉबिंग

संवाददाता मसवासी


तेंदुए के पदचिन्ह।

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव भूड़िया फार्म कुंदनपुर में शनिवार सुबह करीब 5 बजे एक तेंदुए के देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। तेंदुए ने एक कुत्ते को शिकार बना लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेंदुआ सुबह के समय गांव के आसपास घूमता दिखाई दिया और अचानक एक कुत्ते पर हमला कर उसे उठाकर ले गया। घटना के बाद गांव में भय का माहौल है और लोग घरों से बाहर निकलने में सतर्कता बरत रहे हैं। सुबह सवेरे जैसे ही तमाम किसान अपने खेतों पर गेहूं की कटाई करने के लिए पहुंचे तो कुत्ते का शिकार पाकर हैरत में पड़ गए। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दे दी है लेकिन वन विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा तेंदुए के पदचिन्ह देखकर ग्रामीणों के होश उड़ गए।और तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी तेंदुआ कुत्तों का शिकार कर चुका है लेकिन वन विभाग लीपापोती करने मेंजुटा हुआ है। वन विभाग से अपील की जा रही है कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

# आसमां इतनी बुलंदी पे जो इतराता है...

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● विश्व प्रसिद्ध शायर ताहिर फराज की याद में किला मैदान में हुआ आल इंडिया मुशायरा

**अमृत विचार :** आसमां इतनी बुलंदी पे जो इतराता है, भूल जाता है जमीं से ही नजर आता है वसीम बरेलवी ने जब अपने अंदाज में यह कलाम पेश किया तो किले की दरो-दीवार तालियों की गड़गड़ाट से गूंज उठे। विश्व प्रसिद्ध शायर ताहिर फराज की याद में शनिवार की रात किला मैदान में हुए आल इंडिया मुशायरे में शायरों ने श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा।

इससे पहले मेहमाने खुसूसी राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मुशायरे की शमा रौशन की। करीब सात वर्ष बाद सजी मुशायरे की महफिल मे भारी तादाद में लोग पहुंचे। अच्छे कलाम पर श्रोताओं ने खूब दाद देकर नवाजा। मुशायरे की निजामत कर रहे अबरार काशिफ ने जैसे ही वसीम बरेलवी का नाम लिया श्रोताओं ने तालियों से उनका इस्तकबाल किया। वसीम बरेलवी ने लोगों की फरमाइश पर सुनाया - वो जितनी दूर हो उतना ही मेरा होने लगता है, मगर जब पास आता है तो मुझ से खोने लगता है। लोगों की फरमाइश पर उन्होंने सुनाया- ऐसे रिश्ते का भरम रखना कोई खेल नहीं, तेरा होना भी नहीं और तेरा कहलाना भी। इसके बाद निकहत अमरोही ने अपने कलाम पर खूब तालियां बटोरीं उन्होंने कहा- मशवरा यह है फकीरों से मोहब्बत रखना-चाहते हो जो सदा रिज्क में बरकत रखना। बिलाल सहारनपुरी ने इंसानियत की बात कुछ इस तरह कही- पहले हर आदमी इंसान हुआ करता था, बाद में हिंदू मुसलमान हुआ करता था। मध्यप्रदेश से आए मन्नान फराज ने आज के हालात का खाका खींचते हुए कहा कि कितना आसान है चुपके से कही बम रखना, कितना मुश्किल है किसी जख्म पर मरहम रखना। मुशायरे की निजामत कर रहे महाराष्ट्र अमरावती से आए अबरार काशिफ ने सधे हुए लफ्जों में कहा कि- दर्द ए मोहब्बत दर्द ए जुदाई दोनों को एक साथ मिला- तू भी तन्हा में भी तन्हा आ इस बात पर हाथ मिला। इसके बाद रिक अदा ने कहा- मेरे दिल से उतर रहे हो तुम-यानि हद से गुजर रहे हो तुम। जैसे ही मेरठ पापुलरी का नाम पुकारा गया लोगों ने जोरदार तालियां बजाकर उनका इस्तकबाल किया।


ऑल इंडिया मुशायरे में मंच पर मौजूद शायर कलाम पेश करते हुए। ● अमृत विचार

मेरठ पापुलर अपने चिर-परिचित अंदाज में यह कलाम पेश कर लोगों को गुदगुदाया- यह है सच कि नेक नीयत, कभी थी न है न होगी, मेरे काम में शराफत कभी थी न है न होगी। मुझे नाज है अपने फन पर, कि मैं जेब काटता हूं, मुझे मांगने की आदत कभी थी न है न होगी। देर रात तक चले मुशायरे की फहरिस्त में जौहर कानपुरी, शबीना अदीब, चरन सिंह बशर, अकील नोमानी, डॉ. जावेद नसीमी, नईम नजमी, जिया इनायती आदि के नाम शामिल थे। इस मौके पर सिफत अली खां, हुमायूं खां, अजहर इनायती, शकील गौस, कन्वीनर तारिक नियाजी आदि मौजूद रहे। मुशायरे के आयोजक फैसल खां लाला ने सभी का आभार जताया।


किला मैदान में आयोजित मुशायरे में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### सात वर्ष बाद रामपुर में हुआ आल इंडिया मुशायरा

रामपुर में अदबी महफिलें सजती रहीं हैं और इन महफिलों में मिर्जा गालिब, दाग देहलवी, कतील शिफाई, कैफी आजमी समेत देश-दुनिया के नामचीन शायर अपने कलाम पेश करते हैं। प्रसिद्ध शायर शकील गौस बताते हैं कि खोरिया क्लब रामपुर के तत्वावधान में वर्ष 1988, 1989, 1990 में आल इंडिया मुशायरे हुए। इसके इसके बाद हिंद भाईचारा समिति और वर्क के तत्वावधान में वर्ष 2016, 2017, 2018 और 2019 में मुशायरे हुए। इसके बाद कोविड काल में मुशायरे नहीं हुए। इसके बाद अब 2026 में आल इंडिया मुशायरा हो रहा है।

# तमंचे के बल पर महिला के कुंडल लूटे

संवाददाता सैफनी

**अमृत विचारः** शुक्रवार की रात बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने युवक और उसकी महिला रिश्तेदार को ओवरटेक कर तमंचे के बल पर महिला के कुंडल लूट लिए। विरोध करने पर युवक व महिला को तमंचे की बट से मारपीट कर घायल भी कर दिया। शोर मचाने पर बदमाश तमंचा लहराते हुए फरार हो गए। पुलिस मामले में सीसीटीवी खंगाल रही है।

नगर के मझरा मोहल्ला निवासी समीर अली के यहां मिलाद का कार्यक्रम था। जिसमें पास के ही दरियापुर गांव निवासी उनकी रिश्तेदार मेहताब जहां पत्नी अब्दुल मजीद भी आईं थीं। कार्यक्रम के बाद लगभग 10 बजे के समय समीर अपनी बाइक से रिश्तेदार महिला मेहताब जहां को उनके गांव छोड़ने जा रहा था।


लूटपाट के दौरान मारपीट में घायल महिला।

आरोप है कि जैसे ही वह नगर के समीप दनिया पुर मार्ग पर पहुंचा तभी सुनसान इलाके का फायदा उठाकर एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश अज्ञात बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक कर रोक लिया। रुकते ही बदमाशों ने उनकी गाड़ी की चाबी निकाली और महिला की कनपटी पर तमंचा सटा दिया और शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। युवक के विरोध करने पर बदमाशों ने महिला व युवक को तमंचे की बटों से मारपीट कर घायल कर दिया। बताया कि बदमाशों ने महिला के कान के सोने के कुंडल, नाक की लोंग, युवक का मोबाइल फोन और जेब में रखी पांच सौ रुपये लूट कर फरार हो गए।

पीड़ित महिला ने बताया कि बदमाश मोबाइल और गाड़ी की चाबी और मोबाइल कुछ दूरी पर फेंक कर चले गए। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल की और पीड़ित महिला से जानकारी ली। थाना सैफनी प्रभारी निरीक्षक अजय मिश्रा ने बताया कि कुंडल खींचने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## विश्व धरोहर दिवस धूमधाम से मनाया

**स्वार, अमृत विचारः** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रुस्तम नगर रामपुर में शनिवार को विश्व धरोहर दिवस मनाया गया। वंदना सभा के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत स्थलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2023 तक विश्व में लगभग 1199 स्थलों को विश्व विरासत घोषित किया जा चुका है। जबकि भारत में कुल 45 धरोहर स्थल शामिल हैं, जिनमें सांस्कृतिक, प्राकृतिक और मिश्रित धरोहरें शामिल हैं। उन्होंने आगरा का किला, फतेहपुर सीकरी, अजंता-एलोरा की गुफाएं, सांची स्तूप, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, सुंदरवन और कोणार्क सूर्य मंदिर जैसे प्रमुख स्थलों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में कुमारी आकृति, शायरी, अनामिका, नंदिनी, सुहानी, राशि और शिवानी ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान नरोत्तम सिंह मौर्य, धर्मेंद्र कुमार, बृजकिशोर, उमेश कुमार, प्रेमपाल सिंह, दिलीप कुमार, संजय सिंह, गौरव सिंह, राधा शर्मा, सुनीता रानी मोर, अंजली मौर्य तथा वंदन प्रमुख पूजा टैगोर ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## सिटी डायरी



### संयम पथ की ओर बढ़े रामपुर के श्रीयांश कुमार जैन

**रामपुर, अमृत विचार :** जैन धर्म की त्याग, तप और आत्मकल्याण की महान परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रामपुर के जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य श्रीयांश कुमार जैन अब सांसारिक जीवन का परित्याग कर मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होने जा रहे हैं। शनिवार को श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में श्रीयांश जैन की गोद भराई की रस्म अदा की गई। स्वर्गीय मनोहर लाल जैन के बेटे श्रीयांश कुमार जैन, जिन्हें पिछले लगभग एक वर्ष से ब्रह्मचारी दया प्रकाश जी के नाम से जाना जात है। शीघ्र ही पावन जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण करेंगे। यह ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक क्षण परम पूज्य आचार्य श्री108 वसुनंदी जी महाराज के पावन सानिध्य में जैन धर्म के सिद्ध क्षेत्र श्री सम्मेद शिखरजी में संपन्न होगा।



### सेवा फार्मेसी ने ज्वाला क्लब को हरा ट्रॉफी पर किया कब्जा

**रामपुर, अमृत विचार :** ज्वाला क्लब के मैदान पर आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें सेवा फार्मेसी ने ज्वाला क्लब को 26 रन से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। सेवा फार्मेसी के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेवा फार्मेसी ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 182 रन बनाए। जिसमें रवि चावला ने 50 रन और आर्यन चौधरी ने 44 रन बनाए। वहीं ज्वाला क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए पवन यादव ने तीन विकेट और नरेंद्र ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ज्वाला क्लब की पूरी टीम 156 रनों पर ऑलआउट हो गई। इस तरह से फाइनल मुकाबला सेवा फार्मेसी ने 26 रनों से जीता और ट्रॉफी पर कब्जा किया। ज्वाला क्लब की ओर से हरिओम यादव ने 35 रन और रोहित ने भी 35 रनों का योगदान दिया। वहीं सेवा फार्मेसी के गेंदबाज शाहनवाज राणा ने तीन विकेट और शिव सिंह ने दो विकेट लिए। मुख्य अतिथि अर्जित सक्सेना और ज्वाला क्लब वेलफेयर फाउंडेशन की कमेटी के सदस्यों ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।



### सरस्वती विद्या मंदिर में मनाई भगवान परशुराम जयंती

**मिलक, अमृत विचार :** शनिवार को नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक के वंदना सत्र में भगवान परशुराम जी की जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंदपाल सिंह एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सोनू पांडेय ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। मुख्य वक्ता सोनू पांडेय ने बताया कि भगवान परशुराम जी की जयंती हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी की जयंती प्रतिवर्ष वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाई जाती है। वे ब्राह्मण कुल में जन्मे थे, लेकिन उनमें क्षत्रिय के गुण थे। उन्होंने अन्याय और अधर्म का नाश करने के लिए परशु धारण किया था। वे केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि वेदों के ज्ञाता और महान पुरुष भी थे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य आनंदपाल सिंह जी ने परशुराम जयंती की शुभकामनाएं दीं। संचालन हिंदी के आचार्य कौशल उपाध्याय ने किया।



### टॉपर उत्कर्ष को साइकिल भेंट की

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आय में योग्यता आधारित प्रवेश परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र उत्कर्ष कंपोजिट विद्यालय सरकथल को सम्मानित किया गया। साइकिल मैन सत्येंद्र पांडे उच्च प्राथमिक विद्यालय निस्बी ने विद्यालय स्टाफ व माता-पिता की उपस्थिति में पुरस्कार स्वरूप साइकिल भेंट की। सत्येंद्र पांडे लगातार मेधावी छात्रों को साइकिल भेंट कर रहे हैं। नोडल प्रभाकर गौतम ने नोडल शिक्षिका वर्षा पांडेय के निरंतर एवं सफल प्रयासों की सराहना की। अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ राजवीर सिंह ने सभी स्टाफ के सम्मिलित प्रयासों का परिणाम बताया। एआरपी नीतू सिंह ने बच्चों से इसी लगन से शिक्षा प्राप्त करते रहने की बात कही। एआरपी प्रदीप कुमार ने जिले में सबसे ज्यादा 9 चयन होने पर विद्यालय की प्रशंसा की। इस दौरान प्रधानाध्यापक रोहिताश सिंह, वरिष्ठ शिक्षक तहसीन आलम सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे : बलदेव

**संवाददाता बिलासपुर, अमृत विचारः** कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के आवास पर डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें बलदेव सिंह औलख ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश को संविधान देकर समानता, न्याय और अधिकारों का मार्ग प्रशस्त किया।

सरकार बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मान और अवसर देने का कार्य कर रही है। कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, किसानों की समृद्धि तथा सामाजिक समरसता के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। सरकार केवल वादे नहीं करती, बल्कि योजनाओं को धरातल पर उतारकर जनता को उसका लाभ पहुंचाने का कार्य करती है। अनुसूचित जाति समाज सहित सभी वर्गों के लोगों को आवास, शौचालय, मुफ्त राशन, स्वास्थ्य सुविधाएं, छात्रवृत्ति एवं स्वरोजगार योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

# पुरातन छात्राओं को यादें ताजा करने का मिला मौका


राजकीय महिला डिग्री कालेज में आयोजित स्मृति संगम कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को पुरातन छात्रा मिलन समारोह स्मृति संगम का आयोजन हुआ। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इससे पहले कालेज प्राचार्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ हुआ।

पुरातन छात्रा समिति की संयोजक डॉ. प्रीति लता ने कहा कि यह मौका छात्र जीवन की पुरानी यादों को ताजा करने का होता है।वर्तमान छात्राओं ने पुरातन छात्राओं को पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात पूर्व छात्राओं ने मंच साझा कर अपने जीवन के उतार-चढ़ाव , चुनौतियों और सफलता एवं उपलब्धियों पर चर्चा की। उनके प्रेरणादायक भाषण ने न केवल उत्साह बढ़ाया, बल्कि आने वाले कल के लिए नई प्रेरणा प्रदान किया। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुनीता ने कहा कि इस समारोह में अतीत का सुनहरा अध्याय झलक रहा है।

## सीबीएसई 10वीं के मेधावी


98 .60 प्रतिशत
शौर्य चौहान
दयावती मोदी एकेडमी


98 .0 प्रतिशत
अनवित ग्रेवाल
दयावती मोदी एकेडमी


98 .0 प्रतिशत
शिखर राठौर
दयावती मोदी एकेडमी


97 .6 प्रतिशत
तहरीम बी
ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी


97 .0 प्रतिशत
रुद्रांश रस्तोगी
ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी


96 .8 प्रतिशत
अब्दुल मतीन
ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी


96 .8 प्रतिशत
सक्षम सिंह
व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल


98 .6 प्रतिशत
परी गोयल
व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल


98 .0 प्रतिशत
आशी वर्मा
व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल


97 .2 प्रतिशत
रोशनी तिवारी
सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी


96 .8 प्रतिशत
अंशुमान प्रभात
सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी


सृष्टि अग्रवाल
सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी


94 .2 प्रतिशत
हिफ्जा खान
ईस्ट वेस्ट सीनियर सेकेंडरी


93 .2 प्रतिशत
मनजोत सिंह
ईस्ट वेस्ट सीनियर सेकेंडरी


91.8 प्रतिशत
इशिता
ईस्ट वेस्ट सीनियर सेकेंडरी


91.8 प्रतिशत
हिबा ताहिर
सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी

## न्यूज ब्रीफ

### विनय कुमार सैनी बने जीएसटी कमिश्नर

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के होनहार युवक विनय कुमार सैनी ने यूपी पीसीएस परीक्षा में सफलता का परचम लहराते हुए कमिश्नर जीएसटी के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर 17 अप्रैल को इलाहाबाद हाई कोर्ट समिति द्वारा उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विजयपाल सैनी के पुत्र विनय कुमार वर्तमान में इलाहाबाद हाई कोर्ट में ही समीक्षा अधिवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा नगर के सरस्वती विद्या मंदिर से इंटरमीडिएट शिक्षा ग्रहण की, जिसके बाद उन्होंने रायबरेली से कंप्यूटर साइंस में बी.टेक की डिग्री हासिल की। विनय की इस सफलता से उनके परिवार और क्षेत्र में हर्ष की लहर है।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर एक तेज रफ्तार ईको कार ने आगे चल रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार ताऊ और भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, हापुड़ जनपद के थाना बाबूगढ़ के गांव पलवाड़ा निवासी राजू अपने ताऊ देशराज के साथ बाइक पर सवार होकर सैदनगली क्षेत्र के गांव फतेहपुर खादर में एक आरष्टी में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक शनिवार की दोपहर कोतवाली क्षेत्र के गांव हथिया खेड़ा के समीप पहुंची, पीछे से आ रही एक अनियंत्रित ईको कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए।

### खंभे में उतरा करंट, दो पशुओं की मौत

बुरावली/हसनपुर, अमृत विचार : थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव निरावली में शनिवार सुबह करंट की चपेट में आने से किसान के दो पशुओं की मौत हो गई। गांव निवासी किसान राजबहादुर पुत्र कुंवरपाल ने बताया कि शनिवार सुबह वह रोज की तरह अपने पशुओं को चारा डालकर खेत पर काम करने चला गया था। इसी दौरान घर के पास स्थित हाइटेंशन लाइन के खंभे में अर्थिंग आ गई। जिससे वहां बंधी भैंस और एक भैंस का बच्चा झुलसकर मर गया। किसान को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

# आंधी से बिगड़ी बिजली व्यवस्था, शहर से गांव तक रहा अंधेरा

## आठ से 10 घंटे बाधित रहीं विद्युत आपूर्ति, लोगों को करना पड़ा परेशानी का सामना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- बिजली गुल होने से शहर में गहरा गया पेयजल संकट

अमृत विचार : तेज आंधी और हल्की बारिश ने जिले की बिजली व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। जगह-जगह पेड़ गिरने से बिजली के तार और पोल क्षतिग्रस्त हो गए, जिसके चलते शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कई घंटों तक बिजली आपूर्ति ठप रही। इससे लोगों को भीषण गर्मी के बीच भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

शहर के कई इलाकों में शुक्रवार की देर रात से ही बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। पेड़ों की टहनियां हाईटेंशन लाइनों पर गिरने से जोया रोड, कैलसा रोड, अतरासी रोड समेत कई क्षेत्रों में सप्लाई ठप हो गई। कहीं पोल गिर गए तो कहीं तार टूटने से हालात और बिगड़ गए। रात से लेकर शनिवार दोपहर तक विद्युत विभाग की टीमें मरम्मत कार्य में जुटी रहीं, जिसके बाद धीरे-धीरे आपूर्ति बहाल हो सकी। बिजली गुल रहने से पेयजल संकट भी गहरा गया। घरों में लगे मोटर न चल पाने से पानी की आपूर्ति प्रभावित रही, जिससे लोगों को सुबह से ही दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

वहीं, मोबाइल चार्ज न होने और इनवर्टर जवाब देने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात कमोबेश ऐसे ही रहे। कई गांवों में पेड़ गिरने से लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे 8 से 10 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। कुछ स्थानों पर ट्रांसफार्मर गिरने की भी सूचना है, जिसके कारण बिजली बहाली में अधिक समय लगा। विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आंधी के चलते कई स्थानों पर लाइनें क्षतिग्रस्त हुई थीं। कर्मचारियों ने रातभर और सुबह तक मरम्मत कार्य कर अधिकांश क्षेत्रों में आपूर्ति बहाल कर दी है। शेष स्थानों पर भी तेजी से काम जारी है। अधिकारियों का कहना है कि आपात स्थिति से निपटने के लिए टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं, ताकि उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

### पेड़ गिरने से 30 गांवों की बिजली ठप 30 घंटे परेशान रहे लोग

बुरावली( अमरोहा), अमृत विचार : न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र में पेड़ गिरने से बिजली व्यवस्था चरमरा गई। पिछले करीब 30 घंटे से 30 गांवों की बिजली गुल रहने के कारण पूरे इलाके में अंधेरा छाया रहा और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर बाद रुखालू क्षेत्र में एक बड़ा पेड़ हाईटेंशन लाइन पर गिर गया, जिससे तारों में फॉल्ट हो गया। इसके चलते बुरावली बिजलीघर से जुड़े गुलामपुर और मंगरोला फीडर की आपूर्ति बाधित हो गई। एहतियातन बिजली विभाग को पूरे क्षेत्र की सप्लाई बंद करनी पड़ी। बिजली न होने से लोगों के इनवर्टर जवाब दे गए और पानी की टंकियां भी खाली हो गईं। मोबाइल फोन बंद हो गए, जिससे संपर्क व्यवस्था भी प्रभावित रही। सबसे ज्यादा दिक्कत छात्रों को पढ़ाई में आई। बुरावली बिजलीघर के जेई राजकुमार गिरी ने बताया कि देर रात करीब 10 बजे मंगरोला फीडर और रात 12 बजे गुलामपुर फीडर की आपूर्ति आंशिक रूप से बहाल कर दी गई थी, लेकिन कुछ जगहों पर लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पूरी तरह सप्लाई सुचारू नहीं हो सकी। मरम्मत कार्य तेजी से कराया जा रहा है और जल्द ही सभी गांवों में बिजली व्यवस्था सामान्य कर दी जाएगी।

### आंधी में मकान की दीवार गिरने से मां-बेटी गंभीर रूप से घायल




हसनपुर, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला लालबाग मुबारकपुर कला में देर रात आई तेज आंधी तूफान ने भारी तबाही मचाई। आंधी के दौरान एक निर्माणाधीन मकान की दीवार और पड़ोसी के छत पटिया भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से मां और बेटी मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। आनन-फानन में दोनों को सीएचसी में ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार, मृतक नदीम की पत्नी शबाना और उनकी बेटी उजमा का प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास मिला हुआ है जो निर्माणधीन है। दोनों मां बेटी पड़ोसी के यहां रह रही है शुक्रवार की देर रात के समय दोनों मां बेटी पड़ोसी के यहां कमरे में बैठी हुई थीं। इसी दौरान अचानक तेज आंधी आई और निर्माणधीन मकान की दीवार एक पड़ोसी की छत पर गिर गई, जिस कमरे में बैठी मां बेटी पटिया व मलवे के गिरने से घायल हो गई। हादसे के बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर दौड़े पड़ोसियों ने कड़ी मशक्कत के बाद मलबे में दबी मां-बेटी को बाहर निकाला।और नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों मां बेटी को हायर सेंटर रेफर कर दिया।परिजनों ने बताया कि शबाना के पति नदीम की चार माह पूर्व ही बीमारी के चलते मृत्यु हो चुकी है। घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला था, जिसके तहत मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। घर बन जाने तक मां-बेटी पास ही स्थित एक पड़ोसी के यहां अस्थाई रूप से रह रही थीं, हादसे की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग की टीम ने शनिवार को मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। टीम ने नुकसान का आकलन कर अपनी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी है।

# डीएम ने जूम मीटिंग कर अधिकारियों को दिए निर्देश



बैठक में निर्देश देतीं डीएम निधि गुप्ता वत्स। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

अमृत विचर: जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान गणना एवं मकान सूचीकरण की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। शनिवार को डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जूम मीटिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

डीएम निधि गुप्त वत्स ने बताया कि जनपद को 3680 गणना ब्लॉकों में विभाजित किया गया है। सभी ब्लॉकों का मानचित्रण कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 20 अप्रैल से शुरू कर 6 मई 2026 तक हर हाल में पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों का चयन किया जाए, जहां पेयजल, स्वच्छ व हवादार कक्ष और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। बैठक में बताया गया कि प्रशिक्षण की निगरानी के लिए जिले के सभी उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को ट्रेनिंग इंचार्ज और खंड शिक्षा अधिकारियों को सहायक ट्रेनिंग इंचार्ज बनाया गया है।

## बीमारियों की देहरी पर खड़ा खलीललपुर

बिजनौर , अमृत विचार : विकास खंड स्योहारा के अंतर्गत आने वाले ग्राम ख़लीलपुर की राम विहार कॉलोनी और विकास नगर के निवासी पिछले काफी अरसे से जल भराव और जल निकासी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन को बार-बार सूचना देने के बावजूद अब तक इस समस्या का कोई मुकम्मल हल नहीं निकाला गया है, जिससे क्षेत्र में बीमारियों का ख़तरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने बीती 18 मार्च 2026 को बीडीओ स्योहारा को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर जल निकासी के लिए नाली निर्माण की गुहार लगाई थी। ग्रामीणों ने अपनी इस शिकायत की प्रतिलिपि विधायक धामपुर अशोक कुमार राणा, ब्लॉक प्रमुख स्योहारा उज्जवल चौहान और मुख्य विकास अधिकारी को भी भेजी है। प्रार्थना पत्र पर विशाल त्यागी, मीनू, इकरार, कविता, कमल, तेजपाल सिंह और सत्यम कुमार आदि के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

# एचटी लाइन का तार टूटने से गेहूं की फसल जली

संवाददाता सैदनगली/हसनपुर



खेत में लगी आग से उठतीं लपटें।



जांच करती पुलिस और राजस्व विभाग की टीम। • अमृत विचार

- आग बुझाने के प्रयास में किसान का बेटा झुलसा
- आग में ट्रैक्टर जला, सूचना के बाद भी नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव इकौंदा में शनिवार को हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से भीषण आग लग गई। हादसे में किसान की करीब 12 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, जबकि आग बुझाने की कोशिश में किसान का बेटा गंभीर रूप से झुलस गया और ट्रैक्टर भी जलकर नष्ट हो गया।

क्षेत्र के गांव इकौदा निवासी किसान राजपाल के खेत के ऊपर से हाईटेंशन बिजली की लाइन गुजरती है। शनिवार को अचानक हाईटेंशन लाइन का तार अचानक टूटकर नीचे गिर गया। तार से निकली चिंगारी ने खेत में रखी कटी गेहूं की फसल को चपेट में ले लिया और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें उठती देख किसान का पुत्र जितेंद्र बिना समय गंवाए ट्रैक्टर लेकर खेत में पहुंचा और जुताई कर आग को फैलने से रोकने का प्रयास करने लगा। इसी दौरान आग ने ट्रैक्टर को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे ट्रैक्टर जल गया और जितेंद्र गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने उसे तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है।

### फायर ब्रिगेड न पहुंचने पर जताया आक्रोश

ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना थाना सैदनगली को दी, थाने से फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। ग्रामीणों को खुद ही पानी और अन्य साधनों से आग बुझाने की कोशिश करनी पड़ी। हालांकि तब तक किसान की पूरी फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी। राजपाल सिंह ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि हाईटेंशन लाइन के नीचे सुरक्षा के लिए जाल नहीं लगाया गया था। मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के जेई नवीन कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी।



आग से जला ट्रैक्टर।

# बारदाना के अभाव में गेहूं तौल बंद, किसान परेशान

संवाददाता, हसनपुर

- आक्रोशित किसानों ने नगलिया मुंशी में किया प्रदर्शन

अमृत विचार : ग्रामीण क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्रय केंद्रों पर पिछले चार दिनों से बारदाने की भारी किल्लत बनी हुई है। बारदाने न होने के कारण केंद्रों पर गेहूं की तौल पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे नाराज किसानों ने शनिवार को ग्राम नगलिया मुंशी में जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन करने वाले किसानों का कहना है कि गेहूं की औसत पैदावार कम है,कार्यकेंद्रो पर तौल न होने के कारण किसान अपनी उपज को ओने पौने दामों पर बेचने को विवश हैं। किसान अपनी खून-पसीने की कमाई (गेहूं की फसल) लेकर पिछले कई दिनों से केंद्रों पर चक्कर लगा रहे हैं। कुछ किसानो ने अपनी उपज को वाहनों पर लाद रखा है। क्रय केंद्रों पर बारदाना बोरे आदि न होने के कारण तौल बंद ह। किसानों को डर है कि यदि अचानक मौसम बिगड़ता है या बारिश होती है, तो उनकी मेहनत की फसल बर्बाद हो जाएगी। साथ ही, खुले में रखी फसल की सुरक्षा को लेकर भी किसान रात-भर जागने को मजबूर हैं। प्रदर्शन के दौरान राष्ट्र सेवी संगठन के संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने नाराजगी जताई। सहकारी संघ कुंदरकी भूड़ के सभापति करण सिंह ने चेतावनी दी कि यदि अगले 24 घंटों के भीतर तौल प्रक्रिया सुचारू नहीं की गई, तो क्षेत्र का किसान आंदोलन करने को विवश होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से नरेंद्र सिंह, खड़क सिंह, होशियार सिंह, रघुवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, वीर पाल, रूपचंद सिंह, डालचंद, टेकचंद सिंह और विजेंद्र सिंह सहित दर्जनों किसान रहे।

# एक साथ उठीं दो दोस्तों की अर्थियां, रो पड़ा फूलपुर

संवाददाता, रहरा

- परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार
- पौरारा गंगा तट पर एक साथ हुआ दोनों का अंतिम संस्कार

अमृत विचार: गंगा में डूबे दोनों युवकों के शवों का परिजनों ने बगैर पोस्टमार्टम कराये शनिवार सुबह गंगेश्वरी के पौरारा गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर किया। अंतिम संस्कार को ले जाते समय हजारों की तादाद में इकट्ठे हुए ग्रामीणों एवं आसपास के लोगों में सन्नाटा सा छा गया। गमगीन माहौल में चारों तरफ मची चीख पुकार के बीच इकट्ठा हुए लोग अपनी आंखों से आंसू नहीं रोक पाए।

बताते चलें कि रहरा थाना क्षेत्र के गांव फूलपुर निवासी आठ दोस्त पौरारा गंगा घाट पर शुक्रवार सुबह करीब 12 बजे गंगा नहाने गए थे। इस दौरान गांव फूलपुर निवासी करीब 21 वर्षीय अतुल कसाना पुत्र विजय सिंह तथा उसका पड़ोसी सोहित नागर पुत्र विशुपाल उम्र करीब 19 वर्ष गंगा में नहाने के बाद गंगा किनारे गहरे जल में डूब गए थे। करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों के साथ गोताखोरों ने शुक्रवार शाम करीब 7रू00 बजे दोनों के शव बरामद किए थे। देर रात परिजन बगैर पोस्टमार्टम कराई रहरा थाने से दोनों शवों को पंचनामा भर घर ले आए। शनिवार सुबह करीब 9 बजे गमगीन माहौल में परिजनों ने पौरारा गंगा घाट पर दोनों शवों का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक अतुल कसाना तीन भाइयों व एक बहन में सबसे छोटा था। तथा मृतक सोहित नागर भी दो भाइयों तथा एक बहन में परिवार में सबसे छोटा था। दोनों युवकों की मौत से परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### दोस्त को बचाने के चक्कर में मौत के मुंह में समा गया अतुल, गांव में पसरा मातम

रहरा( अमरोहा), अमृत विचार : गंगा में डूबे गांव फूलपुर निवासी मृतक अतुल कसाना व सोहित नागर पड़ोसी होने के साथ-साथ अच्छे दोस्त थे। दोनों के घर गांव में करीब 50 मीटर की दूरी पर आमने-सामने बने हुए हैं। मृतक अतुल कहीं बाहर गाड़ी ड्राइविंग का काम करता था। जो करीब महीने भर पहले गेहूं निकासी के लिए गांव में आया था। जबकि मृतक सोहित पढ़ाई के साथ-साथ गांव की एक दूध की डेयरी पर काम करता था। ग्रामीणों की माने तो अतुल बहुत मिलनसार लड़का था। तथा कभी किसी दूसरे के काम आने में आना-कानी नहीं करता था। शुक्रवार दोपहर करीब 12रू00 बजे गंगा में नहाने के बाद दोनों दोस्त दूसरी साइड (जनपद बुलंदशहर की तरफ) से पौरारा गंगा घाट की तरफ लौटते समय गंगा किनारे के नजदीक गहरे जल में पहले अतुल कसाना को गोता लगा था। लेकिन, जैसे-तैसे अतुल ने हाथ पैर मार कर गंगा का किनारा पकड़ लिया तथा गंगा किनारे आकर बैठ गया। इतने में ही उसका दोस्त सोहित नागर गंगा किनारे के नजदीक गहरे जल में जैसे ही डूबने लगा। तो थोड़ी दूरी पर खड़े मृतक सोहित के भाई रोहित ने शोर मचाना शुरू कर दिया। दोस्त को बचाने के चक्कर में स्वयं की चिंता किए बिना अतुल ने एक लकड़ी का सहारा देकर उसको खींचना चाहा लेकिन,लकड़ी अचानक छूट गई। लकड़ी छूटने के बाद गंगा में डूबे सोहित ने स्वयं को बचाने के चक्कर में अतुल का हाथ पकड़ लिया। क्योंकि दोनों में से किसी को भी तैरना नहीं आता था। जिसके बाद अतुल भी सोहित के साथ गंगा में समा गया।

# खिड़की तोड़कर स्कूल से कीमती सामान चोरी




चोरी की घटना के बाद जांच करती पुलिस। • अमृत विचार

संवाददता, बुरावली

अमृत विचार : रहरा थाना क्षेत्र के गांव जयतोली स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में शरारती तत्वों ने खिड़की तोड़कर एलईडी इंटरैक्टिव पैनल को क्षतिग्रस्त कर दिया। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह जब विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार स्कूल पहुंचे और कक्ष का ताला खोलकर अंदर गए, तो वहां लगा इंटरैक्टिव एलईडी पैनल टूटा हुआ मिला। पास में पत्थर पड़े होने से अंदेशा है कि अज्ञात लोगों ने खिड़की के शीशे तोड़कर अंदर पत्थर फेंके, जिससे उपकरण क्षतिग्रस्त हो गया। प्रधानाचार्य ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और शरारती तत्वों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, इंटरैक्टिव पैनल के क्षतिग्रस्त होने से स्मार्ट क्लास और ऑनलाइन पढ़ाई बाधित हो गई है।

**आयोजन** सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं, लंबित शिकायतों का निस्तारण न होने पर जताई नाराजगी

# संपूर्ण समाधान दिवस में 84 शिकायतों में से 12 का हुआ निस्तारण

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



शिकायतों का निस्तारण करतीं डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी लखन सिंह।

- पुरानी शिकायतों का भी निस्तारा नहीं होने पर डीएम ने जताई नाराजगी

अमृत विचार: तहसील अमरोहा के ब्लॉक सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम निधि गुप्ता और एसपी अमित आनंद ने आमजन की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने पूर्व में आयोजित तहसील दिवसों की शिकायतों की समीक्षा करते हुए पाया कि कुछ विभागों द्वारा शिकायतों का संतोषजनक निस्तारण नहीं किया गया है। समाधान दिवस में कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व विभाग की 6, पुलिस विभाग की 8, विनियमित क्षेत्र की 1, नगर पालिका की 4, आपूर्ति विभाग की 4 और विद्युत विभाग की 4 शिकायतें शामिल रहीं। इनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि भूमि संबंधी मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा गया। पुलिस अधीक्षक ने भी निर्देश दिए कि पुलिस से जुड़ी शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी समाधान किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस मौके पर उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेंद्र सिंह सहित जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस में छह शिकायतों का ही हो सका निस्तारण



धनौरा, अमृत विचार : शनिवार को तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 44 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से मात्र 3 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। शेष 41 शिकायतों को संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण के लिए भेज दिया गया। विभागवार प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग को सर्वाधिक 20 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 3 का निस्तारण किया गया। पुलिस विभाग को 13 शिकायतें प्राप्त हुईं, लेकिन एक भी शिकायत का मौके पर समाधान नहीं हो सका। वहीं, आपूर्ति विभाग को मिली 4 शिकायतों में से 3 का निस्तारण किया गया। विकास विभाग से 2, विद्युत विभाग से 3, मध्य गंगानहर से 1 तथा चकबंदी विभाग से 1 शिकायत दर्ज की गई। इस अवसर पर तहसीलदार मूसराम थारु, नायब तहसीलदार योगेश कुमार, राजपाल सिंह, कानूनगो मनोज कुमार, डिप्टी रेंजर मनोज कुमार, सप्लाई इंस्पेक्टर अमित श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### हसनपुर में एडीएम ने सुनीं समस्याएं

हसनपुर, अमृत विचार : शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवसश् का आयोजन एडीएम धीरेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सुबह से ही फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे, जहाँ एडीएम के साथ एसडीएम हिमांशु उपाध्याय तहसीलदार श्रीमती लकी सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कुल 23 शिकायतों में से 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। सबसे अधिक 6 शिकायतें राजस्व विभाग की रहीं, जबकि पुलिस की 5, चकबंदी की 4, विकास विभाग की 2 और अन्य विभागों की 4 शिकायतें प्राप्त हुईं। उन्होंने शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर बिजली एसडीओ मिथिलेश कुमार और ईओ विजयपाल सिंह वन रेंजर नरेश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## भड़काऊ संदेश भेजने पर आठ श्रमिकों पर कार्रवाई

गजरौला, अमृत विचार : श्रमिकों के मोबाइल पर मानदेय बढ़ाने को लेकर भड़काऊ मैसेज भेजने वाले आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। सोशल मीडिया के जरिए 17 अप्रैल को फैक्ट्री गेट पर जमा होकर ताला लगाने का मैसेज वायरल किया गया था। शुक्रवार सुबह फैक्ट्री के गेट पर श्रमिक जमा हो गए व नारेबाजी की। सूचना पर पहुंचे एसडीएम व सीओ ने श्रमिकों को शांत कराया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी मोहित त्यागी, हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव आलमपुर निवासी गौतम सिंह, मोहल्ला धुनपुरी निवासी अंकुश, चकनवाला निवासी अरमान, कालरा स्टेट निवासी सचिन, मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी शिवम, मनीष सहित आठ पर कार्रवाई की है।

## न्यूज ब्रीफ

### जेसीबी व ट्रैक्टर गारा मशीन की सीज

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** खनन अधिकारी शिवम कुमार ने शनिवार दोपहर एएनएम ब्रिक वर्क नामक ईंट भट्ठे पर छापा मारा। मौके पर पाया गया कि जेसीबी मशीन से अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा था और ट्रैक्टर गारा मशीन से उसकी ढुलाई की जा रही थी। टीम ने मौके से एक जेसीबी मशीन और एक ट्रैक्टर गारा मशीन को कब्जे में ले लिया। दोनों वाहनों के चालक मौके से फरार हो गए। खनन अधिकारी की सूचना पर मंसूरपुर माफी चौकी इंचार्ज रोहित मलिक मौके पर पहुंचे और जब्त मशीनों को थाने भिजवाया गया।

### डॉ. मोहम्मद अथर के परिजन सम्मानित

**संभल, अमृत विचार :** जनपद के छोटे से गांव मूसापुर के रहने वाले असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद अथर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। इटली की यूनिवर्सिटी ऑफ कागलियारी में कार्यरत डॉ. अथर को एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस पर किए गए अंतरराष्ट्रीय शोध में उनके विचार चयनित होने पर सम्मानित किया गया है। डॉ. मोहम्मद अथर वर्तमान में यूनिवर्सिटी ऑफ कागलियारी (इटली) में बायोफिजिक्स के असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद उनके पैतृक गांव मूसापुर पहुंचकर उनके पिता हाजी मोहम्मद ताहिर व माता को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# भटपुरा गांव में तबाही मचाकर चला गया आंधी-तूफान

## रात को सोते समय आए आंधी-तूफान ने बच्ची की ली जान, माता-पिता का रो रोकर बुराहाल, चार लोग गंभीर रूप से घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा

**अमृत विचार :** संभल में आया तूफान एक परिवार की खुशियों को झटके में उड़ा ले गया। रात को सो रहे परिजनों ने कभी नहीं सोंचा होगा यह तूफान पूरे परिवार को मौत का मंजर दिखाकर चला जाएगा। मां ने प्रियांशी को बड़े दुलार से अपने पास सुलाया था, प्रियांशी की मां को क्या पता था कि तूफान उनके सपनों को भी उड़ा ले जाएगा।



मृतका प्रियांशी।

शुक्रवार देर रात को भटपुरा गांव में सब कुछ सही था, लेकिन रात में आए आंधी और तूफान ने तबाही मचा दी। इस तबाही का सबसे अधिक असर गांव निवासी शीशपाल पर पड़ा। रात को सोने से पहले शीशपाल और ममता ने बड़े दुलार के साथ बेटी को खाना खिलाया। उसके बाद रात को ममता ने बड़े दुलार से बेटी को थपकी देकर अपने पास सुला लिया। देर रात आई तेज आंधी और तूफान के हवा के झोके पड़ोसी पप्पू की दीवार सह नहीं सकी और भरभराकर शीशपाल



संभल के भटपुरा गांव में बच्ची की मौत के बाद गमगीन परिजन। ● अमृत विचार



घटना के बाद पड़ा मलबा। ● अमृत विचार

**● इकलौती संतान थी बिटिया, मां-बाप का रो रोकर बुराहाल**

के मकान की छत पर गिर गई। दीवार गिरने से शीशपाल के घर की छत भी शीशपाल, ममता और उनकी 10 वर्षीया बेटी प्रियांशी के साथ-साथ ज्योति पत्नी जितेंद्र और मुन्नी देवी पत्नी टैनी के ऊपर गिर गई। दीवार गिरने से पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मलबे से बाहर निकाला और तुरंत सीएचसी पर ले गए। कुछ देर बाद ही गंभीर रूप से घायल प्रियांशी ने दम तोड़ दिया।



संभल के भटपुरा गांव में बच्ची की मौत के बाद बिलखती उसकी मां।

### बेटी के शव को देख बिलख पड़ी ममता

शीशपाल और ममता की प्रियांशी इकलौती संतान थी। हादसे में घायल शीशपाल और ममता को जब पता चला कि उनकी बिटिया उन्हें छोड़कर चली गई, तब दोनों बिलख पड़े। बार बार बच्ची को शव को झकझोरते और उससे उठने को कहते। ममता बेटी को शव को ममता के आंचल से छांव देती और कहती कि बिटिया उठ जा। लेकिन बिटिया छोड़कर जा चुकी थी। शीशपाल और ममता को बिलखता देख पत्थर दिल इंसान के भी आंसू निकल पड़े।

### घटना के बाद पहुंचा तहसील प्रशासन, लिया जायजा

शनिवार सुबह घटना की सूचना मिलने पर तहसील संभल प्रशासन हरकत में आया। नायब तहसीलदार अरविंद कुमार मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। नायब तहसीलदार ने बताया कि आंधी-तूफान के कारण पड़ोसी के मकान की दीवार और छत गिरने से यह हादसा हुआ है। उन्होंने कहा कि अन्य घायलों का उपचार जारी है और शासन के निर्देशानुसार पीड़ित परिवार को हर संभव आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार तेज आंधी के चलते कई स्थानों पर नुकसान हुआ है, लेकिन इस घटना ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया है। मासूम की मौत से हर कोई स्तब्ध है।

### आंधी-तूफान से चरमराई बिजली व्यवस्था, कई घंटे ठप रही

**संभल, अमृत विचार :** जनपद में शुक्रवार देर रात आए तेज आंधी-तूफान ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। तूफान के कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई और आधा दर्जन से अधिक विद्युत उपकेंद्र ब्रेकडाउन में चले गए। इसके चलते 500 से ज्यादा गांवों की बिजली आपूर्ति अचानक ठप हो गई, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में अंधेरा छा गया और लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आंधी के दौरान तेज हवाओं के चलते जगह-जगह बिजली लाइनों के तार टूट गए, जबकि कई स्थानों पर बिजली के खंभे भी धराशायी हो गए। अचानक हुए इस बड़े नुकसान से बिजली विभाग के सामने आपूर्ति बहाल करने की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बिजली विभाग की टीमें शनिवार तड़के से ही मरम्मत कार्य में जुट गईं। कर्मचारियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर टूटे हुए तारों को जोड़ने और गिरे हुए खंभों को बदलने का काम शुरू किया। कई जगहों पर कीचड़ और रास्तों की खराब स्थिति के बावजूद टीमें लगातार काम करती रहीं। आंधी-तूफान के चलते ऐंचोड़ा कंबोह, सैंडा, असमोली समेत सात से अधिक विद्युत उपकेंद्र ब्रेकडाउन हो गए थे। इनमें से ऐंचोड़ा कंबोह उपकेंद्र की आपूर्ति बहाल करने के लिए दिनभर प्रयास चलता रहा और आखिरकार शनिवार शाम करीब 6 बजे इसे चालू कर दिया गया, जिससे आसपास के कई गांवों में बिजली आपूर्ति शुरू हो सकी। इसके अलावा असमोली, सैंडा और अन्य प्रभावित उपकेंद्रों को भी चालू करने के लिए विभागीय टीमें लगातार प्रयासरत रहीं। अधिकारियों के अनुसार अधिकांश क्षेत्रों में देर रात तक बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई, हालांकि कुछ स्थानों पर मरम्मत कार्य जारी है और जल्द ही पूरी तरह सप्लाई सामान्य कर दी जाएगी। बिजली आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को पानी, मोबाइल चार्जिंग और अन्य दैनिक कार्यों में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई गांवों में लोग रातभर अंधेरे में रहने को मजबूर रहे। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सभी प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से काम कराया जा रहा है।

## घायल युवक को डीएम एसपी ने अस्पताल भेजा



घायल युवक को अपनी गाड़ी से अस्पताल भिजवाते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई

**अमृत विचार:** मुरादाबाद-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को सड़क किनारे घायल पड़े युवक की मदद के लिए खुद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक रुक गए और उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

गुन्नौर तहसील परिसर में आयोजित समाधान दिवस में शामिल होकर लौट रहे जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की नजर धनारी-पाठकपुर के बीच श्यामपुर ढलान के पास सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े युवक पर पड़ी। युवक को गंभीर हालत में देख अधिकारियों ने तुरंत अपना काफिला रुकवाया और मौके पर पहुंचकर घायल युवक को अपनी एस्कॉर्ट गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई भिजवाया, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घायल युवक बिट्टू पुत्र बुद्धसेन निवासी गांव अहमदपुर थाना हयातनगर के रूप में हुई है।

## फार्मासिस्ट की मौत का कारण नहीं हो सका स्पष्ट

**चंदौसी, अमृत विचार :** शहर के सरकारी अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट का शव शुक्रवार को अस्पताल के एक कमरे में बरामद किया गया था। वह पिछले चार दिनों से लापता थे। पोस्टमार्टम को रिपोर्ट आने के बाद भी उनकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

शहर के सरकारी अस्पताल में पिछले काफी समय से मोहन पाठक (50) तैनात थे। साथ ही वह लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे। वह मंगलवार से लापता थे। शुक्रवार को सरकारी अस्पताल परिसर में बने कमरे से दुर्गंध आने पर दरवाजा तोड़कर देखा गया तो कमरे के अंदर मोहन पाठक का शव जमीन पर पड़ा हुआ था। अंदर से दरवाजा बंद होने व मोहन पाठक का शव इस तरह से कई दिन से जमीन पर पड़े रहना कई सवाल खड़े करता है। आखिर फार्मासिस्ट के अंदर से दरवाजा क्यों बंद किया था।

## बजट बैठक अचानक रद्द होने पर भड़के सभासद, जताया रोष

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद संभल की प्रस्तावित बजट बोर्ड बैठक अचानक रद्द किए जाने से सभासदों में नाराजगी फैल गई। बैठक में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में सभासद पालिका सभागार पहुंचे। जहां बैठक स्थल पालिका सभागार में ताला लगा देख उन्होंने विरोध प्रदर्शन कर निर्णय को मनमाना बताया।

नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक शनिवार को 11 बजे पालिका सभागार में होनी प्रस्तावित थी। सभासदों को बैठक का एजेंडा व सूचना दे दी गई थी। इसके बाद शुक्रवार शाम को नगर पालिका अध्यक्ष आशिया मुशीर ने अपरिहार्य कारणों से बैठक स्थगित किये जाने का पत्र जारी कर दिया। सभासदों का आरोप है कि बैठक को बिना किसी पूर्व सूचना या आधिकारिक नोटिस के रद्द कर दिया गया। केवल देर रात अध्यक्ष की ओर से





संभल में पालिका कार्यालय गेट पर बैठक का एजेंडा दिखाते सभासद। ● अमृत विचार

**● नगर पालिका में किया प्रदर्शन लगाए आरोप**

अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए व्हाट्सएप पर सूचना जारी की गई। सभासद शौकीन ने कहा कि बैठक स्थगित करने से पहले न तो एजेंडा जारी किया गया और न ही किसी सदस्य को विधिवत सूचना दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया को प्रेस नोट भेज दिया गया, लेकिन सभासदों को जानकारी देना जरूरी नहीं समझा गया। उन्होंने यह भी कहा कि चेयरपर्सन की तबीयत खराब होने की बात मीडिया के माध्यम से सामने आई, जबकि सभासदों को व्यक्तिगत रूप से सूचित नहीं किया गया। शौकीन ने इस पूरे घटनाक्रम को शहर के विकास में बाधा बताते हुए कहा कि बजट बैठक फरवरी से लगातार टल रही है, जिससे विकास कार्य ठप पड़े हैं। करीब 1 अरब 67 करोड़ रुपये के बजट पर अब तक कोई निर्णय नहीं हो सका है। सभासदों ने पालिका प्रशासन पर दबाव और भय का माहौल बनाने का भी आरोप लगाया। उनका कहना था कि ज्यादा सवाल उठाने पर एफआईआर और जांच की धमकी दी जाती है। उन्होंने आशंका जताई कि कुछ सदस्यों से दबाव में हस्ताक्षर कराकर बजट को शासन स्तर से पास कराने की कोशिश की जा सकती है। प्रदर्शन में सभासद महावीर सिंह, राजेंद्र कुमार, हाजी पप्पू, मोहम्मद रेहान, वेद प्रकाश, इब्राहिम, मौ. रागिब, अनीस, मौ. गौहर समेत 20 से 25 सभासद मौजूद रहे। सभासद गगन वार्ष्णेय ने कहा कि तय समय पर सभी सदस्य पहुंचे, लेकिन सभागार में ताला लटका मिला। उन्होंने कहा कि बोर्ड बैठक न होने से शहर के जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे हैं और सभासद अपने प्रस्ताव भी नहीं रख पा रहे हैं। सभासदों ने जल्द से जल्द बोर्ड बैठक बुलाने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो वे न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।

### बोलीं अध्यक्ष : तबियत खराब होने की वजह से स्थगित की गई बैठक

**संभल, अमृत विचार :** नगर पालिका अध्यक्ष आसिया मुशीर ने बताया कि उनकी तबीयत अचानक खराब हो जाने के कारण बैठक स्थगित करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि इसी माह दोबारा सूचना जारी कर बैठक आयोजित की जाएगी। पालिका ईओ डॉ. मणिभूषण तिवारी ने कहा कि बैठक की सभी तैयारियां पूरी थीं, लेकिन अपरिहार्य कारणों से इसे स्थगित किया गया। उन्होंने सभासदों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि शहर में विकास कार्य लगातार जारी हैं और किसी भी शिकायत का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

## विकास कार्यों में देरी पर किया प्रदर्शन

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार :** चंदौसी रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों में अत्यधिक देरी और लापरवाही को लेकर नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई ने स्टेशन परिसर में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।



चंदौसी रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन करते व्यापारी। ● अमृत विचार

नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि स्टेशन के सौंदर्यीकरण और आधुनिकीकरण के लिए लगभग 21 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी, लेकिन लगभग तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी काम की रफ्तार बेहद धीमी है। योजना के तहत संयुक्त प्रतीक्षालय, शौचालय, लिफ्ट और स्वचालित सीढ़ियां जैसी सुविधाएं विकसित होनी थीं, जो निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण यात्रियों की पहुंच से बाहर हैं। जबकि तत्कालीन डीआरएम ने लगभग 15 बार स्टेशन का निरीक्षण किया और ठेकेदार को निर्देश दिए, फिर भी लापरवाही के कारण कार्य में कोई खास प्रगति नहीं हुई है। प्रदर्शन करने वालों में शुभम अग्रवाल, अरुण, सोनू, रमाकांत पंडित, राजा कुरैशी, गोविंद, रितिक, मयंक, रतन, आदि शामिल रहे।

## आराम सिंह का था रामपुर में मिला शव, हुई शिनाख्त

**चंदौसी, अमृत विचार :** शुक्रवार की दोपहर जनपद रीठ - गुलरिया मार्ग पर बॉर्डर से दस मीटर की दूरी पर रामपुर जनपद की सीमा क्षेत्र में एक वृद्ध का शव मिला था। शव के पास खड़े ई रिक्शा व नीचे गिरे पड़े प्लाई बोर्ड को देखकर ई रिक्शा पलटने से वृद्ध की मौत जताई जा रही थी। शाम 5 बजे थाना शाहबाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। शनिवार की सुबह वृद्ध की शिनाख्त सम्भल जनपद के थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ निवासी आराम सिंह (55) के रूप में हुई।

## सींग से बटन बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल के थाना नखासा क्षेत्र के रुकनुद्दीन सराय में शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान आबादी के बीच संचालित अवैध 'सींग से बटन बनाने की फैक्ट्री' का खुलासा हुआ। दोनों इकाइयों के संचालकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

प्रशासन को लगातार इलाके में तेज दुर्गंध फैलने की शिकायतें मिल रही थीं। इसी आधार पर नगर मजिस्ट्रेट ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जहां 'सायरा एंटरप्राइजेज' नाम से सींग से बटन बनाने का काम चल रहा था। जांच में पाया गया कि संचालक के पास केवल जीएसटी रजिस्ट्रेशन है, जबकि प्रदूषण नियंत्रण और उद्योग विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। फैक्ट्री में धूल और ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए कोई इंतजाम नहीं थे। इससे आसपास के क्षेत्र में तेज बदबू और प्रदूषण की समस्या बनी हुई थी, जिससे स्थानीय लोग परेशान थे। कार्रवाई के तहत रईस द्वारा संचालित 'रईस हैंडीक्राफ्ट' का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर मौजूद संचालक मो. आदिल ने बताया कि कागजात में कुछ कमी है, जिसे पूरा करने के बाद ही आगे काम किया जाएगा। प्रशासन ने दोनों इकाइयों के संचालकों के खिलाफ नोटिस जारी कर दिया है।



फैक्ट्री पर कार्रवाई करते नगर मजिस्ट्रेट। ● अमृत विचार

## जिले में 115 किसानों को मिला मुआवजा

**संभल, अमृत विचार :** जनपद में हाल ही में हुई ओलावृष्टि और बारिश से प्रभावित किसानों को उत्तर प्रदेश सरकार ने राहत पहुंचाई है। गेहूं की फसल को हुए नुकसान की भरपाई के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा मुआवजे की राशि सीधे किसानों के खातों में भेज दी गई है। तहसील चंदौसी के गांव भवन और राजपुर में 115 किसानों को सांकेतिक चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम में यूपी की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने किसानों को कुल 4 लाख 19 हजार रुपये की मुआवजा राशि के प्रतीकात्मक चेक सौंपे। चंदौसी एसडीएम नीतू रानी भी मौजूद रहीं।

## सड़क हादसे में ग्रामीण की मौत दो लोग घायल

**बबराला, अमृत विचार:** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव घौंसली अनिरुद्ध निवासी तेजपाल शुक्रवार को बाइक से बबराला आ रहे थे। आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर इटऊआ पुलिया के पास शाम करीब चार बजे सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तेजपाल समेत दूसरी बाइक पर सवार बदायूं जिले के जरीफनगर निवासी राजेश कुमार और दिनेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तेजपाल को मृत घोषित कर दिया। दोनों घायलों का उपचार जारी है।



मृतक तेजपाल।

## शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जन सामान्य की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों को शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

तहसील गुन्नौर सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और हर प्रार्थना पत्र का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने



गुन्नौर में समाधान दिवस के दौरान शिकायतें सुनते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

**● गुन्नौर तहसील में डीएम और एसपी ने सुनी समस्याएं**

पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनते हुए संबंधित थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने चकबंदी अधिकारी को निर्देशित किया कि काश्तकारों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाए और उनका निस्तारण किया जाए। साथ ही अवैध रूप से ठिया हटाने के मामलों में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने विरासत एवं कुम्हारी कला से जुड़े प्रकरणों के निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। ग्रामवार कब्जा सूची तैयार कराने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकास चंद्र, क्षेत्राधिकारी आलोक सिद्धू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### चंदौसी में छह शिकायतों का मौके पर किया निस्तारण

**चंदौसी, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 58 शिकायत दर्ज कराई गई। जिसमें सबसे अधिक राजस्व की 16, पुलिस की 11, विकास विभाग की छह, चकबंदी की चार, खादय एवं रसद विभाग की तीन तथा अन्य विभागों की 17 शिकायत दर्ज कराई गई। जिसमें राजस्व की तीन, पुलिस की एक व अन्य विभागों की दो शिकायत दर्ज कराई गई। समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी के अलावा उपजिलाधिकारी नीतू रानी, तहसीलदार रवि सोनकर व क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी ने शिकायतें सुनीं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र में चंदौसी-बहजोई रोड पर शुक्रवार देर रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में घायल हुए युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

थाना बहजोई क्षेत्र के गांव आनंदपुर निवासी जितेंद्र (28) शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे अपनी मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी ग्राम अचलपुर से वापस अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान चंदौसी-बहजोई रोड पर भारत गैस एजेंसी के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि सूचना दर्ज करने के साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**कार्यालय जिला पंचायत, रामपुर**

पत्रांक : 81/निविदा/2026-27/जि.पं. दिनांक : 17.04.2026

**ई-निविदा सूचना वित्तीय वर्ष 2026-27**

सरकारी गजट उत्तर प्रदेश दिनांक 14 जुलाई 2020 में प्रकाशित जिला पंचायत रामपुर के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त राज्य सरकार के सिंचाई विभाग एवं लोक निर्माण विभाग रजिस्टर्ड ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पत्रांक सं. 1495/जि.पं. दिनांक 02.12.2025 के द्वारा कुल 131 कार्य में से 18 कार्यो टेन्डर पुनः आमंत्रित किये जा रहे है तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 अवशेष धनराशि से 34 नवीन कार्य सम्मिलित किये जा रहे है। कुल 52 कार्यो की निविदा आमंत्रित की जा रही है, प्रपत्र वेबसाइट Etender.up.nic.in एवं से दिनांक 20.04.2026 को प्रातः 10:00 बजे से डाउनलोड किए जा सकते है।

उक्त निविदा सूचना http://Rampur.nic.in आनलाइन निविदा की अन्तिम तिथि 07.05.2026 को शाम 6:00 बजे तक होगी। दिनांक 08.05.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से जिला पंचायत कार्यालय में निविदा समिति द्वारा निविदायें खोली जायेंगी। कालम-7 में दर्शाई गई निविदा प्रपत्र शुल्क की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट अथवा जिला पंचायत के पंजाब नैशनल बैंक रामपुर के जिला निधि खाता सं. 1448010024532 IFSC कोड PUNB0144/820 में जमा कर सकते है एवं कॉलम संख्या-8 में अंकित धरोहर धनराशि की एफ.डी.आर./एन.एस.सी. अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, रामपुर के पक्ष में देय/बंधक करते हुए संलग्न की जायेगी तथा इसकी स्कैन प्रतियां निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न की जायेंगी तथा मूल प्रतियां निविदा खोलने के उपरांत दो दिवस के अन्दर जिला कार्यालय रामपुर को उपलब्ध करानी होगी। निविदा सम्बन्धी अन्य शर्तो एवं अभिलेखों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पंचायत रामपुर से की जा सकती है।

कार्य की लागत में GST की धनराशि सम्मिलित नहीं है।

**अभियन्ता**
**जिला पंचायत रामपुर**

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत रामपुर**



पिया बाज प्याला पिया जाए ना
पिया बाज यक तिल जिया जाए ना

कुली कुतुब शाह कहते हैं, ईश्वर के बिना जीवन का आनंद नहीं लिया जा सकता। इसी तरह प्रियतम के बिना भी एक पल भी जीना मुश्किल है।

# जीवन की सांध्य बेला में निराश हैं वृद्ध माता-पिता

> मृत्यु जीवन का अंत है। वृद्धावस्था जीवन ऊर्जा का अवसान है। क्या मृत्यु दुख देती है या नहीं देती? यह प्रश्न अनुत्तरित है। मृत्यु का अनुभव अज्ञात है, लेकिन वृद्धावस्था के कष्ट सर्वविदित हैं। बुद्ध की कथा में भी वृद्ध दर्शन की अनुभूति है। ऋग्वेद में 100 शरद जीवन की स्तुति है। इस स्तुति में 'पश्येम शरद : शतं'-100 वर्ष देखने की भी इच्छा है। दीनहीन न होने की भी स्तुति है। वृद्धावस्था में दृष्टि सहित अधिकांश इन्द्रियां काम नहीं करतीं। बुढ़ापे के कष्टों की ओर वैदिक समाज का ध्यान गहरा है। जीवन अमूल्य है।

अमेरिका की समाज व्यवस्था व्यक्तिवादी है। संयुक्त परिवार व्यवस्था नहीं है। अमेरिका में रहने वाले तमाम भारतवासी हमारे परिचित हैं। वे अपने पुत्रों के किस्से सुनाते हुए भावुक हो जाते हैं। आंखें छलछला जाती हैं। ताजी घटना ने मुझे मर्माहत किया है। मेरे एक मित्र के दोनों पुत्र परिवार सहित अमेरिका में कार्यरत हैं। जीवन के अंतिम दिनों में पत्नी के साथ अकेले रह गए।

बीमारी के समय न तो संतानें साथ थीं और न ही उचित देखभाल का सहारा मिला। निधन के उपरांत एक पुत्र और दूसरे की पत्नी औपचारिक रूप से आए, किंतु अंतिम संस्कार तक में वह श्रद्धा परंपरा का भाव नहीं। अस्पताल से सीधे श्मशान ले जाकर बिना विधि-विधान के अंत्येष्टि कर दी गई। घर तक लाना भी आवश्यक नहीं समझा गया। घटना बदलते पारिवारिक मूल्यों और वृद्ध की उपेक्षा का मार्मिक उदाहरण है।

मृत्यु जीवन का अंत है। वृद्धावस्था जीवन ऊर्जा का अवसान है। क्या मृत्यु दुख देती है या नहीं देती? यह प्रश्न अनुत्तरित है। मृत्यु का अनुभव अज्ञात है, लेकिन वृद्धावस्था के कष्ट सर्वविदित हैं। बुद्ध की कथा में भी वृद्ध दर्शन की अनुभूति है। ऋग्वेद में 100 शरद जीवन की स्तुति है। इस स्तुति में 'पश्येम शरदः शतं'-100 वर्ष देखने की भी इच्छा है। दीनहीन न होने की भी स्तुति है। वृद्धावस्था में दृष्टि सहित अधिकांश इन्द्रियां काम नहीं करतीं। बुढ़ापे के कष्टों की ओर वैदिक समाज का ध्यान गहरा है। जीवन अमूल्य है। वृद्ध हमारे समाज का अनुभव समृद्ध भाग हैं। उनके जीवन को कष्टरहित बनाना समाज का कर्तव्य है।

वृद्धों की सेवा उनके पुत्रों-पौत्रों का प्रथम वरीयता वाला दायित्व है। यह राष्ट्र राज्य का भी कर्तव्य है। राष्ट्र राज्य सतर्क है। इस पर कानून भी है, लेकिन समाज इस महत्वपूर्ण समस्या पर सजग व सतर्क नहीं है। भारतीय समाज जीवन संयुक्त परिवारों में विकसित हुआ है। ऐसे परिवारों के सुख-दुःख साझे रहे हैं। वृद्ध अपने बड़े परिवारों में आनंदित रहते हैं, लेकिन अब संयुक्त परिवारों की परंपरा टूट गई है। सब एकाकी रहना चाहते हैं। वृद्ध अकेले हो रहे हैं। वे उपयोगी नहीं माने जाते। वे अशक्त है। आधुनिक उपयोगितावाद के कारण वृद्धावस्था के शारीरिक कष्टों में अब मानसिक संताप भी जुड़ गए हैं। ज्यादातर वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं। संवेदनाए कुचालक हो रही हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

सभी प्राणी काल के भीतर हैं। मनुष्य भी। जन्म और शैशव ऊषाकाल है। बचपन संभावनाओं का बीज है। संभावना का बीज फूटता है। जीवन ऊर्जा से भरीपूरी तरुणाई आती है। तरुणाई भी स्थिर नहीं है। 40-50 शरद पूर्णिमा आई, गई। जीवन का संध्या काल आया। ऊर्जा घटी, शरीर टूटा। प्राचीन कवि बता गए हैं-शीर्यते इति शरीरं। जो शीर्ण होता रहता है, वह शरीर है। शरीर सतत् क्षरणशील है। 60 वर्ष के आसपास आ जाती है वृद्धावस्था। आयुर्वेद के ग्रंथ शारंगधर संहिता में मनुष्य शरीर के क्षरण का सुंदर उल्लेख है।

लिखा है कि प्रत्येक 10 वर्ष बाद भाव ह्रास के लाक्षणिक परिवर्तन आते हैं। जीवन के पहले 10 वर्ष में मनमौजी बाल्यावस्था का ह्रास होता है। फिर अगले 10 वर्ष में वृद्धि का ह्रास होता है। वृद्धि रुक जाती है। फिर अगले 10 वर्ष में कांति चेहरे की दीप्ति का ह्रास, फिर आगे के 10 वर्ष में धारणा का ह्रास होता है। 5वें दशक में सौंदर्य का ह्रास और छठे में दृष्टि का ह्रास बताया गया है। 7वें दशक में ऊर्जाबल का ह्रास, फिर पराक्रम और बुद्धि का ह्रास होता है।'

आधुनिक विज्ञान ने इस ह्रास को घटाया है, लेकिन प्रकृति के नियम अपना काम करते ही हैं। वृद्ध होना सबकी नियति है। बुढ़ापा अभिशाप नहीं है। वृद्धों के पास संसार के जीवंत अनुभवों का कोष होता है। अनुभव का कोष महत्वपूर्ण है। वृद्ध के पास दिशा होती है, युवक के पास गति और ऊर्जा। वृद्धों के दिशा-दर्शन में ही युवकों की गति उपयोगी है।

माता-पिता भी मार्गदर्शक संरक्षक होते हैं। वे न होते तो हम न होते। ऋग्वेद में पृथ्वी माता है, आकाश पिता है। इस उदाहरण में विराट पृथ्वी और अनंत आकाश की तुलना माता-पिता से की गई है। माता-पिता से हमारे अंतर्संबंध एकात्म हैं। वे जनक है। वे हमारा भविष्य संवारने में जुटे दो देव हैं। वे प्रतिपल प्यार और शुभांशंसा उंडेलने वाले शक्ति केंद्र हैं। उनका आदर और सम्मान हमारा कर्तव्य है। माता-पिता के प्रति हमारा सम्मान अतर्क्य है। ऋषि की इच्छा है कि हम पृथ्वी को मां जैसी और आकाश को पिता जैसी प्रतिष्ठा दें।

ऋग्वेद (10.22.3) में इंद्र से कहते हैं 'जैसे पिता अपने पुत्र को संरक्षण देता है, आप हमें वैसे ही संरक्षण दें- पिता पुत्रमिव प्रियम्।' यहां पिता का संरक्षण सबसे बड़ा है। ऋषि की कामना है कि इंद्र भी उसे पिता जैसा संरक्षण दें। हाथ पकड़े रहें, हम गिरें तो वे तत्काल उठा लें। एक अन्य मंत्र में इंद्र से प्रार्थना है कि आप हमें पिता की तरह बुद्धि दें- प्रमतिपितेव। इंद्र ज्ञानी हैं। यह समाज की मान्यता है, लेकिन पिता द्वारा दी गई बुद्धि की बात ही दूसरी है। ऋषि पिता की बुद्धि को श्रेय जानता है। देव सामाजिक मान्यता हैं। पिता यथार्थ हैं। प्रत्यक्ष संरक्षक व सुखदाता है। सोम से स्तुति है, 'हमें वैसे ही सुखी रखो, जैसे पिता पुत्र को सुखी रखता है।' सुख कई तरह का होता है। प्रिय का मिलन सुख है। प्रकृति की अनुकूलता सुख है। इच्छा का पूरा होना भी सुख है, लेकिन ऋषि पिता द्वारा दिए गए सुख से सराबोर है।

माता-पिता बचपन में पोषण देते हैं, पढ़ाते हैं सिखाते हैं। वे स्वयं की चिंता नहीं करते, अपना भविष्य नहीं देखते। हम सबके सुखद भविष्य का तानाबाना बुनते हैं। हम तरुण होते हैं, पिता वृद्ध होते हैं। हम तरुणाई से और परिपक्व होते हैं, पिता और वृद्ध होते हैं। जब हम तेज रफ्तार जीवन की गतिशीलता में होते हैं, तब माता-पिता उठते ही गिर पड़ते हैं। वे बचपन में हमको गिरने से बचाते थे। ऋषि को स्मृति में ऐसे तमाम प्रसंग हैं। एक ऋषि अग्नि से स्तुति करते हैं, 'हमें वैसे ही उछालो जैसे हमारे पिता हमको उछालते थे'। बचपन में माता-पिता हमको उछालते थे। हम उनकी गोद में गिरते थे। खिलखिलाते हंसते थे। क्या उन्हें हम उनकी वृद्धावस्था में अपनी गोद में बैठा सकते हैं?

अधिकांश वृद्ध माता-पिता जीवन की सांझ में निराश हैं। पुत्र अपने काम में व्यस्त हैं। माता-पिता अकेले हैं। कुछेक को दवा भोजन मिलता है, लेकिन प्रेम नहीं। उन्हें वृद्धावस्था में संरक्षण की जरूरत है, लेकिन कमाऊ पुत्र डांट रहे हैं, वृद्ध व्यथित हैं। सरकारें वृद्धाश्रम बना रही हैं। यह राष्ट्रव्यापी समस्या है। इसका उपचार प्राचीन संस्कृति और वैदिक सभ्यता है। भारत के अपने इतिहास में माता-पिता के आदर व श्रद्धा वाला संस्कारी समाज था। वैसा ही संस्कारी समाज बनाने के लिए माता-पिता का संरक्षण पाना और वृद्धावस्था में उन्हें संरक्षण देना कोई बड़ा काम नहीं है। यह सांस्कृतिक प्रश्न है। सामाजिक प्रश्न है और पारिवारिक आनंद की प्राप्ति का मार्ग भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# समाज के कटघरे में खड़ी आजाद स्त्री

हर शाम जब वह अपने दफ़्तर से लौटकर घर का दरवाज़ा खोलती है, तो केवल ताला नहीं खुलता, बल्कि समाज की संदेहभरी निगाहें भी उसके साथ भीतर प्रवेश कर जाती हैं। वह शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरी एक आधुनिक महिला है, जो अपनी गाड़ी स्वयं चलाती है, किताबों में सुकून तलाशती है और अपने सपनों की दुनिया खुद गढ़ती है, लेकिन समाज की नजर में उसकी यह सफलता सम्मान का कारण नहीं बनती, बल्कि उसे 'समस्या' का रूप दे देती है। भारत में आज लाखों महिलाएं अविवाहित, तलाकशुदा या विधवा होकर आत्मसम्मान के साथ जीवन जी रही हैं, फिर भी उन्हें अधूरा मान लिया जाता है। मानो विवाह ही स्त्री के अस्तित्व की अंतिम स्वीकृति हो। यही सीमित सोच उन्हें सराहना के बजाय संदेह और सवालों के कटघरे में खड़ा कर देती है।



कृति जैन
लेखिका

यह मानसिकता अचानक उत्पन्न नहीं हुई, बल्कि सदियों पुरानी परंपराओं की गहराइयों से निकली है। समाज ने स्त्री को सदैव किसी न किसी पुरुष की छाया में देखने की आदत बना ली है। पिता, पति और पुत्र इन्हीं के माध्यम से उसके जीवन की पहचान तय कर दी गई। आज भी अनेक परिवार विवाह को ही स्त्री की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार शहरी भारत में अविवाहित महिलाओं की संख्या बढ़ रही है, फिर भी सामाजिक सोच अब तक पिछड़ेपन से मुक्त नहीं हो सकी है। स्वतंत्र व आत्मनिर्भर महिला को व्यवस्था के लिए खतरा माना जाता है, क्योंकि वह पारंपरिक सत्ता संरचना को चुनौती देती है व स्थापित मान्यताओं को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा कर देती है।

> अकेली महिलाओं की कठिनाइयां केवल सामाजिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संस्थागत ढांचों में भी गहराई से समाई हुई हैं। संपत्ति अधिकार, बैंक ऋण, बीमा योजनाएं और अनेक सरकारी सुविधाएं आज भी विवाहितों को प्राथमिकता देती हैं।

इस भय का सबसे गहरा प्रभाव महिलाओं के रोज़मर्रा के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मकान मालिक उन्हें किराए पर घर देने से हिचकिचाते हैं, पड़ोसी कानाफूसी करते हैं और रिश्तेदार बार-बार विवाह की याद दिलाकर मानसिक दबाव बढ़ाते हैं। कार्यस्थल पर भी उन्हें अलग दृष्टि से देखा जाता है, मानो उनकी योग्यता नहीं, बल्कि उनका वैवाहिक दर्जा ही उनकी पहचान हो। पुरुषों का अविवाहित रहना सामान्य माना जाता है, किंतु किसी महिला का अकेले रहना उसके चरित्र पर प्रश्नचिह्न लगा देता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जहां अविवाहित या विधवा महिलाओं को सामाजिक बहिष्कार और उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। यह दोहरा मापदंड धीरे-धीरे महिलाओं की आत्मविश्वास और मानसिक शक्ति को कमजोर करने का माध्यम बन जाता है।

अकेली महिलाओं की कठिनाइयां केवल सामाजिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संस्थागत ढांचों में भी गहराई से समाई हुई हैं। संपत्ति अधिकार, बैंक ऋण, बीमा योजनाएं और अनेक सरकारी सुविधाएं आज भी विवाहितों को प्राथमिकता देती हैं। व्यवस्था अब तक यही मानकर चलती है कि महिला का जीवन किसी पुरुष के सहारे ही पूर्ण होता है। जब वह अपने बल पर आगे बढ़ती है, तो उसे अपवाद की तरह देखा जाता है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# अनंत समृद्धि का दिन है अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीया हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक है। माना जाता है कि इस दिन से जो भी कार्य शुरू होता है, वो हमेशा पूर्ण होता है। यह त्योहार हर वर्ष बैसाख माह में शुक्ल पक्ष के तृतीया को आता है। अक्षय तृतीया को शादी का अबूझ मुहुर्त माना जाता हैं, क्योंकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इसी कारण अक्षय तृतीया को बहुत अधिक शादियां होती हैं।

अक्षय तृतीया का पर्व बसंत व ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है। इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण और पिंडदान भी पूर्ण विश्वास से किया जाता है, जिसका फल भी अक्षय होता है। इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है, क्योंकि सतयुग की समाप्ती पर त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है।

माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था, इसीलिए इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि आखा तीज के दिन राजा भागीरथ गंगा नदी को पृथ्वी पर लाए थे। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु तथा उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। आखा तीज के दिन ही देवी अन्नपूर्णा का जन्म भी हुआ था। यह वह दिन था, जब भगवान कृष्ण ने अपनी सारी संपत्ति और सौभाग्य अपने गरीब मित्र सुदामा को दे दिया था। अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धेय ऋषि वेद व्यास ने महाभारत की रचना शुरू की थी और पुराणों के अनुसार यह दिन त्रेता युग की शुरुआत का प्रतीक है। जो मानव जाति के चार युगों या युगों में से दूसरा है।



रमेश सर्राफ
स्वतंत्र पत्रकार

हिंदू शास्त्रों और पुराणों के अनुसार चार युग का चक्र होता है, जिसे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सतयुग, जिसे इंसान के जीवन का सुनहरा दौर कहा जाता है, वो समाप्त हो जाता है और त्रेतायुग शुरू हो जाता है, इसलिए अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है।

अक्षय शब्द का अर्थ होता है, कभी न मिटने या कम होने होने वाला। संस्कृत में अक्षय (अक्षय) शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता होता है, जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इसका नाम हिंदू कैलेंडर में बैसाख के बसंत महीने के तीसरे चंद्र दिवस के नाम पर रखा गया है। इस त्योहार को हम अपनी भाषा में आखातीज नाम से भी जानते हैं, जिसका अर्थ होता है जो कभी खत्म ना होने वाला, इसलिए माना जाता है की यह दिन हमारे लिए वस्तुओं की खरीदारी का सबसे शुभ दिन माना जाता है। इसी कारण इस दिन किए गए सभी अच्छे कार्यों, जैसे जप, यज्ञ, दान-पुण्य, का पुण्य कभी भी समाप्त नहीं होता। माना जाता है कि अक्षय तृतीया का दिन व्यक्ति को अनंत सुख और समृद्धि की प्राप्ति करता है। इस दिन जितने पुण्य किए जाए उतने हमें हमारे लिए कम है।

जैन धर्म में भी अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण तिथि है। इस दिन भगवान ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) ने एक वर्ष की तपस्या के बाद गन्ने के रस से पारणा किया था, इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# रैंकिंग में भारत के फिसलने के मायने

देश की अर्थव्यवस्था को लेकर हाल में आई एक खबर ने बहस छेड़ दी है-अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ताजा रैंकिंग में भारत छठे स्थान पर खिसक गया है। यह वही भारत है, जिसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सच में भारत कमजोर हो रहा है या यह केवल आंकड़ों का खेल है?

> भारत का छठे स्थान पर जाना एक झटका जरूर है, लेकिन इसे संकट के रूप में देखना जल्दबाजी होगी। यह एक चेतावनी भी है कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में केवल तेजी से बढ़ना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि मुद्रा स्थिरता और सटीक आंकड़ों की भी उतनी ही अहम भूमिका है।

आईएमएफ के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के अनुसार, 2025-26 के अनुमानों में भारत की जीडीपी लगभग 4.15 ट्रिलियन डॉलर रहने की संभावना है, जबकि ब्रिटेन 4.26 ट्रिलियन डॉलर के साथ एक पायदान ऊपर पहुंच गया है। इससे भारत छठे स्थान पर चला गया। अमेरिका और चीन पहले दो स्थानों पर बने हुए हैं, जबकि जर्मनी, जापान और ब्रिटेन भारत से आगे हैं। पहली नजर में यह गिरावट चिंता पैदा करती है, लेकिन गहराई से देखने पर तस्वीर कुछ अलग नजर आती है। यह बदलाव विकास दर में गिरावट के कारण नहीं, बल्कि गणना के तरीके और मुद्रा के उतार-चढ़ाव से जुड़ा है।

जीडीपी की वैश्विक तुलना अमेरिकी डॉलर में होती है। यही वह बिंदु है, जहां भारत को झटका लगा। पिछले एक साल में भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ है- 93 के पार पहुंचना इसका संकेत है।



राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

इसे सरल भाषा में समझें। मान लीजिए भारत में उत्पादन और आय बढ़ रही है, लेकिन रुपया कमजोर हो रहा है। ऐसे में जब उसी उत्पादन को डॉलर में बदला जाएगा, तो उसकी वैल्यू कम दिखाई देगी। यानी असल में अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय तुलना में वह छोटी दिखने लगती है। यही कारण है कि भारत की जीडीपी डॉलर में कम आंकी गई और रैंकिंग नीचे खिसक गई।

भारत सरकार ने हाल ही में जीडीपी मापने के लिए बेस ईयर को 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया है। यह एक तकनीकी, लेकिन बेहद अहम बदलाव है। बेस ईयर बदलने का मतलब है कि अब अर्थव्यवस्था को नए डेटा और नए मानकों के आधार पर मापा जा रहा है। इससे आंकड़े ज्यादा सटीक होते हैं, लेकिन जब पुराने वर्षों की जीडीपी को नए तरीके से दोबारा कैलकुलेट किया गया, तो कुछ सेक्टरों में अनुमान कम हो गए। इस बदलाव से नॉमिनल जीडीपी में करीब दो से चार प्रतिशत तक की कमी दिखी।

यहां सबसे दिलचस्प पहलू सामने आता है। एक तरफ भारत 6.5% की दर से बढ़ रहा है, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज है। दूसरी तरफ उसकी रैंकिंग गिर रही है। विकास दर और कुल जीडीपी का आकार दो अलग चीजें हैं। विकास दर बताती है कि अर्थव्यवस्था कितनी तेजी से बढ़ रही है, जबकि जीडीपी का आकार दर्शाता है कि कुल अर्थव्यवस्था कितनी बड़ी है। भारत तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी अमेरिका, चीन, जर्मनी जैसे देशों की तुलना में उसका कुल आकार छोटा है। ऐसे में यदि मुद्रा कमजोर हो जाए या आंकड़ों में बदलाव हो जाए, तो रैंकिंग प्रभावित होना स्वाभाविक है।

ब्रिटेन ने इस बार भारत को पीछे छोड़ दिया है। इसके पीछे दो प्रमुख कारण हैं-पहला, ब्रिटेन की मुद्रा अपेक्षाकृत स्थिर रही; दूसरा, वहां के आर्थिक आंकड़ों में ऐसा कोई बड़ा संशोधन नहीं हुआ जैसा भारत में हुआ। यानी जहां भारत को रुपये की कमजोरी और बेस ईयर बदलाव का दोहरा झटका लगा, वहीं ब्रिटेन अपेक्षाकृत स्थिर बना रहा।

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह गिरावट स्थायी नहीं है। इसके पीछे कोई बुनियादी आर्थिक कमजोरी नहीं है। भारत की खपत, निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास मजबूत स्थिति में हैं। भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत उसकी घरेलू मांग है। इसके अलावा सरकार का इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर, डिजिटल इकोनॉमी का विस्तार और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सुधार इसे आगे बढ़ा रहे हैं। आईएमएफ का अनुमान है कि यदि यही रफ्तार बनी रही, तो भारत 2027-28 तक फिर से चौथे स्थान पर पहुंच सकता है।

भारत के सामने अब दो बड़ी चुनौतियां हैं- मुद्रा को स्थिर रखना और आर्थिक सुधारों की गति बनाए रखना। रुपये की स्थिरता के लिए मजबूत निर्यात, विदेशी निवेश और वित्तीय अनुशासन जरूरी होगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# शारीरिक और मानसिक आघात पहुंचाने वाली बातों को भूलना श्रेयस्कर

कभी-कभी जीवन में ऐसी घटना हो जाती है कि उससे इंसान स्थायी रूप से क्रोधी हो जाता है। जब कभी उस घटना की याद आती है, तो क्रोध का पारा सातवें आसमान पर चढ़ जाता है। ऐसी ही घटना भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के साथ हो गया था। थे तो वे ऋषि, जिसका काम ज्ञान देना था, लेकिन परशुराम के साथ राजा सहस्रार्जुन से युद्ध की कथा भी महाभारत ग्रंथ में उल्लिखित है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

सहस्रार्जुन राजा होकर अपने दायित्व से च्युत हो जाता है। ज्ञान के भंडार परशुराम के पिता जमदग्नि की हत्या तथा उनके आश्रम के पेड़ पर्यावरण संरक्षण पद्धति को नष्ट करता है। पेड़-पौधों को उजाड़ देने पर परशुराम ने बदला लिया, जो स्वाभाविक है। सनातन संस्कृति में वृक्षों को भगवान का दर्जा दिया गया है। धार्मिक कार्यों में संकल्प के दौरान 'वनस्पतयः शांतिः' का उल्लेख किया गया है। यानी वनस्पतियों की रक्षा करनी चाहिए। सहस्त्रार्जुन राजा होकर हिंसा पर उतारू हो गया, जबकि महाभारत के शांति पर्व में भीष्म ने युधिष्ठिर से कहा भी है कि लोकहित में ऋषि अपने ज्ञान एवं तपोबल तथा राजा अपने बाहुबल से प्रजा को सुख, शांति तथा उल्लास प्रदान करे।

चाणक्य भी इसी तरह की व्यवस्था के हिमायती थे। इसमें जो भी अपने दायित्व से विचलित होता है, वह दंड का भागीदार होता है। इन्हीं कारणों से परशुराम क्रोधी स्वभाव के हो गए। जब सीता स्वयंवर में शिव का धनुष टूटने पर परशुराम ने क्रोध किया, तो लक्ष्मणजी ने 'लखन कहेउ हंसि सुनहु मुनि क्रोध पाप कर मूल, जेहि बस जन अनुचित करहिं चरहिं बिस्व प्रतिकूल' रामचरितमानस के दोहे में गोस्वामी तुलसीदास ने क्रोध को अनुचित बताया है।

यह क्रोध करने वाले के तन-मन पर बुरा प्रभाव डालता है। यदि जीवन में किसी ने कुछ अहित कर दिया, तो उसको भुलाने की सलाह दी जाती है। अंततः परशुराम जी का जब सामना मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम से हुआ, तो परशुरामजी ने अपना क्रोध त्याग दिया। जिन कारणों से शारीरिक एवं मानसिक आघात पहुंचे, उधर ध्यान ही नहीं देना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# मर्द जब रोता है, तब अक्सर बहुत देर हो चुकी होती है!

मर्द रोता नहीं और जब रोता है, तब अक्सर बहुत देर हो चुकी होती है। यह वाक्य केवल एक संवाद नहीं है; यह एक सामाजिक प्रशिक्षण का सार है। लड़कों को बचपन से जिस ढंग से गढ़ा जाता है, वही आगे चलकर उनकी भावनात्मक दुनिया, व्यवहार और उनके आत्मबोध को आकार देता है।



घर में जब छोटा लड़का गिरकर रोता है तो अक्सर उसे कहा जाता है 'चुप हो जाओ, लड़के रोते नहीं।' स्कूल में उसे सिखाया जाता है कि वह मजबूत बने, प्रतियोगिता जीते, हार को छिपाए। खेल के मैदान में उसे दर्द सहने की आदत डालने को कहा जाता है। किशोरावस्था में उसे यह संकेत मिलता है कि संवेदनशीलता आकर्षक नहीं, सफलता और नियंत्रण ही सम्मान दिलाते हैं। यह सब मिलकर एक भावनात्मक अनुशासन बनाता है, जो धीरे-धीरे व्यक्ति की पहचान का हिस्सा बन जाता है।



सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

मनोवैज्ञानिक शोध बताते हैं कि प्रारंभिक समाजीकरण व्यक्ति की भावनात्मक शब्दावली को प्रभावित करता है। यदि बचपन में भावनाओं को व्यक्त करने की अनुमति सीमित हो, तो वयस्क होने पर व्यक्ति उन्हें पहचानने और साझा करने में कठिनाई महसूस करता है। यही कारण है कि अनेक पुरुष अपनी बेचैनी, तनाव या अवसाद को स्पष्ट रूप से पहचान नहीं पाते।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि वयस्क आबादी में अवसाद और चिंता विकार व्यापक हैं। पुरुषों में पदार्थ-निर्भरता और शराब उपयोग विकार की दर महिलाओं की तुलना में अधिक पाई गई है, जबकि उपचार तक पहुंचने वाले पुरुषों का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम है। यह अंतर केवल चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता का नहीं, बल्कि सामाजिक धारणाओं का भी परिणाम है, जहां सहायता मांगना अक्सर कमजोरी माना जाता है।

वैश्विक स्तर पर भी यही पैटर्न दिखाई देता है। अनेक देशों में पुरुष मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग कम करते हैं, जबकि जोखिमपूर्ण व्यवहार अधिक देखा जाता है।

समाज पुरुष से यह अपेक्षा करता है कि वह आत्मनिर्भर, स्थिर और भावनात्मक रूप से अडिग रहे। इसी अपेक्षा के कारण सहायता मांगना कई बार उसके आत्मसम्मान के विरुद्ध प्रतीत होता है।

भारतीय संदर्भ में यह अपेक्षा और जटिल हो जाती है। परिवार संरचना में पुरुष को अक्सर आर्थिक स्तंभ के रूप में देखा जाता है। कमाई, स्थिरता और सामाजिक प्रतिष्ठा उसकी पहचान का हिस्सा बन जाती है। यदि रोजगार अस्थिर हो, आय घटे या आर्थिक दबाव बढ़े, तो संकट केवल आर्थिक नहीं रहता, वह आत्मबोध का संकट बन जाता है।

ग्रामीण भारत में यह दबाव कृषि अस्थिरता, ऋण और बाज़ार जोखिम से जुड़ता है, जबकि शहरी संदर्भ में प्रतिस्पर्धात्मक कार्यसंस्कृति, अस्थायी रोजगार और लगातार तुलना इसे और तीव्र बना देती है। दोनों ही स्थितियों में पुरुष का आत्ममूल्य उपलब्धियों से बंध जाता है, और भावनात्मक जीवन पीछे छूट जाता है, लेकिन यह केवल अर्थव्यवस्था का प्रश्न नहीं है; यह उस सांस्कृतिक मस्कुलैरिटी का प्रश्न है, जिसे समाज पीढ़ियों से निर्मित करता आया है। अकादमिक रूप से इसे 'हेजेमोनिक मस्कुलिनिटी' कहा जाता है, जिसमें शक्ति, नियंत्रण और भावनात्मक कठोरता को आदर्श पुरुषत्व माना जाता है।

समाज एक आदर्श पुरुष छवि निर्मित करता है। मजबूत शरीर, नियंत्रित भावनाएं और कमज़ोरी का अभाव। फिल्मों, खेल, विज्ञापनों और अब डिजिटल मीडिया में यह छवि लगातार दोहराई जाती है। धीरे-धीरे यह छवि केवल आदर्श नहीं रहती, बल्कि सामाजिक मानक बन जाती है। यहीं से मर्दानगी का निर्माण शुरू होता है। घर की भाषा से, जहां आंसू को शर्म से जोड़ा जाता है; स्कूल की संस्कृति से, जहां लड़कों को कठोरता के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और साथियों के व्यवहार से, जहां संवेदनशीलता को उपहास का विषय बनाया जा सकता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



**आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ 9% बढ़ा**

**मुंबई।** मार्च 2026 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के दौरान आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ 9 .28 प्रतिशत बढ़कर 14,755 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में उसने 13,502 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।



## बिजनेस ब्रीफ

### अक्षय तृतीया पर ओला इलेक्ट्रिक ने की 50,000 तक के लाभ की पेशकश

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने शनिवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर 'ओला सोना वीकेंड' पेशकश की घोषणा की है, जिसके तहत कंपनी अपने इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो पर ग्राहकों को 50,000 रुपये तक के लाभ दे रही है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि भारत के सबसे शुभ त्योहारों में से एक के उपलक्ष्य में ग्राहकों के पास ''ओला सोना'' जीतने का अवसर भी होगा। यह एक सीमित संस्करण वाला स्कूटर है जिसमें असली 24 कैरेट सोने की परत वाले तत्व लगाए गए हैं।इसके अतिरिक्त, कंपनी ने बताया कि वह अपने जेन 3 एस1 एक्स (2 किलोवाट-घंटा) और रोडस्टर एक्स (2.5 किलोवाट-घंटा) को मात्र 49,999 रुपये में उपलब्ध करा रही है। साथ ही, पूरे उत्पाद पोर्टफोलियो पर ग्राहकों को अधिकतम 50,000 रुपये तक के लाभ भी दिए जा रहे हैं। ये ऑफर केवल 18 और 19 अप्रैल को ही मान्य हैं।

### एचडीएफसी बैंक का शुद्ध लाभ 8% बढ़कर 20,351 करोड़ पर

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को बताया कि बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 8 .04 प्रतिशत बढ़कर 20,350 .76 करोड़ रुपये रहा। मुंबई मुख्यालय वाले इस बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि में 18,834 .88 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था। देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता का चौथी तिमाही का एकल शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 9 .11 प्रतिशत बढ़कर 19,221 .05 करोड़ रुपये हो गया। इससे पिछली दिसंबर 2025 तिमाही में बैंक ने 18,653 .75 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### एसुस के ड्रॉप जोन नेटवर्क में अब 22 और स्टोर शामिल

**मुंबई।** एसुस इंडिया ने उसकी ड्रॉप जोन पहल को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया के मद्देनजर इस कार्यक्रम का विस्तार 22 अतिरिक्त स्टोर्स तक कर दिया है। ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए शुरू की गयी ड्रॉप जोन पहल के तहत ग्राहक अब सर्विस के लिए अपने लैपटॉप सीधे एसुस एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर जमा कर सकते हैं। ताइवानी कंपनी एसुस की भारतीय इकाई की शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि यह विस्तार खास तौर पर ग्राहकों की पहुंच, सर्विसिंग में लगने वाले समय और ट्रैकिंग से जुड़ी परेशानियों को कम करने के लिए किया गया है, विशेष रूप से उभरते शहरों में। दूसरे चरण के तहत ड्रॉप जोन नेटवर्क का विस्तार दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में किया गया है।

# 12,980 करोड़ की सॉवरेन गारंटी समुद्री जोखिमों से कवर रहेंगे जहाज

## केंद्र सरकार ने 'भारत मैरीटाइम इंश्योरेंस कोष' बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शनिवार को लगातार समुद्री बीमा कवरेज की सुविधा के लिए 12,980 करोड़ रुपये की सॉवरेन गारंटी के साथ एक घरेलू बीमा योजना 'भारत मैरीटाइम इंश्योरेंस कोष' (बीएमआई कोष) बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

यह कोष सुनिश्चित करता है कि भारतीय व्यापार को किसी भी अंतरराष्ट्रीय मूल से भारतीय बंदरगाहों तक और इसके विपरीत माल ले जाने वाले जहाजों के लिए सस्ती बीमा सुविधा मिलती रहे, भले ही वे अस्थिर समुद्री गलियारों से गुजर रहे हों।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। सरकार ने भारतीय ध्वज वाले या भारतीय नियंत्रण वाले जहाजों, अथवा भारत आने वाले या भारत से जाने वाले जहाजों के लिए सॉवरेन गारंटी द्वारा समर्थित भारत समुद्री बीमा कोष के गठन को मंजूरी दी है।



● भारत समुद्री बीमा कोष भारतीय ध्वज वाले और भारत के नियंत्रण वाले जहाजों के लिए होगा : अश्विनी वैष्णव

वैष्णव ने कहा कि भारत समुद्री बीमा कोष भारतीय ध्वज वाले जहाजों और भारत के नियंत्रण वाले जहाजों के लिए होगा... यह 10 साल के लिए होगा। उन्होंने आगे कहा कि विदेशी बीमा कंपनियों पर हमारी निर्भरता कम होगी और हम विदेशी मुद्रा को बाहर जाने से भी रोक सकेंगे। यह कोष सभी तरह के समुद्री जोखिमों को कवर करेगा।

बीमा पॉलिसियां उन बीमाकर्ताओं द्वारा जारी की जाएंगी, जो इस कोष की सदस्य होंगी। इसके लिए कोष की संयुक्त अंडरराइटिंग क्षमता का उपयोग किया जाएगा, जो लगभग 950 करोड़ रुपये होगी। बयान में कहा गया कि यह घरेलू बीमा कोष वैश्विक अस्थिरता और भू-राजनीतिक अस्थिरता की चुनौतियों से निपटेगा और भारतीय जहाजों की बाहरी बीमा निर्भरता को कम करेगा। वैश्विक अस्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के कारण समुद्री व्यापार प्रभावित हुआ है, जिससे माल और जहाजों के नुकसान का जोखिम बढ़ गया है।

इसके चलते बीमा लागत बढ़ी है और बीमा की हर वक्त उपलब्धता को लेकर भी अनिश्चितता पैदा हुई है। बयान में कहा गया कि ऐसे हालात में प्रतिबंधों या भू-राजनीतिक तनाव के कारण व्यापार की निरंतरता और संप्रभुता बनाए रखने के लिए समुद्री जोखिम से संबंधित एक घरेलू कोष की आवश्यकता थी।

## उत्तर प्रदेश में 6,500 रुपये प्रति टन पर आलू खरीद को मंजूरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में 6,500.90 रुपये प्रति टन के बाजार हस्तक्षेप मूल्य पर 20 लाख टन आलू की खरीद को मंजूरी दी है। इस पर सरकारी खजाने से 203.15 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह कदम विभिन्न राज्यों में किसानों को मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचने से बचाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। एक अलग निर्णय में, केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में चना खरीद की सीमा 94,500 टन से बढ़ाकर 1.13 लाख टन कर दी है। कर्नाटक में मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत अरहर की खरीद की अवधि 15 मई तक बढ़ा दी गई है।

## टेमी टी की 'फर्स्ट फ्लश' चाय ने 27,000 रुपये प्रति किलो की कीमत हासिल कर बनाया रिकॉर्ड

**गंगटोक।** सिक्किम के सरकारी स्वामित्व वाले टेमी टी एस्टेट की 'फर्स्ट फ्लश' ऑर्गेनिक चाय ने चालू सत्र में 27,000 रुपये प्रति किलोग्राम की रिकॉर्ड कीमत हासिल की है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार अपनी कोमल सुगंध और उत्कृष्ट गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध फर्स्ट फ्लश चाय की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत मांग की उम्मीद है। प्रारंभिक खेपों की खुली बोली में खरीददारों से अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, जबकि बाद की खेपों में भी अच्छा उत्साह देखा जा रहा है। इस समय बगान में ताजी पत्तियों की तुड़ाई और प्रीमियम किस्मों जैसे ऑर्थोडॉक्स ब्लैक टी और ऊलॉन्ग टी का उत्पादन जारी है। इस कीमत का श्रेय सावधानीपूर्वक की जाने वाली तुड़ाई प्रक्रिया को दिया गया है।

# वैश्विक संकेतों से शेयर बाजार को सहारा, सेंसेक्स-निफ्टी में बढ़त

**कारोबार डेस्क**

अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति वार्ता की उम्मीदों, मजबूत होते रुपये और कच्चे तेल की नरम कीमतों ने इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार को सहारा दिया। इन सकारात्मक वैश्विक संकेतों से निवेशकों का भरोसा बढ़ा और बाजार में खरीदारी का माहौल बना। सप्ताह के अंत तक बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों में करीब 0 .65 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

### सकारात्मक रहा रुख

पूरे सप्ताह बाजार का रुख सकारात्मक रहा। एफएमसीजी, मेटल और ऑयल एंड गैस सेक्टर में एक से तीन प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई। इसके विपरीत, आईटी सेक्टर अपेक्षाकृत कमजोर बना रहा। व्यापक स्तर पर खरीदारी के चलते विभिन्न सेक्टर्स में मजबूती देखने को मिली।

बड़े सूचकांकों की तुलना में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में करीब 1.27 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स में लगभग 1.48 प्रतिशत की तेजी आई। यह बाजार में बढ़ती भागीदारी और निवेशकों के जोखिम लेने के रुझान को दर्शाता है।

### निवेशकों का बदलता रुख

निवेश प्रवाह की बात करें तो विदेशी संस्थागत निवेशकों (FII) ने लगातार बिकवाली के बाद सप्ताह के अंतिम तीन सत्रों में खरीदारी की, हालांकि कुल मिलाकर करीब 250 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी रही। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशक (DII) सप्ताह के अंत में मुनाफावसूली करते नजर आए और लगभग 6,300 करोड़ रुपये निकाले।

### सतर्क आशावाद

कुल मिलाकर, बेहतर वैश्विक संकेत, कच्चे तेल की नरम कीमतें और संतुलित निवेश प्रवाह ने बाजार में सतर्क आशावाद का माहौल बनाया है। फिलहाल गिरावट का जोखिम सीमित नजर आ रहा है, जबकि धीरे-धीरे तेजी की संभावनाएं मजबूत होती दिख रही हैं।

### विशेषज्ञों की राय

विश्लेषकों के अनुसार, इस सप्ताह बाजार में धीरे-धीरे लेकिन स्थिर रिकवरी देखने को मिली। वैश्विक माहौल में सुधार और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों के सेंटिमेंट को मजबूती दी। हालांकि सतर्कता बनी हुई है, लेकिन गिरावट पर खरीदारी बाजार को सहारा दे रही है।

# तेल और गैस की खोज को डेटा आधारित करने की दिशा में बढ़ा भारत: पुरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भारत की ओर से खनिज तेल और गैस के क्षेत्र में डेटा (सूचना) और उसमें भागीदारी को प्रोत्साहित किये जाने के कदमों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत अंधेरे में हाथ मारने की जगह, सूचना आधारित खोज के लिए तैयार है।

उन्होंने समुद्र मंथन - राष्ट्रीय अपतटीय मिशन के तहत विस्तारित उत्खनन एजेंडा के संदर्भ में हाइड्रोकार्बन (खनिज तेल-गैस) महानिदेशालय (डीजीएच) द्वारा आयोजित डेटा संचालित उत्खनन पर एक सम्मेलन को लेकर सोशल मीडिया पर एक टिप्पणी में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत अब उत्खनन के क्षेत्र में अंधेरे में खोज करने के दौर से आगे बढ़ रहा है और डेटा के आदान प्रदान के एक साहसिक बहु-ग्राहक मॉडल को अपना रहा है जिसमें अधिकाधिक लोगों को सूचनाओं की व्याख्या करने, नवाचार करने और खोज करने का अवसर मिलता है।



● डेटा के आदान-प्रदान के लिए अपनाया जा रहा साहसिक बहु-ग्राहक मॉडल

उन्होंने कहा कि इससे उत्खनन एवं उत्पादन को अनिश्चितता के क्षेत्र के रूप में माने जाने वाले दृष्टिकोण में निर्णायक रूप से बदलाव आ रहा है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि समुद्र मंथन के साथ, ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी खोज को पूरा करने के लिए खुलेपन, सहयोग और अत्याधुनिक विज्ञान के माध्यम से भारत की विशाल अपतटीय क्षमता को सामने लाया जा रहा है।

## अक्षय तृतीया पर बढ़ेगी भौतिक और डिजिटल सोने की मांग: विश्लेषक

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विश्लेषकों का कहना है कि रविवार को मनाई जाने वाली अक्षय तृतीया के अवसर पर भौतिक सोने की खरीद के साथ-साथ लचीले और पारदर्शी सोने में निवेश के विकल्प भी लोकप्रिय बने रह सकते हैं, क्योंकि निवेशकों का रुझान अब सोने के आधुनिक विकल्पों की ओर स्पष्ट रूप से बढ़ रहा है।

अक्षय तृतीया को पारंपरिक रूप से सोना खरीदने का शुभ अवसर माना जाता है, लेकिन विश्लेषकों के अनुसार निवेशकों की भागीदारी धीरे-धीरे बदल रही है और वे पारंपरिक भौतिक खरीद के साथ-साथ वित्तीय निवेश विकल्पों में भी बढ़ती रुचि दिखा रहे हैं।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी विश्लेषक मानव मोदी ने कहा कि हम सोने में निवेश करने के तरीके में धीरे-धीरे बदलाव देख रहे हैं। अक्षय तृतीया जैसे अवसरों पर भौतिक खरीद अभी भी महत्वपूर्ण है, लेकिन लचीले और पारदर्शी निवेश विकल्पों में रुचि लगातार बढ़ रही है।

# गोल्ड लोन लेने से पहले जान लें जरूरी बातें





**कारोबार डेस्क**

गोल्ड लोन इन दिनों जरूरत पर पैसे जुटाने का एक आसान विकल्प बन गया है। अचानक पैसों की जरूरत पर लोग अपने सोने के गहने बैंक या फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखकर तुरंत लोन ले लेते हैं। इसकी विशेषता यह है कि आपको पैसे भी मिल जाते हैं और जमा किये गये सोने का स्वामित्व भी आपके पास ही रहता है। फिर भी गोल्ड लोन लेने से पहले कुछ जरूरी बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए-



### रिस्क भी समझें

- अगर समय पर नहीं चुकाया तो बैंक सोने को नीलाम कर सकता है।
- मार्केट में सोने की कीमत गिरती है तो बैंक एक्स्ट्रा पैसा जमा करने को कह सकता है।
- अधिकतर बैंक 18-24 कैरेट के गहने या प्रमाणित सिक्के ही लेते हैं।
- 3 साल के लिए मिलता है ये लोन।

### कैसे मिलता है गोल्ड लोन

- गोल्ड लोन असल में एक सिक्योर्ड लोन होता है, यानी इसमें आपको अपने सोने को गिरवी रखना पड़ता है।
- इसलिए बैंक या लोन देने वाली कंपनी पहले सोने की शुद्धता, वजन और बाजार में उसकी मौजूदा कीमत को चेक करता है।
- ऐसे में गोल्ड लोन लेने से पहले सोने के मौजूदा दाम के बारे में जानकारी फायदेमंद रहती है। हां कागज के रूप में पते का सबूत काफी होता है।

**आसानी से समझें**

### लोन लेने से पहले चेक करें-

- लोन लेने से पहले बैंक से लोने की ब्याज दर, प्रोसेसिंग फीस और अन्य चार्ज के बारे में भी अच्छे से समझ लेना जरूरी होता है।
- लोन लेने से यह भी तय करना जरूरी है कि आप लोन कैसे चुकाएंगे।
- कुछ लोग हर महीने EMI के रूप में किस्त देना पसंद करते हैं। जबकि, कुछ लोग पूरे समय केवल ब्याज भरते हैं और आखिर में मूल रकम चुका देते हैं। अपनी आय और खर्च के हिसाब से सही ऑप्शन चुनना जरूरी होता है, ताकि समय पर लोन चुकाया जा सके।
- **गोल्ड लोन की सबसे जरूरी बात, यानी गिरवी रखे गये सोने की सुरक्षा**
-गिरवी रखे गए सोने को भरोसेमंद बैंक या फाइनेंस कंपनी सुरक्षित वॉल्ट में रखती है और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होती है। इसलिए हमेशा ऐसी संस्था से ही लोन लेना चाहिए जिसका रिकॉर्ड अच्छा हो।

### समय पर चुकाएं किस्त

- सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लिए गये लोन की किस्त समय पर चुकाई जानी चाहिए। ऐसा करने से अतिरिक्त ब्याज या पेनल्टी से बचा जा सकता है। साथ ही आपकी क्रेडिट हिस्ट्री भी अच्छी बनी रहती है और क्रेडिट स्कोर बढ़ता रहता है। सही जानकारी और समझ के साथ लिया गया गोल्ड लोन मुश्किल समय में आपका सच्चा साथी हो सकता है और आपका सोना भी सुरक्षित रहता है।

### ब्याज दरें

- प्रत्येक बैंक या फाइनेंस कंपनी की अपनी ब्याज दरें होती हैं। ये 8.75% से 11% या उससे अधिक भी तक हो सकती हैं। ऐसे में पहले ही ब्याज और अन्य छिपे हुए चार्जेज की जानकारी कर लें।
- खास बात ये कि लोन आपके सोने के मूल्य का 75% तक ही मिलता है।

### काम की बात

- बार-बार लोन के लिए इंक्वायरी न करें। वरना आपका सिबिल स्कोर गिर जाएगा और आपको अधिक ब्याज पर लोन मिलेगा। बार-बार इंक्वायरी पर सिस्टम को लगता है कि आप केवल कर्ज पर ही निर्भर हैं। ऐसे में समस्या हो सकती है। समझदारी से काम लेंगे तो आपका सोना आपका सच्चा दोस्त बन जाएगा।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# ममता को सत्ता से हटाएं वरना हमसे बंगाल छीन लेंगे बांग्लादेशी मुसलमान : हिमंत

**कोलकाता, एजेंसी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार पर राज्य के संसाधनों को बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों के हवाले करने का आरोप लगाया। उन्होंने शनिवार को कहा कि ममता को सत्ता से हटाना होगा, वरना हम बंगाल को गंवा देंगे।

श्रीशर्मा ने कालिम्पोंग में एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि असम और त्रिपुरा की भाजपा सरकारों ने बांग्लादेशी मुसलमानों को भारत में घुसने से रोका है, जबकि बंगाल में अवैध घुसपैठ जारी है। उन्होंने कहा- ममता बनर्जी ने बंगाल का पूरा खजाना बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों के लिए आरक्षित कर दिया है। उन्होंने वोट के लिए इस भूमि को बांग्लादेशी मुसलमानों को बेच दिया। आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद से बनर्जी ने पूरे बंगाल को बर्बाद कर दिया है।



● असम के मुख्यमंत्री ने कालिम्पोंग में जनसभा में लोगों की अपील

हमें ममता बनर्जी को बंगाल के मुख्यमंत्री पद से हटाना होगा, अन्यथा एक दिन बांग्लादेशी मुसलमान हमसे यह राज्य छीन लेंगे। उन्होंने कहा कि जैसे ही बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी, हम इस क्षेत्र से सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर कर देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में सत्ता में आने पर गोरखालैंड मुद्दे का संवैधानिक समाधान तलाशेगी और गोरखाओं के लिए न्याय सुनिश्चित करेगी।

शर्मा ने कूचबिहार के दिनहाटा में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए इस बात का जिक्र किया कि तृणमूल कांग्रेस ने उनके खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी ने उन पर बनर्जी के खिलाफ सांप्रदायिक रंग वाली, भड़काऊ और विभाजनकारी टिप्पणियां करने का आरोप लगाया है।

## सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है बंगाल में बोले योगी आदित्यनाथ

**कूच बिहार/जलपाईगुड़ी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के माथाभांगा और धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लेकर कड़ा प्रहार किया और राज्य की ममता बनर्जी सरकार को घेरते हुए कहा कि "सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले विधेयक को पास नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि यह देश की आधी आबादी का अपमान है और इसे महिलाएं कभी स्वीकार नहीं करेंगी। योगी ने टीएमसी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी केवल मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करती है और अन्य वर्गों की अनदेखी करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था कमजोर है, उद्योग बंद हो रहे हैं और बेरोजगारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच रहा और टीएमसी के गुंडे संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

## कोलकाता में हथियार बरामद, एक हिरासत में

**कोलकाता, एजेंसी।** विधानसभा के लिए दो चरणों में होने वाले मतदान से कुछ दिन पहले कोलकाता पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने शहर में हथियार और गोली-बारूद का जखीरा बरामद कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसटीएफ के कर्मियों ने संदेह के आधार पर राजा बाजार साइंस कॉलेज के पास एक बस स्टैंड के निकट बैग लेकर जा रहे एक व्यक्ति को रोका। तलाशी के दौरान उसके पास से 'सिंगल-शॉट' वाले छह आग्नेयास्त्र और 14 कारतूस बरामद किए गए।

# भाजपा का पतन शुरू हो गया : ममता

● महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक पारित नहीं होने पर चुनावी रैली में बोलीं मुख्यमंत्री

**हावड़ा, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने संबंधी संविधान संशोधन विधेयक को संसद के निचले सदन में पारित करने में विफल रहने के बाद भाजपा का पतन शुरू हो गया है। हावड़ा के उलुबेरिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा पराजित हो चुकी है और केवल अपने सहयोगियों के समर्थन से ही सत्ता में बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का पतन शुरू हो गया है। हमने भाजपा को हरा दिया है। उनके पास अपने दम पर बहुमत नहीं है। वे दूसरों के समर्थन से सत्ता में बने हुए हैं। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया था। परिसीमन के लिए भाजपा के दबाव बनाने को लेकर, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि वह (भाजपा) देश को बांटना चाहती है। अपनी पार्टी द्वारा महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि तृणमूल की लोकसभा में 36 प्रतिशत और राज्यसभा में 46 प्रतिशत सदस्य महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमारे जैसी कोई दूसरी पार्टी नहीं है। भाजपा को हमसे सीखना चाहिए। मैं 1998 से महिला आरक्षण के लिए संघर्ष कर रही हूं।



पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

## बंगाल में पत्रकारों को 5,000 रुपये मासिक भत्ता देंगे: भाजपा

**कोलकाता, एजेंसी।** भाजपा ने शनिवार को घोषणा की कि पार्टी अगर पश्चिम बंगाल में सत्ता में आयी तो वह राज्य में पत्रकारों के लिए 5,000 रुपये का मासिक भत्ता शुरू करेगी। कोलकाता प्रेस क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने कहा कि इस योजना का लाभ सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मिलेगा। भट्टाचार्य ने कहा- पत्रकारों में भेदभाव नहीं होगा, यह योजना पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी लोगों पर लागू होगी।

## उदयनिधि ने केंद्र पर लगाया तमिलनाडु को अनुदान नहीं देने का आरोप

**गोबिचेट्टीपलायम, एजेंसी।** तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर राज्य के लिए अनुदान जारी नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि उसने तमिलनाडु के अधिकारों को छीन लिया है। पश्चिमी इरोड जिले के गोबिचेट्टीपलायम में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) की युवा शाखा के प्रमुख स्टालिन ने दावा किया कि केंद्र ने शिक्षा के लिए लगभग 3,000 करोड़ रुपये की राशि जारी नहीं की है। स्टालिन कहा कि उन्होंने (केंद्र सरकार ने) हमारे सभी अधिकार छीन लिए हैं।

केंद्र के परिसीमन प्रस्ताव के संबंध में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन देश में इस कदम के खिलाफ आवाज उठाने वाले पहले व्यक्ति थे। उन्होंने यह दावा भी किया कि लोकसभा में विपक्ष के विरोध के कारण बहुमत न मिलने से विधेयक खारिज हो गया, जो ''इंडिया'' गठबंधन के लिए बड़ी जीत है।

## तृणमूल के अलावा किसी भी अन्य पार्टी को वोट देना भाजपा को वोट देने के बराबर : अभिषेक बनर्जी

**मुर्शिदाबाद, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को यहां एक चुनावी रैली में कहा कि तृणमूल के अलावा किसी भी पार्टी को वोट देना भाजपा को वोट देने के बराबर है। मुर्शिदाबाद, ऐतिहासिक रूप से कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा है। उन्होंने फरक्का में रोड शो के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि जहां भाजपा कांग्रेस को तोड़ रही है, वहीं तृणमूल जमीनी स्तर पर भाजपा के प्रभाव को कम कर रही है। बनर्जी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। दावा किया कि पिछले दो वर्षों में कांग्रेस का कोई भी सांसद या प्रतिनिधि जनता की मांगों को पूरा करने के लिए उनके साथ खड़ा नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस, आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर और केंद्रीय एजेंसियां, भाजपा की तीन एजेंसियां हैं, जो इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि जहां गरीब और अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं विपक्षी दल समुदाय की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं।



## वर्ल्ड ब्रीफ

### भारतीय हज यात्रियों का पहला जत्था सऊदी अरब पहुंचा

**जेद्दा।** सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि वार्षिक हज यात्रा के तहत भारतीय हज यात्रियों का पहला जत्था शनिवार को सऊदी अरब पहुंच गया। सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा, भारतीय हज यात्रियों के पहले जत्थे का मदीना हवाई अड्डे पर भारतीय राजदूत डॉ. सुहेल एजाज खान और महावाणिज्यदूत फहद सूरी तथा हज मंत्रालय के उप मंत्रियों प्रोफेसर अब्दुलअजीज ए. वज्जान और इंजीनियर अयाद अब्दुल रहमान रहबिनी और अन्य वरिष्ठ सऊदी अधिकारियों ने स्वागत किया। दूतावास ने बताया कि खान ने मदीना हवाई अड्डे पर सुविधाओं का निरीक्षण किया और हज यात्रियों की सहायता कर रहे भारतीय समुदाय के स्वयंसेवकों से मुलाकात की।

### आईआईटी खड़गपुर के परिसर में छात्र का लहूलुहान शव मिला

**कोलकाता।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईटीआई) खड़गपुर के 21 वर्षीय एक छात्र का शव परिसर में खून से लथपथ मिला। मृतक की पहचान अहमदाबाद निवासी इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के छात्र जयवीर सिंह डोरिया के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी हॉल के निकट सुबह में छात्र का शव पड़ा पाया और इसके बाद उन्होंने संस्थान के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। छात्र को तुरंत बीसी रॉय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि छात्र ने छात्रावास की इमारत की आठवीं मंजिल से छलांग लगाई होगी। पोस्टमॉर्टम के बाद मौत के सटीक कारण का पता चल सकेगा।

### सीबीआई ने रिश्वत ले रहे दिल्ली के डाक अधीक्षक को दबोचा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शनिवार को राजधानी में एक डाक अधीक्षक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। डाक अधीक्षक ट्रांसफर रोकने के लिए 10,000 रुपये की रिश्वत ले रहा था। एजेंसी ने बताया कि उसने 17 अप्रैल को मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने शिकायतकर्ताओं से दूसरी शाखा में स्थानांतरण को रोकने और उनकी छुट्टी मंजूर करने के लिए 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। आरोपी ने इसमें से 10,000 रुपये का भुगतान स्वीकार करने पर सहमति जताई थी। जेंसी ने उसी दिन जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया।

## बरेली में दिखा दुर्लभ गिद्ध



### पत्थर से अंडे को तोड़ने वाला पक्षी

मेहमान परिंदे की यह तस्वीर सन सिटी विस्तार से हमारे एक सुधी पाठक ने भेजी है। ये दुर्लभ पक्षी किशोर अवस्था का इजिप्शियन वल्चर (मिस्री सफेद गिद्ध) है, शुरुआत में जिसके पंख भूरे दिखते हैं और वयस्क होने पर सफेद हो जाते हैं। इसके साथ उन पर काले निशान भी उभर आते हैं, बुद्धिमत्ता के लिए पहचाने जाने वाला यह पक्षी पत्थरों का उपयोग कर बड़े अंडे तोड़ने की क्षमता रखता है, हालांकि अब ये प्रजाति विलुप्त होने के कगार पर है। अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) ने इसे गंभीर संकटग्रस्त श्रेणी में रखा है। भारत के अलावा दक्षिण एशिया, यूरोप और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में ही अब इसकी मौजूदगी शेष रह गई है।

## जी 20 उपग्रह को अगले साल प्रक्षेपित किए जाने की उम्मीद

**हैदराबाद।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने शनिवार को कहा कि जलवायु और वायु प्रदूषण का अध्ययन करने तथा मौसम की निगरानी करने के लिए डिजाइन किए गए जी20 उपग्रह को 2027 में प्रक्षेपित किए जाने की उम्मीद है।

इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया में डीआरडीओ, इसरो और एयरोनॉटिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए डॉ. नारायणन ने यह भी कहा कि भारत पहला देश है जिसने एक ही रॉकेट का उपयोग करके 100 से अधिक उपग्रहों को सफलतापूर्वक स्थापित किया है।

## पहलगाम में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए अब क्यूआर पहचान प्रणाली

**पहलगाम, एजेंसी**

- पिछले साल हुए आतंकवादी हमले से सबक लेते हुए प्रशासन ने लागू किए सुरक्षा उपाय

जम्मू कश्मीर में अधिकारियों ने पहलगाम में पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर सभी पर्यटन सेवा प्रदाताओं के लिए एक विशिष्ट क्यूआर कोड आधारित पहचान प्रणाली शुरू की है। पहलगाम पिछले साल लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के हमले से 26 लोगों के मारे जाने के बाद दहल गया था।

अधिकारियों के मुताबिक इस प्रणाली से वास्तविक और पंजीकृत सेवा प्रदाताओं का आसानी से सत्यापन हो सकेगा, जिसमें व्यापारिक प्रतिष्ठान और बाहरी विक्रेता शामिल हैं। इस पहल को लोकप्रिय पर्यटन रिसॉर्ट में आने वाले लोगों का भरोसा वापस लाने के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है, जहां पिछले साल 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। एक अधिकारी ने कहा, हर सेवा प्रदाता की पुलिस ने जांच की है, अधिकारियों ने उसे पंजीकृत किया है और उसे एक विशिष्ट क्यूआर कोड दिया गया है जिसमें उस व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी और अन्य विवरण होगा।

अधिकारियों ने कहा कि जब पर्यटक अपने फोन से कोड स्कैन करते हैं, तो वे उस व्यक्ति के बारे में पूरी जानकारी देख सकते हैं। यह पहल उचित और पंजीकृत पहचान प्रणाली के रूप में कार्य करती है जो धोखाधड़ी को रोकेगी और सुनिश्चित करेगी कि कोई अनधिकृत व्यक्ति पर्यटन से जुड़े होने का दावा न कर रहा है।

# ट्रंप की बयानबाजी ने बिगाड़ा खेल, ईरान का तंज- न युद्ध जीत पाए, न वार्ता में सफल होंगे

### गालिबाफ ने लगाया एक घंटे में सात झूठ बोलने का आरोप, बोले- होर्मुज हमारे पूर्ण नियंत्रण में

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बयानबाजी और दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि इस रणनीतिक जलमार्ग पर नियंत्रण पूरी तरह उसके हाथ में है और अमेरिकी नाकेबंदी जारी रहने पर इसे खुला नहीं रखा जाएगा। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाक़िर गालिबाफ़ ने ट्रंप के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक घंटे में सात दावे किए और सभी झूठे थे। इन झूठों से वे युद्ध नहीं जीत पाए और बातचीत में भी सफल नहीं होंगे।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच पर दावा किया था कि ईरान ने जलडमरूमध्य को कभी बंद न करने पर सहमति जताई है और अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी तब तक जारी रहेगी जब तक ईरान के साथ उसकी बातचीत पूरी नहीं हो जाती। उन्होंने यह भी कहा था कि युद्धविराम वार्ता तेजी से आगे बढ़नी चाहिए। गालिबाफ ने इन दावों का खंडन करते हुए कहा कि जलडमरूमध्य से आवाजाही निर्धारित मार्ग और ईरानी अनुमति के तहत ही होगी तथा इसके खुले या बंद रहने का फैसला जमीनी हालात तय करेंगे, न कि सोशल मीडिया। उन्होंने अमेरिका पर सैन्य कार्रवाई के दौरान दुष्प्रचार का सहारा लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि मीडिया युद्ध और जनमत को प्रभावित करना युद्ध का हिस्सा है, लेकिन ईरानी राष्ट्र इससे प्रभावित नहीं होगा। इस बीच ईरान ने अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी का हवाला देते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य को एक बार फिर बंद कर दिया है।

ईरानी सशस्त्र बलों ने कहा कि होर्मुज पर नियंत्रण अपनी पूर्व स्थिति में लौट आया है और यह अब सख्त निगरानी में रहेगा। ईरान के खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय ने कहा कि पूर्व में सद्भावना के तहत हुई वार्ताओं के अनुसार ईरान ने सीमित संख्या में तेल टैंकरों और वाणिज्यिक जहाजों को नियंत्रित तरीके से गुजरने की अनुमति दी थी। उन्होंने अमेरिका पर समुद्री डकैती और लूट जैसे कृत्यों का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार प्रतिबद्धताओं के उल्लंघन के कारण ईरान ने फिर से कड़ा नियंत्रण लागू कर दिया है।



इजराइल-लेबनान में संघर्षविराम के बाद यहां से विस्थापित हुए लोगों ने लौटना शुरू कर दिया है।

### ईरान ने होर्मुज में हमारे टैंकर पर गोलीबारी की: ब्रिटेन

**काहिरा।** ब्रिटेन की सेना ने शनिवार को कहा कि ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड की दो गनबोट ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक टैंकर पर गोलीबारी की। ईरान की ओर से होर्मुज पर प्रतिबंध फिर से लागू करने की घोषणा के बाद यह घटना हुई। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर ने कहा कि टैंकर को कोई नुकसान नहीं हुआ और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं।

### ट्रंप का एलान- ईरान ने समझौता न किया तो आगे नहीं बढ़ाएंगे संघर्ष विराम

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान के साथ बातचीत से बुधवार तक कोई समझौता नहीं हो पाता है तो वह दोनों देशों के बीच जारी अस्थायी संघर्ष-विराम को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। ट्रंप के इस बयान ने फिर से सैन्य कार्रवाई की आशंका पैदा कर दी है। रिपोर्टों के मुताबिक अमेरिका और ईरानी प्रतिनिधिमंडल सोमवार को शांति वार्ता के दूसरे दौर की बैठक में शामिल होने वाले हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की है। ट्रंप ने यह भी भरोसा जताया कि दोनों पक्ष समझौते पर पहुंचने के करीब हैं। इस बीच लेबनान में चल रहे 10 दिवसीय संघर्ष विराम के पहले 24 घंटे काफी हद तक प्रभावी रहे।

### ईरान से लौटे आसिम मुनीर

**इस्लामाबाद।** अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष को सुलझाने की कोशिशों के तहत पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की ईरान की तीन दिवसीय यात्रा समाप्त हो गई है। मुनीर बुधवार को तेहरान पहुंचे और आठ अप्रैल को ईरान एवं अमेरिका के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते पर सहमति बनने के बाद देश का दौरा करने वाले वह पहले विदेशी सैन्य नेता बन गए।

## घर और पार्टी में भी घिरे ट्रंप रिपब्लिकन सांसदों ने गिराया फिसा नवीनीकरण बिल

**वॉशिंगटन, एजेंसी**



- 20 से ज्यादा रिपब्लिकन सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर किया मतदान
- व्हाइट हाउस के पूरा जोर लगाने के बाद भी नहीं पारित हो पाया विधेयक

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उस समय अपनी ही पार्टी के भीतर दुर्लभ विरोध का सामना करना पड़ा, जब रिपब्लिकन सांसदों ने फॉरेन इंटेलिजेंस सर्विलांस एक्ट (फिसा) के नवीनीकरण को रोक दिया। इस घटनाक्रम से न सिर्फ सदन अध्यक्ष माइक जॉनसन को बड़ा झटका लगा, बल्कि पार्टी में ट्रंप के प्रभाव पर भी सवाल खड़े हो गए, क्योंकि अब तक अधिकांश मामलों में रिपब्लिकन सांसदों ने उनके समर्थन में एकजुटता दिखाई थी।

व्हाइट हाउस की भरसक कोशिशों के बावजूद 20 से ज्यादा रिपब्लिकन सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर मतदान किया और विधेयक पारित होने की प्रक्रिया को रोक दिया। इस असफलता के बाद पार्टी नेतृत्व को मजबूरन इस निगरानी कार्यक्रम के लिए 10 दिन का अस्थायी विस्तार लागू करना पड़ा, जो अंतिम विकल्प था। यह घटनाक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि ट्रंप, जो आमतौर पर प्रमुख मतदानों में पार्टी को एकजुट रखने में सफल रहते हैं, इस बार असंतुष्ट सांसदों को मनाने में विफल रहे।

जॉनसन के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि उनकी रणनीति काफी हद तक ट्रंप के प्रभाव पर निर्भर रही है। प्रशासन ने सांसदों को मनाने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास किए थे। इसमें ब्रीफिंग आयोजित करना, सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ को सीधे सांसदों से संवाद के लिए लाना और हाउस परिसर के पास एक अस्थायी सुरक्षित सुविधा स्थापित करना शामिल था, ताकि सदस्य आसानी से गोपनीय जानकारी देख सकें।

### धारा 702 पर विवाद

विवाद के केंद्र में फिसा की धारा 702 है, जिसका उपयोग अमेरिकी खुफिया एजेंसियां विदेशी लक्ष्यों की निगरानी के लिए करती रही हैं। फिसा पर बहस लंबे समय से रिपब्लिकन पार्टी के भीतर राष्ट्रीय सुरक्षा समर्थक धड़े और निजता पर जोर देने वाले धड़े के बीच विभाजन का कारण रही है। इस बार यह मतभेद इतना गहरा रहा कि समय रहते सहमति नहीं बन पाई।

## एआई करता है डेटा का विश्लेषण

# आपका जीवन कितने दिन क्रेडिट कार्ड को सब पता





लोग जरूर यही सोचते होंगे कि क्रेडिट या डेबिट कार्ड सिर्फ पैसे चुकाने का एक जरिया है, लेकिन डेटा की दुनिया में आपका कार्ड आपके व्यक्तित्व का सबसे बड़ा एक्स रे है। आप कहां खाते हैं, क्या पहनते हैं और कब बीमार पड़ते हैं, यह सब आपके कार्ड को पता है। यहां तक कि कुछ बीमा कंपनियां और बैंक आपके कार्ड के डेटा से यह तक अंदाजा लगा लेते हैं कि आपकी सेहत कैसी रहेगी और आप कितने साल तक जीवित रह सकते हैं।

### कैसे होता है यह सबकुछ

- एआई आपके पिछले 12 महीनों के खर्च को देखकर यह बता सकता है कि आप अगले महीने कौन सा बड़ा खर्चा करने वाले हैं।
- आप मॉल में कार्ड स्वाइप करते हैं तो डेटा केवल पैसों का नहीं जाता। आपकी लाइफस्टाइल लोकेशन का मैप भी बन जाता है।
- इसके जरिए बैंक को पता होता है कि आप हफ्ते में कितनी बार बाहर खाना खाते हैं और किस तरह के ब्रांड्स आपको पसंद हैं।
- बैंक आपका डेटा मार्केटिंग कंपनियों को बेचते हैं, आपको उन चीजों के मेल आने लगते हैं जिन्हें आपने कभी सर्च भी नहीं किया।





### ऐसे खुलती हैं आपके व्यक्तित्व की परतें

- अगर आप अचानक बहुत ज्यादा सेल्फ हेल्प किताबें खरीदने लगें या जिम की मेंबरशिप छोड़ दें तो बैंक का एआई समझ जाता है कि आप शायद मानसिक तनाव या आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। इससे आपका क्रेडिट स्कोर प्रभावित हो सकता है, भले आपने बिल समय पर भरा हो।
- हर ट्रांजैक्शन के साथ एक कोड जुड़ा होता है। अगर आप अक्सर फास्ट फूड आउटलेट्स पर अपना कार्ड ज्यादा स्वाइप करते हैं तो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां आपको हाई रिस्क श्रेणी में डाल सकती हैं, क्योंकि आपका डेटा उन्हें बताता है कि आपकी डाइट सेहत के लिए खराब है।
- आपके कार्ड में वाईफाई जैसा निशान सुविधा तो है लेकिन खतरा भी। जेबकतरे आपके बिना कार्ड छुए पास से गुजरकर आपके कार्ड की जानकारी चुरा सकते हैं। इसी तरह जब आप किसी स्टोर का को ब्रांडेड कार्ड लेते हैं तो उसे आपके बैंकिंग पैटर्न की अनुमति मिल जाती है।

### कब होगा तलाक, ये भी पता

अमेरिका में हुई एक स्टडी के अनुसार, क्रेडिट कार्ड कंपनियों ने डेटा के जरिए 85% सटीकता से यह पता लगा लिया था कि किन दंपतियों का तलाक होने वाला है। आधार सिर्फ यह था कि उन दंपतियों ने मैरिज काउंसलिंग या नए अपार्टमेंट के डिपॉजिट के लिए कार्ड स्वाइप करना शुरू कर दिया था। आपका कार्ड आपके रिश्तों के बारे में भी जानता है।

### एक्सपर्ट टिप्स

- ऐसा बटुआ खरीदें जिसमें आरएफआईडी प्रोटेक्शन हो। यह बाहर से आने वाली रेडियो तरंगें ब्लॉक कर देता है ताकि कोई आपके कार्ड को बिना छुए स्कैन न कर सके।
- अपने बैंक एप में जाकर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और कॉन्टैक्टलेस पेमेंट के ऑप्शन को हमेशा बंद रखें। कोई जरूरत पड़ने पर ही उसे ऑन करें, वह भी सिर्फ दो मिनट के लिए।
- हर महीने अपना बैंक स्टेटमेंट जरूर चेक करें। अक्सर छोटे-छोटे पचास पैसे या एक रुपये के ट्रांजेक्शन होते हैं जो बॉट्स चेक करने के लिए करते हैं कि कार्ड एक्टिव है या नहीं।
- दवाओं और डॉक्टर की फीस जैसी बहुत ज्यादा निजी खरीदारी के लिए नकद का इस्तेमाल करना बेहतर रहेगा। यह आपकी मेडिकल प्राइवेसी को एआई की नजरों से दूर रखेगा।

## छत्तीसगढ़: धर्मांतरण कराने पर 20 साल तक की सजा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जबरन, प्रलोभन या भय के माध्यम से किए जाने वाले धर्मांतरण पर रोक लगाने के उद्देश्य से पारित छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 अब कानून बन गया है। राज्यपाल रमेन डेका की ओर से हस्ताक्षर किए जाने के बाद अधिनियम को राजपत्र में प्रकाशित कर शनिवार को लागू कर दिया गया। इसमें 20 साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

- विधानसभा में पारित हुआ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026

विधानसभा में यह विधेयक 19 मार्च को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रस्तुत किया था, जिसे विस्तृत चर्चा के बाद पारित किया गया। इसमें विवाह को धर्मांतरण का आधार नहीं माना गया है और विवाह के बाद भी निर्धारित प्रक्रिया का पालन आवश्यक होगा। अवैध धर्मांतरण के सामान्य मामलों में 7 से 10 वर्ष तक की सजा और न्यूनतम 5 लाख रुपये जुर्माना तय किया गया है। महिलाओं, एससी-एसटी, नाबालिगों जैसे विशेष वर्ग के मामलों में 10 से 20 वर्ष कारावास और न्यूनतम 10 लाख रुपये जुर्माना निर्धारित है। सामूहिक धर्मांतरण में 10 वर्ष से आजीवन कारावास तथा न्यूनतम 25 लाख रुपये जुर्माना लगाया जा सकेगा। लोक सेवक द्वारा अपराध करने पर 10 से 20 वर्ष की सजा और 10 लाख रुपये तक जुर्माना, जबकि धन के माध्यम से धर्मांतरण कराने पर 10 से 20 वर्ष कारावास और 20 लाख रुपये तक जुर्माना का प्रावधान है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में नेतृत्व के नए अवसर प्राप्त होंगे। परिवारजनों का पूरा सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला** — आज आर्थिक दृष्टि से मजबूत स्थिति बनेगी। नए अवसरों से परिपूर्ण दिन है। महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**वृष** — आज बड़े निवेश के निर्णय सोच-समझकर लें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। कार्य योजनाबद्ध तरीके से पूरे होंगे।

**वृश्चिक** — आज शाम तक स्थिति में सुधार होगा। लाभ के संकेत मिलेंगे। कार्यों में प्रारंभिक रुकावट आ सकती है।

**मिथुन** — आज नए और लाभकारी संपर्क बनेंगे। व्यापारियों को विशेष लाभ होगा। शाम तक सुखद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**धनु** — आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। नए कार्यों की शुरुआत के लिए शुभ समय है। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — आज कार्यक्षेत्र में धीरे-धीरे प्रगति होगी। आर्थिक दृष्टि से स्थिति सामान्य रहेगी। मानसिक शांति के लिए ध्यान करें।

**मकर** — आज कार्य निर्धारित समय पर पूरे होंगे। योजनाएं सफलतापूर्वक कार्यान्वित होंगी। धैर्य से सभी कार्य सिद्ध होंगे।

**सिंह** — आज कार्यों में सफलता निश्चित है। आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं। सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आज अधीनस्थ कर्मचारियों पर आप प्रसन्न रहेंगे। समाज सेवा में अत्यधिक सक्रिय रहेंगे। व्यापार को लेकर अत्यधिक प्रयासरत रहेंगे।

**कन्या** — आज दिन भर व्यस्तता रहेगी। आपकी योजना सफलतापूर्वक कार्यान्वित होगी। कार्यक्षेत्र में प्रयासों को मान्यता मिलेगी।

**मीन** — आज लंबी दूरी की यात्रा आपको नहीं करनी चाहिए। प्रबंधन संबंधी कार्यों में परेशानी हो सकती है। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com





**आज की ग्रह स्थिति :** 19 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- शुक्ल पक्ष, द्वितीया 10 .49 तक तत्पश्चात तृतीया।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-भरणी 07 .10 तक तत्पश्चात कृत्तिका 20 अप्रैल 04 .35 तक तत्पश्चात रोहिणी।

### सुडोकू - 123 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 2 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 4 | 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 7 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 1 | 8 | 5 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 2 | 7 | 4 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |

### सुडोकू -124

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 2 | | | 8 |
| 1 | | | | 3 | | | 2 | |
| | | 7 | 9 | | | 4 | | |
| 5 | | | | | | | 1 | |
| 2 | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | 6 | | |
| | | 2 | | | 1 | 7 | | |
| | 4 | | | 8 | | | | 5 |
| 6 | | | 7 | | | 2 | | |

## लेबनान में शांति सेना पर हमले में फ्रांस के एक सैनिक की मौत

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि शनिवार सुबह दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर हुए हमले में एक फ्रांसीसी सैनिक की मौत हो गई, तीन घायल हो गए।

मैक्रों ने बताया कि मृतक सैनिक की पहचान मोंटौबन के 17वें पैराशूट इंजीनियर रेजिमेंट के स्टाफ सार्जेंट फ्लोरियन मोंटोरियो के रूप में हुई है। मैक्रों ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा, सभी संकेत यही बताते हैं कि इस हमले की जिम्मेदारी हिज्बुल्ला की है। फ्रांस की मांग है कि लेबनानी अधिकारी दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करें और दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

**संबोधन**

### कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ के कार्यक्रम में बोले न्यायमूर्ति सूर्यकांत

# एआई से घबराएं नहीं, सतर्कता के साथ इस्तेमाल करें : सीजेआई

**बेंगलुरु, एजेंसी**

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को आगाह करते हुए कहा कि न्यायपालिका में तकनीक को अपनाने के साथ-साथ इसकी अंतर्निहित सीमाओं की स्पष्ट समझ होनी चाहिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से आह्वान किया कि वे एआई से घबराएं नहीं, बल्कि सतर्कता के साथ इसका इस्तेमाल करें।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने जोर दिया कि तकनीक का इस्तेमाल केवल एक सहायक के रूप में किया जाना चाहिए, न कि एक विकल्प के रूप में। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में एआई का इस्तेमाल संतुलन के साथ होना चाहिए जिससे काम की गति और दक्षता बढ़े, लेकिन साथ ही न्याय के मूल सिद्धांत में मानवीय बुद्धि, अनुभव और संवैधानिक विवेक को पूरी तरह संरक्षित किया जाना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ द्वारा आयोजित न्यायिक अधिकारियों के 22वें द्विवार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जिसका विषय 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में न्यायपालिका की पुनर्कल्पना' था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आपको एआई को लेकर घबराना नहीं चाहिए। जब आपके सामने कोई ऐसा मामला आता है जिसमें बहुत जटिल तथ्य और कानून के पेचीदा सवाल शामिल हों, तो आप क्या करते हैं। ऐसे मामलों में निर्णय लेते समय व्यक्ति ज्यादा गहराई से सोचता है, धैर्य रखता है और अंत में निर्णय लेने पर उसे संतोष की भावना भी महसूस होती है।

उन्होंने कहा, जब हम एआई प्रौद्योगिकी का उपयोग सावधानी और जागरूकता के साथ करना शुरू करेंगे, तो यही परिणाम देखने को मिलेगा, बशर्ते यह सुनिश्चित किया जाये कि आपके भीतर का न्यायाधीश स्वतंत्र बना रहे और तकनीक से प्रभावित न हो। इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार तथा कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विभू बखरू समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



### मूल पहचान को खोए बिना खुद को बदलना होगा

सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका में तकनीक को अपनाने के साथ इसकी अंतर्निहित सीमाओं की स्पष्ट समझ होनी चाहिए। उन्होंने ऐसी प्रणालियों द्वारा उत्पन्न होने वाली अशुद्धियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हाल में एआई मंचों द्वारा मनगढ़ंत मिसालें, गलत उद्धरण और पूरी तरह से काल्पनिक कानूनी प्रस्ताव तैयार किए जाने के उदाहरण सामने आए हैं। ये भ्रामक जानकारी मामूली तकनीकी खामियां नहीं हैं। ये न्यायिक प्रक्रिया की बुनियाद पर प्रहार करती हैं, जो सटीकता, प्रामाणिकता और विश्वास पर टिकी है। अगर इन्हें रोका न गया तो ये गुमराह कर सकती हैं, कानूनी दलीलों को तोड़मरोड़ सकती हैं और परिणामों को गलत दिशा दे सकती हैं।



> जब मुझे आना पड़ा तो उस समय मैं तैयार ही नहीं था। पावरप्ले के आखिरी दो ओवर में मैं शॉट्स खेलने की कोशिश कर सकता था। केएल के पास अधिकतर स्ट्राइक रही और उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स लगाए जिससे मोमेंटम हमारे साथ रहा। मैंने सोचा कि यदि वह अच्छा खेल रहे हैं तो मैं उन्हें स्ट्राइक देता रहूं।
> –ट्रिस्टन स्टब्स


# स्टेडियम

मुरादाबाद, रविवार, 19 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

लखनऊ सुपर जाएंट्स
बनाम
पंजाब किंग्स
समय - दोपहर 3:30 बजे

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
समय - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–283 रन
- शुभमन गिल गुजरात–251 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु–247 रन

### पर्पल कैप



- अंशुल कंबोज चेन्नई – 13 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 11 विकेट
- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु– 10 विकेट

### हाईलाइट

#### फुटबॉल कोच की तरह हैं आशीष नेहरा : हरभजन सिंह

**मुंबई।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा फुटबॉल कोच की तरह है और उन्होंने टीम में एकजुटता भरी है। हरभजन ने जियोस्टार से कहा कि खिलाड़ियों से नेहरा का लगातार संवाद और खेल की गहरी समझ ने गुजरात टाइटंस की सफलता में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा आशीष नेहरा अकेला ऐसा इंसान है जो कहीं भी, कभी भी माहौल को सहज बना सकते हैं। वह जहां भी जाते हैं, अपने आसपास सभी लोगों को सहज बना देते हैं। मैचों के दौरान नेहरा की भूमिका के बारे में हरभजन ने कहा वह फुटबॉल कोच की तरह है। कभी भी शांत नहीं बैठता।

#### हताशा का दृढ़ता से किया सामना : रबाडा

**अहमदाबाद।** पिछले सत्र की निराशा के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस को जीत दिलाने वाले तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने इस सफर को 'हताशा' से 'दृढ़ता' का बताया है। रबाडा मनोरंजक दवा के सेवन से जुड़े निलंबन के कारण पिछले सत्र में अधिकांश मैच नहीं खेल सके थे। उन्होंने केकेआर के खिलाफ 29 रन देकर तीन विकेट चटकाये जिसकी मदद से उनकी टीम ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। रबाडा ने मैच के बाद कहा पिछला सत्र काफी निराशाजनक था खासकर इस तरह के शानदार सेटअप में। गुजरात की टीम बहुत ही शानदार है।

# आखिरी ओवर में डेविड मिलर के तूफान से आरसीबी की उम्मीदों पर फिरा पानी

## आईपीएल-2026 : एक गेंद रहते दिल्ली कैपिटल्स की रोमांचक जीत



डेविड मिलर।

**बेंगलुरु, एजेंसी**

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद केएल राहुल (57) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 60) की अर्धशतकीय पारियों और डेविड मिलर की आखिरी ओवर में तूफानी शॉट की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शनिवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को छह विकेट से शिकस्त दी।

सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट की 38 गेंद में 63 रन की आक्रामक पारी के बावजूद कैपिटल्स ने आरसीबी को आठ विकेट पर 175 रन पर रोकने के बाद 19.5 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। कैपिटल्स के लिए राहुल ने 34 गेंद की पारी में दो छक्के और छह चौके लगाए। टीम के 18 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद उन्होंने स्टब्स के साथ चौथे विकेट के लिए 44 गेंद में 69 रन की साझेदारी की।

इसके बाद स्टब्स ने कप्तान अक्षर पटेल (26 रन पर रिटायर हर्ट) के साथ 35 गेंद में 47 रन की अटूट साझेदारी की। अक्षर चोटिल होने के कारण 16वें ओवर में रिटायर हर्ट हो गए। स्टब्स ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंद की नाबाद पारी में एक छक्का और चार चौके जड़े, जबकि डेविड मिलर (नाबाद 22) ने आखिरी ओवर में लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि कृणाल पंड्या ने 24 रन देकर एक विकेट हासिल किया। सॉल्ट ने अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए, लेकिन अक्षर पटेल (18 रन पर दो विकेट), कुलदीप यादव (32 रन पर दो विकेट) और लुंगी एनगिडी (39 रन पर दो विकेट) ने अन्य बल्लेबाजों को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। मुकेश कुमार को भी एक सफलता मिली। सॉल्ट ने पहले विकेट के लिए विराट कोहली (19) के साथ 31 गेंद में 52 रन और दूसरे विकेट के लिए देवदत्त पडिक्कल (18) के साथ 29 गेंद में 47 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई, लेकिन 11वें ओवर में उनके आउट होने के बाद टिम डेविड (17 गेंद में 26 रन) के अलावा कोई भी बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना सका। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स को भुवनेश्वर कुमार ने अपने शुरुआती दो ओवर में तीन झटके दिए।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**175/8 (20 ओवर)**

| | |
|---|---|
| फिल सॉल्ट का स्टब्स बो कुलदीप | 63 |
| विराट कोहली का निसंका बो एनगिडी | 19 |
| देवदत्त पडिक्कल का मिलर बो अक्षर | 18 |
| रजत पाटीदार का राहुल बो मुकेश | 08 |
| टिम डेविड का नटराजन बो अक्षर | 26 |
| जितेश शर्मा का मिलर बो एनगिडी | 14 |
| रोमारियो शेफर्ड पगबाधा कुलदीप | 01 |
| कृणाल पंड्या रन आउट | 12 |
| रसिक सलाम नाबाद | 00 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 03 |

**अतिरिक्त :** 11, **विकेट पर :** 175 रन विकेट पतन : 1–52, 2–99, 3–105, 4–131, 5–146 6–149,7–172

कुल योग : 20 ओवर में आठ विकेट पर : 175 रन विकेट पतन : 1–52, 2–99, 3–105, 4–131 , 5–146 6–149,7–172 गेंदबाजी : नबी 3–0–36–0, मुकेश 4–0–32–1, एनगिडी 4–0–39–2 , कुलदीप 4–0–32–2, नटराजन 2–0–16–0, अक्षर 3–0–18–2

### दिल्ली कैपिटल्स

**179/4 (19. 5 ओवर)**

| | |
|---|---|
| पथुम निसंका पगबाधा भुवनेश्वर | 01 |
| लोकेश राहुल का कोहली बो कृणाल | 57 |
| करुण नायर का सॉल्ट बो भुवनेश्वर | 05 |
| समीर रिजवी का जितेश बो भुवनेश्वर | 02 |
| टिस्ट्रन स्टब्स नाबाद | 60 |
| अक्षर पटेल रिटायर हर्ट | 26 |
| डेविड मिलर नाबाद | 22 |

**अतिरिक्त :** 06, **विकेट पतन :** 1–2, 2–16, 3–18, 4–87, 4–134 (अक्षर रिटायर्ड हर्ट) , गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4–0–26–3, हेजलवुड 4–0–38–0, सलाम 4–0–40–0, कृणाल 4–0–24–1, सुयश 3–0–31–0, शेफर्ड 0.5–0–17–0

**57** रनों की पारी में दिल्ली के बल्लेबाज लोकेश राहुल ने छह चौके और दो छक्के लगाए

**03** विकेट भुवनेश्वर ने लिए उन्होंने गेंदबाजी के दौरान किसी को खुलकर खेलने नहीं दिया

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. पंजाब किंग्स | 5 | 4 | 0 | 1 | 9 | 1.067 |
| 2. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 3. राजस्थान रॉयल्स | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 0.889 |
| 4. दिल्ली कैपिटल्स | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.310 |
| 5. गुजरात टाइटंस | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.018 |
| 6. सनराइज़र्स हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | 0.576 |
| 7. लखनऊ सुपर जाएंट्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | –0.804 |
| 8. चेन्नई सुपर किंग्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | –0.846 |
| 9. मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | –1.076 |
| 10. कोलकाता नाइट राइडर्स | 6 | 0 | 5 | 1 | 1 | –1.149 |

## पंत के चोटिल होने से चिंतित एलएसजी के सामने अजेय पंजाब किंग्स की चुनौती

**मुल्लांपुर।** तालिका में शीर्ष पर काबिज पंजाब किंग्स रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में संघर्ष कर रही लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मजबूत बल्लेबाजी पर भरोसा करेगी। लखनऊ की टीम कप्तान ऋषभ पंत की चोट को लेकर भी चिंतित है। पंजाब किंग्स इस सत्र में अब तक एकमात्र अजेय टीम रही है। टीम ने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम का नेट रन रेट 1.067 है, जो उसकी दमदार बल्लेबाजी और सधे हुए लक्ष्य–पीछा करने की क्षमता को दर्शाता है। पंजाब ने 2025 सत्र से अब तक लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने पिछले 11 में से नौ मुकाबले जीते हैं, जो उसके दबदबे की बानगी है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ हालिया जीत में भी यह झलक साफ दिखी। मेजबान टीम की इस रफ्तार को रोकने के लिए एलएसजी को असाधारण प्रदर्शन करना होगा। अंक तालिका में फिलहाल सातवें स्थान पर मौजूद एलएसजी लगातार दो हार के बाद दबाव में है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मुकाबले में कप्तान ऋषभ पंत की कोहनी में लगी चोट ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं।



### केकेआर के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेंगे रॉयल्स

**कोलकाता, एजेंसी :** शानदार फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स पिछले मैच में मिली हार को भुलाकर जीत के लिए तरस रही कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार को आईपीएल के मैच में लय वापिस पाने के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक रॉयल्स और खराब फॉर्म से परेशान केकेआर के बीच यह मुकाबला होगा। राजस्थान ने लगातार चार जीत दर्ज की लेकिन पिछले मैच में उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया। वहीं केकेआर छह मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर कई मौकों पर जीत के करीब पहुंचकर हार गई है जिससे टीम का आत्मविश्वास डगमगा गया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच बारिश में धुलने से उसे एकमात्र अंक मिला है।

## पहले टी-20 में द.अफ्रीका से हारी भारतीय महिला टीम

**डरबन, एजेंसी**

कप्तान लॉरा वोल्वार्ट के अर्धशतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने पहले महिला टी20 क्रिकेट मैच में भारत को छह विकेट से हरा दिया। दो महीने बाद होने वाले टी20 विश्व कप की 'ड्रेस रिहर्सल' मानी जा रही सीरीज के पहले मैच में भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए शुक्रवार को सात विकेट पर 157 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने भारत की दिशाहीन गेंदबाजी का फायदा उठाते हुए लक्ष्य पांच गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। भारतीय गेंदबाजों ने 14 वाइड गेंदें फेंकी।

वोल्वार्ट ने 39 गेंद में 51 रन बनाए। एनेरी डर्कसेन ने 34 गेंद में नाबाद 44 रन बनाए। पांच मैचों की सीरीज का दूसरा मैच आज खेला जाएगा। पिछली चार श्रृंखलाएं जीत चुकी भारतीय टीम के लिए स्पिनर श्रेयांका पाटिल और श्रीचरणी ने प्रभावित किया लेकिन तेज गेंदबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके। अरूंधति रेड्डी की दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने जमकर धुनाई की।



कप्तान लॉरा वोल्वार्ट व स्मृति मंधाना।

### स्मृति मंधाना ने तोड़ा रोहित का रिकॉर्ड

**डरबन।** दक्षिण अफ्रीका और भारत की महिला टीमों के बीच पहले मैच के दौरान, स्मृति मंधाना ने टी 20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारतीय क्रिकेट टीम की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करवा लिया। स्मृति मंधाना के नाम अब 161 मैचों में 30 .31 की औसत और 124 .38 के स्ट्राइक रेट से 4244 रन दर्ज हैं। टी20 में उनके नाम 33 अर्धशतक और एक शतक है। रोहित शर्मा ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिए 159 मैचों में 32 .05 की औसत और 140 .89 के स्ट्राइक रेट से 4231 रन बनाए हैं।

## अभिषेक की तेज शुरुआत के बावजूद हैदराबाद 194 रनों पर थमा

**हैदराबाद, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (59 रन) की शानदार शुरूआत के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद की टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन और अंशुल कंबोज की धारदार गेंदबाजी के सामने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में नौ विकेट पर 194 रन ही बना सकी। अभिषेक और हेनरिक क्लासेन (59 रन) के अर्धशतकों को छोड़ दें तो सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी इकाई ने सीएसके के गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिए।

सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। अभिषेक (22 गेंद) ने 15 गेंद में अपना एक और अर्धशतक पूरा जिससे लग रहा था कि गायकवाड़ का फैसला उल्टा पड़ गया है। लेकिन आमतौर पर थोड़े महंगे साबित होने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी (दो ओवर में 21 रन देकर दो विकेट) ने पावरप्ले की आखिरी दो गेंदों पर ट्रेविस हेड (20 गेंद में 23 रन) और कप्तान ईशान किशन (शून्य) को आउट कर करारे झटके दिए। सनराइजर्स हैदराबाद का स्कोर 5.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 75 रन से अचानक छह ओवर के बाद दो विकेट पर 75 रन हो गया। सीएसके को इसी मौके की तलाश थी। पावरप्ले के बाद के ओवर सनराइजर्स हैदराबाद के के बल्लेबाज़ों के लिए काफी मुश्किल भरे रहे जिसमें सिर्फ क्लासेन (39 गेंद) ने अपना एक और अर्धशतक पूरा कर टीम का स्कोर 200 के करीब पहुंचाने में मदद की। ओवरटन (37 रन देकर तीन विकेट) और कंबोज (22 रन देकर तीन विकेट) ने बीच के और आखिरी ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हुए मेजबान टीम पर पूरी तरह से नकेल कसकर रखी। सनराइजर्स हैदराबाद ने साढ़े चार ओवरों के अंदर अपने चार विकेट नहीं गंवाए होते तो वे आसानी से 225 से 230 रन बना सकते थे।

दस ओवर के बाद टीम का स्कोर चार विकेट पर 112 रन हो गया। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन की क्रिकेट सूझबूझ भी टीम के काम आई। उन्होंने ओवरटन की एक शॉर्ट गेंद पर अभिषेक के खिलाफ रिव्यू की अपील की जो मैच का रुख बदलने वाले फैसलों से एक साबित हुआ। सीएसके के लिए ओवरटन की लेंथ और नूर अहमद (चार ओवर में 33 रन देकर कोई विकेट नहीं) की गेंदबाजी ने क्लासेन और दूसरे बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। नीतीश रेड्डी (12) जैसे भारतीय बल्लेबाज तथा अनकैप्ड खिलाड़ी जैसे अनिकेत वर्मा और सलिल अरोड़ा रन गति नहीं बढ़ा पाए जिससे सारा दबाव क्लासेन पर आ गया। कंबोज की जितनी भी तारीफ की जाए कम है, वह अब 'राउंड द विकेट' से तेज वाइड यॉर्कर फेंकने में माहिर हो गए हैं और इसी तरह की एक गेंद पर क्लासेन बोल्ड हो गए। गुरजपनीत सिंह ने भी 12 डॉट गेंदें फेंकीं।



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते अभिषेक शर्मा। एजेंसी

### सनराइजर्स हैदराबाद

**194/9 (20 ओवर)**

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा का सैमसन बो ओवरटन | 59 |
| ट्रेविस हेड का गायकवाड़ बो चौधरी | 23 |
| ईशान किशन का गायकवाड़ बो चौधरी | 00 |
| हेनरिक क्लासेन बो कंबोज | 59 |
| अनिकेत वर्मा का नूर बो ओवरटन | 02 |
| नीतिश कुमार रेड्डी का शॉर्ट बो ओवरटन | 12 |
| सलील अरोड़ा का ब्रेविस बो गुरजपनीत | 13 |
| लियाम लिविंगस्टन का ब्रेविस बो कंबोज | 01 |
| शिवांग कुमार का गुरजपनीत बो कंबोज | 12 |
| प्रफुल हिंगे नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त :** 13, **विकेट पतन :** 1–75, 2–75, 3–93, 4–112, 5–147, 6–177, 7–179, 8–193, 9–194, **गेंदबाजी :** मैथ्यू शॉर्ट 3–0–38–0, मुकेश चौधरी 2–0–21–2, कंबोज 3–0–22–3, नूर 4–0–33–0, ओवरटन 4–0–37–3, गुरजपनीत 4–0–34–1

**प्रेरणा**

एशियाई चैंपियन पहलवान अभिमन्यु मांडवाल जुटे हैं 2028 के लॉस एंजलिस ओलंपिक की तैयारी में

# मजबूत मानसिकता और निर्भीक रवैया ही सफलता की कुंजी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय पहलवान अभिमन्यु मांडवाल का कहना है कि आधुनिक युग की कुश्ती में मजबूत मानसिकता ही सब कुछ है और वह मानते हैं कि उनकी सबसे बड़ी ताकत उनकी निर्भीक रवैया है। बचपन से ही निर्भीक रवैया उनके अंदर कूट-कूटकर भरा है और अब वह 2028 के लॉस एंजलिस ओलंपिक की तैयारी में जुटे हैं जिसके लिए उन्होंने अपने पसंदीदा 74 किग्रा वर्ग में जाने का फैसला किया है।

इस युवा पहलवान ने हाल में बिश्केक में हुई एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर सफलता की ओर कदम बढ़ाया। स्वर्ण पदक तक पहुंचने के अपने सफर में उन्होंने विश्व चैंपियनशिप के दो पदक विजेताओं को हराया जिनमें 70 किग्रा फाइनल के उनके प्रतिद्वंद्वी मंगोलिया के टोमोर-ओचिरिन तुलगा भी शामिल थे। जगरेब प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने और हाल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 24 साल के इस पहलवान ने अंडर-23 से सीनियर सर्किट में जगह बना ली है। 2026 में मिली इस शुरुआती सफलता का श्रेय वह कुश्ती की गहरी समझ और मानसिक मजबूती को देते हैं।

मांडवाल ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा आपकी मानसिकता मजबूत होनी चाहिए। इसके बिना कुछ भी मुमकिन नहीं है। आप कितनी भी कड़ी ट्रेनिंग क्यों नहीं कर लें, अगर आपकी मानसिकता मजबूत नहीं है तो आप मुक़ाबला नहीं कर सकते। मैं अपने विरोधियों की चिंता नहीं करता। यही मेरी सबसे बड़ी ताक़त है। हरियाणा के इस पहलवान ने बताया कि उनका निर्भीक रवैया उनकी परवरिश से आया है। उनके पिता और चाचा दोनों ही पहलवान थे और वे उन्हें बिना किसी पुरस्कार की परवाह किए मुकाबलों में भेज देते थे।

मांडवाल ने कहा वे बस मुझसे कहते थे कि जाओ, अखाड़े में खड़े हो जाओ और कुश्ती लड़ो। हमने कभी पैसे या स्तर के बारे में नहीं सोचा। इसी तरह मैं निडर बन गया। मैं किसी भी मुकाबले से पहले जरा भी नहीं हिचकिचाता।



भारतीय पहलवान अभिमन्यु मांडवाल।

### वह मुश्किल मुकाबले भी जीत सकता है : कोच

भारत की पुरुषों की फ्रीस्टाइल टीम के मुख्य कोच विनोद कुमार भी इस बात से सहमत हैं। उन्होंने कहा उसमें जबरदस्त इच्छाशक्ति है। ऐसे पहलवान आसानी से नहीं मिलते। वह मुश्किल मुकाबले भी जीत सकता है। मुझे उसकी यह बात सबसे ज्यादा पसंद है। हम उसे और भी बेहतर पहलवान बनाने के लिए सबकुछ करेंगे। भविष्य के बड़े टूर्नामेंट में वह जरूर अच्छा प्रदर्शन करेगा। अब तक गैर ओलंपिक 70 किग्रा वर्ग में खेलने वाले मांडवाल का पूरा ध्यान अब 74 किग्रा वर्ग में जाने पर है। उनका मानना है कि यह वर्ग उनके शरीर और उनके लंबे समय के लक्ष्यों के लिए एकदम सही है जिनमें एशियाई खेल और ओलंपिक शामिल हैं। उन्होंने कहा यही मेरा मुख्य लक्ष्य है। अगर मैं वहां अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया तो फिर इसका कोई मतलब नहीं है। मैं निश्चित रूप से 74 किग्रा वर्ग में खेलूंगा। यह मेरा पसंदीदा वजन वर्ग है। मेरा सामान्य वजन लगभग 74–75 किग्रा है। और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मैं इसे बढ़ाकर लगभग 78 किग्रा तक ले जाना चाहता हूं।

- अंडर-23 से सीनियर सर्किट में बना ली है जगह

## मुश्किल में फंसी केकेआर टीम से जुड़ेंगे मथीशा पथिराना

**कोलकाता।** श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना आखिरकार शनिवार देर रात कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में शामिल हो रहे हैं जिससे टीम का मनोबल बढ़ेगा जो इस समय आईपीएल तालिका में सबसे नीचे चल रही है।

टी20 विश्व कप के दौरान पिंडली में आई चोट से उबरने के बाद पथिराना ने श्रीलंका क्रिकेट द्वारा जरूरी फिटनेस परीक्षण पास कर लिया है और उन्हें एनओसी भी मिल गया है। वह इस समय सफर कर रहे हैं और रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे। हालांकि टीम के एक सूत्र के अनुसार उन्हें तुरंत अंतिम एकादश में शामिल किए जाने की संभावना कम है क्योंकि टीम की मेडिकल टीम उनकी मैच फिटनेस का आकलन करेगी।

## खुलकर खेलने से दूर होंगे मुश्किल के दिन : रहाणे

**अहमदाबाद, एजेंसी**

छह मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी कोलकाता नाइट राइडर्स की प्लेआफ की राह मुश्किल होती जा रही है लेकिन कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टीम से मुश्किल दिनों का सामना करने, खुलकर खेलने और एक समय में एक ही मैच पर फोकस रखने का आग्रह किया है। छह मैचों में से पांच हार चुकी कोलकाता को एकमात्र अंक पंजाब किंग्स के खिलाफ बारिश में धुले मैच से मिला है।

गुजरात टाइटंस से पांच विकेट से मिली हार के बाद रहाणे ने शुक्रवार को कहा इन कठिन दिनों को स्वीकार करने और उनका सामना करने की जरूरत है। हर दिन नया है और हमें एक दूसरे का साथ देते हुए खुलकर खेलना होगा। दस टीमों की लीग में प्लेआफ की उम्मीदें बनाये रखने के लिये कम से कम सात मैच जीतने जरूरी हैं। अब आठ मैच बाकी है और केकेआर को हर हालत में हार से बचना होगा। रहाणे ने कहा हम एक समय पर एक ही मैच के बारे में सोच रहे हैं। हारने पर हालात कठिन होते हैं लेकिन हर कोई पूरी कोशिश कर रहा है।

